राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 123 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



ओड़िसा की प्रतिष्ठित पुरी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सुचरिता मोहंती ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल को लिखे पत्र में उन्होंने पार्टी का टिकट वापस करने की बात कही है।

# मौज नहीं मिशन के लिए पैदा हुआ: पीएम मोदी

● मेरे पास ना साइकिल ना घर, 25 साल में एक पैसे के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**चुनावी सरगर्मी**

▶▶ पांच वर्ष का सुदृढ़ मैप व आगामी पच्चीस साल में विकसित भारत की कल्पना मुख्य विजन : प्रधानमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**मधुबनी:** दरभंगा राज मैदान में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महती सभान को संबोधित किया। भव्य स्वागत कार्यक्रम के बीच चहुंओर मोदी- मोदी आवाज गुंजायमान दिखा- सुना। सभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मैथिली भाषा में कहा कि " राजा जनक माता जानकी कवि विद्यापति केर एहि ऐतिहासिक भूमि कें हम नमन करैत छी"। प्रधानमंत्री मोदी ने महाराजा कामेश्वर सिंह को प्रणाम अभिवादन के साथ भाषण की शुरूआत किया। कहा कि दस वर्ष पूर्व विश्व में भारत देश की अर्थ व्यवस्था ग्यारहवें नम्बर पर था। वर्तमान में देश आर्थिक रूप से समृद्ध बनकर पांचवा स्थान पर है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस चुनाव में पांच वर्ष आगे की विकासोन्मुख पथ की सुदृढ रोड मैप तैयार कर लिया है। विकसित भारत की विजन आगे पच्चीस वर्षों का है। बिहार के सपूत कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सम्मान दिया गया। बिहार देश की राजनीतिक डेग बनकर शुरू से रहा। परन्तु लूट हत्या अपहरण उद्योग के कर्ताधर्ताओं ने बिहार को पीछे धकेलने का काम किया। मोदी-मोदी की निरंतर गुंजती आवाज के बीच बताया कि बिहार में नीतीश बाबू के साथ चल रही एनडीए सरकार सही दिशा- दशा में है। मोदी ने कहा कि जनता मालिक है।सब जानती है। मोदी ने कहा कि बिहार में केन्द्र सरकार द्वारा चालीस लाख लोगों को पक्का घर दिया गया।सवा करोड़ लोगों को गैस कनेक्शन मिला।सभी को अनाज योजना का मासिक लाभ मिल रहा है।कोविद के महासंक्रमण काल में केन्द्र सरकार प्रत्येक लोगों की सुधि लेकर सभी सुविधा देने में तत्परता दिखाया। दरभंगा के भाजपा उम्मीदवार गोपाल जी ठाकुर, मधुबनी के भाजपा प्रत्याशी अशोक यादव ,समस्तीपुर के लोजपा प्रत्याशी साम्भवी चौधरी,जदयू राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा,विधायक संजय सरावगी,मंत्री नीतीश मिश्रा,मंत्री मदन सहनी,विधायक ,विधान पार्षद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। समस्तीपुर के लोजपा प्रत्याशी शम्भवी चौधरी ने प्रधानमंत्री मोदी जी का चरणस्पर्श प्रणाम कर आशीष मंगलकामना ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंच पर पहुंचते राज्यसभा सांसद संजय झा से कुछ बातें करने के बाद आगे बढकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते दिखा।

## 'धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहता है विपक्ष'

**टीम एक्शन इंडिया**
**दरभंगा:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार के शहजादे (तेजस्वी यादव) के पिता (लालू यादव) ने रेल मंत्री रहते हुए मुस्लिमों को आरक्षण से निकालकर रेलवे में उन्हें कोटा देने की मांग की थी। ये एससी, एसटी और ओबीसी का हक छिनकर मुस्लिमों को देना चाहते हैं। धर्म के आधार पर आरक्षण कटेगा तो यादव और कुर्मी जैसे समाज का हक भी बंटेगा।

## लालू परिवार को आगे बढ़ाने में ही लगे रहे : नीतीश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना/मुंगेर:** बिहार में मुंगेर लोकसभा सीट से जदयू उम्मीदवार ललन सिंह के पक्ष में शनिवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जिनको 15 साल (लालू यादव) मौका मिला, उन्होंने कुछ काम नहीं किया और सिर्फ परिवार को ही आगे बढ़ाते रहे।

नीतीश ने हवेली खड़गपुर के खंड बिहारी में राजद सुप्रीमो लालू यादव पर जमकर निशाना साधा।

## शहंशाह हैं पीएम मोदी, जो खुद महल में रहते हैं: प्रियंका गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**
**बनासकांठा:** लोकसभा चुनाव के बीच सत्तारूढ़ दल और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोपों का दौर जारी है। इस बीच कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा है कि पीएम मोदी ऐसे शहंशाह हैं, जो खुद महल में रहते हैं लेकिन जनता के दुख से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। गुजरात के बनासकांठा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा ह्यपीएम मोदी मेरे भाई को शहजादा कहते हैं लेकिन इस शहजादे ने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक लोगों की समस्या सुनने के लिए चार हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा की। इस दौरान वह किसानों और मजदूरों से मिले और उनकी समस्याओं के समाधान पर बातचीत की।

**जनता की परेशानी कैसे समझेंगे महलों में रहने वाले शहंशाह :** इससे पहले गुजरात में ही एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान चाहता है कि भारत का अगला प्रधानमंत्री शहजादे को बनाया जाए। इसके जवाब में प्रियंका ने कहा कि चुनाव भारत में हो रहे हैं और बात पाकिस्तान की हो रही है, देश के प्रधानमंत्री द्वारा निचले स्तर की राजनीति की जा रही है।

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं।- भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं। -विवेकानंद"

## केंद्र ने प्याज के निर्यात से प्रतिबंध हटाया

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: लोकसभा चुनाव के बीच किसानों के लिए खुशखबरी है। केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लागू प्रतिबंध हटा दिया है। इसके साथ ही सरकार ने प्याज के निर्यात का न्यूनतम समर्थन मूल्य 550 डॉलर प्रति टन तय किया है।

## फिर आग की चपेट में पर्यटन नगरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीताल:** नैनीताल जिले में वनाग्नि के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। धारी के मटियाल, पदमपुरी और नैनीताल के खुपार्ताल, देवीधुरा के जंगल में आग से वन संपदा को काफी नुकसान पहुंचा है। मटियाल के गोविंद गुणवंत ने बताया कि पदमपुरी में आग से बांज, चीड़, देवदार के पेड़ जल गए। मुक्तेश्वर, रामगढ़ और धानाचूली के जंगल में लगी आग को वन विभाग और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझा लिया। वहीं बेतालघाट के कोसी रेंज के जंगल में लगी आग शुक्रवार दोपहर बाद बारगल के जंगल में फैल गई। जंगल में लगी आग देर शाम तक नहीं बुझ पाई थी।

## 'किसानों के लिए बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफर होगा'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी को देश के किसानों की खुशहाली के लिए समर्पित बताया और कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर फसल बीमा की राशि सीधे किसानों के खाते में भेजी जाएगी। खड़गे ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से कहा कि किसानों के लिए बीमा



भुगतान का सीधा ट्रांसफर होगा। कांग्रेस गारंटी देती है कि फसल बीमा को खेत और किसान के अनुरूप बनाया जाएगा। किसान से बीमा राशि के अनुसार प्रीमियम लिया जाएगा और सभी दावों का निपटान 30 दिनों के भीतर किया जाएगा।

**दावा**

▶▶ कांग्रेस गारंटी देती है कि फसल बीमा को खेत और किसान के अनुरूप बनाया जाएगा

केंद्र सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पीएम फसल बीमा योजना को प्राइवेट बीमा कंपनी मुनाफा योजना बना दिया और 2016 से अब तक 57,619.32 करोड़ रुपये मुनाफा चंद मुट्ठीभर बीमा कंपनियों को कमवाया।






# नोएडा केवी में 9वीं-11वीं कक्षा के 200 छात्र फेल, अभिभावक चिंतित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-24 स्थित केंद्रीय विद्यालय में बड़ी संख्या में 9 वीं व 11 वीं कक्षा के छात्रों के फेल होने का मामला प्रकाश में आया है। विरोध में अभिभावकों ने प्रधानाचार्य से लेकर केवीएस चेयरमैन, जिलाधिकारी, डीआईओएस को लिखित पत्र जारी कर प्रकरण की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। स्कूल प्रबंधन पर सीधा आरोप है कि खुद की ग्रेडिंग बनाए रखने के लिए करीब 600 मेधावी बच्चों को जानबूझ कर फेल कर दिया गया है। प्रकरण के बाद विरोध जोर पकड़ने पर स्कूल प्रबंधन ने आनन-फानन में फेल होने वाले छात्रों की सप्लीमेंट्री परीक्षा लेकर मामले को दबाने का प्रयास किया, लेकिन फिर भी 200 से अधिक छात्र दोबारा फेल बताए जा रहे हैं। इससे अभिभावकों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

**छात्रों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल :** स्कूल प्रबंधन की शिकायत करने वाले रमेश पाल, सुधीर सिंह, वृजभान सिंह, दिगंबर सिंह, अमित, मोहसिन सैफी, पूरन सिंह, सैय्यद फुरकान, मनीष कुमार, नवीन, सर्वण दास, अतवीर सिंह अभिभावक में शामिल संदीप कुमार ने बताया कि सभी के छात्र केवी में सुबह व शाम की पाली में पढ़ते हैं। 9 वीं व 11 वीं में पढ़ने वाले छात्रों का परीक्षा परिणाम नकारात्मक आने से रो-रो कर बुरा हाल है। कुछ बच्चे तनाव की स्थिति में पहुंच गए है। अब सभी अभिभावक को डर लग रहा है कि उनका बच्चा कोई गलत कदम न उठा ले,



क्योंकि स्कूल प्रबंधन ने बच्चों के साथ भविष्य के साथ खिलवाड़ व भेदभाव किया है।

**तीन नंबर से सैकड़ों बच्चों को किया फेल:** जो बच्चे पढ़ने में बहुत कमजोर थे, उन बच्चों को पास कर स्कूल प्रबंधन ने सांठगांठ कर पास कर दिया, सैकड़ों बच्चों को तीन नंबर से फेल किया गया है। इस साजिश में काफी शिक्षक संलिप्त हैं, ऐसे में स्कूल की पॉलिसी और गाइडलाइंस पर भी सवालिया निशान लगाया है। मांग की है कि जो भी गड़बड़ी हुई है, उसकी जांच निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए। जिन बच्चों को स्कूल प्रबंधन सांठगांठ कर पास कर दिया है। उनकी पारदर्शी तरीके से एक बार फिर से परीक्षा होनी चाहिए। केवी सेक्टर 24 के प्रधानाचार्य खेमेंद्र टोडवाल ने बताया कि मार्च में कक्षा 9 वीं व 11 वीं का परीक्षा परिणाम आया था। काफी संख्या में बच्चे फेल थे। सभी को सप्लीमेंट्री परीक्षा देने का अवसर दिया गया। अप्रैल माह के अंत में आए परीक्षा परिणाम में 200 के आसपास बच्चे फेल हैं।

**कोर्ट के माध्यम से देखो कापी:** अभिभावक संदीप ने बताया सप्ताहभर पहले परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। फेल होने वाले छात्रों और अभिभावकों की ओर से लगातार कापी दिखाने की मांग स्कूल प्रबंधन से की जा रही है लेकिन शिक्षक कापी दिखाने को तैयार ही नहीं हो रहे हैं। स्कूल जाने पर बरगलाया जा रहा है, शिक्षकों से बात करने पर स्टाफ की ओर से वीडियो बनाई जा रही हैं। प्रधानाचार्य को अवगत कराने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, अब प्रधानाचार्य की ओर से अब कोर्ट के माध्यम से कापी देखने की बात कह रहे है।

**ग्रेडिंग के चक्कर में हुआ खेल:** सूत्रों ने बताया कि 10 वीं व 12 वीं के परीक्षा परिणाम के आधार पर केंद्रीय विद्यालय के शिक्षकों की ग्रेडिंग होती है। इसी के आधार पर इंक्रीमेंट व प्रमोशन किया जाता है। परीक्षा परिणाम खराब होने पर शिक्षकों पर कार्रवाई भी होती है। खराब प्रदर्शन के जिम्मेदार शिक्षकों का तबादला तक कर दिया जाता है। इसी से बचने के लिए शिक्षक कक्षा 9 वीं व 11 वीं में हार्ड मार्किंग करते हैं।

# मेट्रो स्टेशन के पास मिली किशोरी, कई बार हुआ शारीरिक शोषण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नांगलोई इलाके में किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। लोगों ने नाबालिग आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित परिवार व हिंदू संगठनों के लोगों ने बृहस्पतिवार रात नांगलोई थाने का घेराव किया और जाम लगाया। पुलिस अधिकारियों ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 30 अप्रैल की रात नांगलोई में रहने वाली किशोरी के साथ दुष्कर्म किए जाने की शिकायत मिली।

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर रेलवे, चौथी मंजिल, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली-110001 ने अधोविख्यात काम के लिए एक पैकेट प्रणाली के तहत ई-निविदा आमंत्रित करता है।


| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | फरीदाबाद स्टेशन के पुनर्विकास और प्रमुख उन्नयन के विद्युतीकरण कार्य के लिए 25 केवी एसी सिंगल फेज ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग और संशोधन। | | |
| कार्य की पूर्णता अवधि | 06 माह | लगभग काम की लागत | ₹74,76,473.31 |
| बयाना धन राशि (ऑनलाइन जमा करने के लिए) | ₹1,49,500/- | | |
| ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | दिनांक 27.05.2024 को आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in को 17:00 बजे निविदाएं अपलोड की जा सकती हैं। निविदाकर्ता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं, यह निविदा 27.05.2024 को 11:30 बजे खोली जाएगी। | | |
| निविदा के बारे में विस्तृत सूचना और दस्तावेज | विस्तृत ई-निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है और निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस की वेबसाइट पर प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध होगा www.ireps.gov.in 13.05.2024 से 27.05.2024 उपर्युक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी निबंधन और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना भी उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। | | |

सं.: 332-Dy.CEE/C/NDLS/2022-23R5 दिनांक: 04.05.2024 1358/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कुत्ता पालने वाले हो जाएं सावधान, एक गलती और... भुगतना पड़ सकता है नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद:** राजनगर एक्सटेंशन स्थित अजनारा इंटीग्रिटी सोसायटी में गत 27 अप्रैल को छह साल की मासूम बच्ची पर हमला करने वाले कुत्ते का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ था। नगर निगम की जांच में यह बात सामने आने के बाद निगम अधिकारियों ने जर्मन शेफर्ड नस्ल का कुत्ता पालने वाली महिला को नोटिस जारी किया था। पंजीकरण न कराने के चलते उन पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। महिला ने जुमार्ना राशि जमा कराई। कुत्तों का रजिस्ट्रेशन न कराने पर एक अप्रैल से जुर्माना राशि बढ़ाई गई है। बढ़ी हुई जुर्माना राशि के तहत जुमार्ना वसूलने की यह पहली



कार्रवाई है। निगम के उप-मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनुज कुमार सिंह ने बताया कि नई नीति के तहत कुत्तों का पंजीकरण शुल्क एक हजार रुपये है। वहीं हर साल किए जाने वाला नवीनीकरण शुल्क 500 रुपये है जबकि बिना पंजीकरण के कुत्ता पालने पर 10 हजार रुपये जुमार्ना लगाने का नियम है।

**पालतू कुत्तों की संख्या करीब 20 हजार से ज्यादा:** मालूम हो कि निगम क्षेत्र में पालतू कुत्तों की संख्या करीब 20 हजार से ज्यादा होने का अनुमान है। मगर अभी तक निगम में सिर्फ छह हजार कुत्तों का ही पंजीकरण हुआ है। प्रतिबंधित नस्ल के कुत्तों को पालने व प्रजनन पर भी 10 हजार रुपये ही जुमार्ना का प्रविधान है, जो लोग प्रतिबंधित नस्ल के कुत्तों को पहले से पाल रहे हैं उन्हें उन कुत्तों की अनिवार्य रूप से नसबंदी करानी जरूरी है।

**देश में कुत्ते के कुल 23 नस्ल पर प्रतिबंध:** नसबंदी कराने के बाद प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से निगम कार्यालय में जमा कराना होगा। निगम अधिकारियों की माने तो कुत्तों की पिटबुल, टेरियर, राटविलर, टोसा इनु, अमेरिकन स्टैफोर्डशायर, फिला ब्रासीलीरो, डोगो अर्जेंटीनो, अमेरिकन बुलडाग, बोएरबोएल, कांगल, मध्य एशियाइ शेफर्ड डाग, दक्षिण रूसी शेफर्ड, कोकेशियान शेफर्ड डाग, सप्लीनिनैक, जापानी टोसा, मास्टिफ्स आदि कुल 23 नस्ल पर प्रतिबंध है। कुछ ऐसे कुत्ते जो बीमार हैं या फिर देसी नस्ल के हैं। उनका रजिस्ट्रेशन निशुल्क किया जा रहा है।

# सेप्टिक टैंक की सफाई करने नाले में उतरे तो घुटने लगा दम

**नोएडा।** नोएडा कोतवाली सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-26 स्थित एक घर में सेप्टिक टैंक सफाई के दौरान शुक्रवार देर रात दम घुटने से दो लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, सेक्टर-26 के सुमित चावला ने सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए शुक्रवार शाम दो लोगों को बुलाया। सेक्टर-9 जेजे कॉलोनी में रहने मूलरूप से बंगाल के मालदा जिले के नूनी मंडल व तपन मंडल पहुंच गए।

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या: 24/29 दिनांक: 03.05.2024

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 63245012 | गैल्वेनाइज्ड प्लेट स्क्रू टू आरडीएसओ ड्राइंग नं0 टी-3912 | 180755 नग | 30.05.2024 |
| 2 | 63245131 | मेटल लाइनर फॉर यूज विद ईआरसी एमके-III प्लैट टो ऑन कॉन्क्रीट स्लीपर फॉर 60 केजी रेल टू आरडीएसओ ड्राइंग नं0 टी-3740 | 2589775 नग | 03.06.2024 |
| 3 | 64245091A | इमरजेंसी हैंड पम्प | 31 नग | 29.05.2024 |
| 4 | 64245007A | टैम्पिंग आर्म | 48 नग | 21.05.2024 |
| 5 | 30243204ए | एएआर अप्रूव्ड कार्टिज टैपर्ड रोलर बियरिंग्स क्लास 'के' | 800 नग | 27.05.2024 |
| 6 | 38241513 | की बोल्ट विद नट | 142000 नग | 30.05.2024 |
| 7 | 38241218 | बोल्स्टर इनर स्प्रिंग | 2000 नग | 30.05.2024 |
| 8 | 30242724 | 140 केएन. एअर स्प्रिंग असेम्बली | 09 नग | 30.05.2024 |
| 9 | 30233055ए | वन कोच सेट ऑफ माउन्टीग अरेंजमेंट | 04 सेट | 30.05.2024 |
| 10 | 40235053बी | कॉन्टैक्ट वायर पैरलल | 27472 नग | 27.05.2024 |
| 11 | 20243739 | स्पीड सेन्सर 5 - पिन एंड 3 - पिन डबल कप्लर | 04 नग | 21.05.2024 |
| 12 | 20233678 | ईक्सट्रीम प्रैशर लुब्रिकेन्ट पेस्ट | 14 किलो ग्राम | 29.05.2024 |
| 13 | 20243536 | बियरिंग 6312 ज़ेडआरसी3 | 500 नग | 29.05.2024 |
| 14 | 30244285 | पीओएच किट फॉर केई-1 डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व | 417 सेट | 11.06.2024 |
| 15 | 30242603 | सेट ऑफ डेन्सीफाईड थर्मल बौन्डेड ब्लॉक फॉर जीएसजीएन | 45 सेट | 11.06.2024 |
| 16 | 20243352 | मैगनेट वाल्व / ई.पी. वाल्व असेंबली | 10 नग | 27.05.2024 |
| 17 | 70231592बी | रोलर टैपर सेगमेंट डब्लू 5.4 | 16 सेट | 22.05.2024 |
| 18 | 20233686C | होज कप्पलिंग 1 (एमआर ईपी) एलएच | 40 नग | 30.05.2024 |
| 19 | 20242612बी | प्राइमरी स्प्रिंग [ईनर] | 142 नग | 27.05.2024 |
| 20 | 20233465डी | किट फॉर प्रेशर रेगुलटोर | 38 सेट | 27.05.2024 |
| 21 | 20231513 | सेट ऑफ ओ रिंग फॉर मैगनेट वाल्व | 385 सेट | 04.06.2024 |
| 22 | 38241473 | ब्रेक सिलेण्डर 355 एमएम | 415 नग | 03.06.2024 |
| 23 | 30232887ए | बॉडी साईड अरेंजमेंट | 18 नग | 03.06.2024 |

**नोट:** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नही किया जाएगा। 791/24(A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr. P.C देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति **इरफान अली** पुत्र लियाकत अली निवासी प्लॉट नं. 34, खसरा नं. 4, राहुल एन्क्लेव, पूजा कॉलोनी, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश और द्वितीय पता : मकान नं. IX/ 4677-बी, गली नं. 1, अजीत नगर, गाँधी नगर, दिल्ली ने **ई-प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 581/23 दिनांक 19.12.2023 धारा 379/34 भा.द.स.** थाना कृष्णा नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **इरफान अली** मिल नहीं रहा है और समाधान प्रद रूप में प्रदर्शित कर दिया गया है कि उक्त **इरफान अली** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त **इरफान अली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 06.06.2024** को या उसके पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री छाया त्यागी,
मेट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट-05, (पूर्व)
कमरा नं 03, द्वितीय तल,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/5275/SHD/2024
(Court Notice)

## गुमशुदा/अपहृत की तलाश

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **राजनंदनी** पुत्री **राज कुमार** निवासी मकान नंबर 1215 गली नंबर 12, नाला रोड सुदामा का मकान कापसहेड़ा, नई दिल्ली, जो अपने घर से दिनांक. 24.04.2024 से लापता/अपहृत है। इस बाबत **FIR No. 221/24 दिनांक. 25.04.2024 थाना: कापसहेड़ा, दिल्ली** में दर्ज है। इस लड़की का शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है।



राजनंदनी

उम्र- 14 वर्ष, रंग- गोरा, कद- 5'2", **चेहरा: गोल, शरीर:** पतला, **पहनावा-** सफेद रंग का टॉप और काले रंग की जींस पैंट पहने है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी व्यक्ति को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो **थाना: कापसहेड़ा, दिल्ली** निम्नलिखित ई-मेल: cic/cbi.gov.in और वेबसाइट http://cbi.nic.in पर सूचित करे।

हस्ता/- थानाध्यक्ष
कापसहेड़ा, दिल्ली,
फोन: 9717825903

फोन: 011-24368638,24368641
फैक्स नं. 011- 24368639
DP/5128/SW/2024

## शोक सभा



16-04-1938 to 01-05-2024

अत्यन्त दुःखी मन से सूचित कर रहे हैं कि हमारी आदरणीय माता जी

**स्वर्गीय श्रीमति परमेश्वरी देवी जी**

पत्नी स्वं श्री फतेह सिंह भारद्वाज

बुधवार, 1 मई 2024

को अपनी सांसारिक यात्रा पूरी कर प्रभु चरणों में लीन हो गए हैं। उनकी आत्मिक शांति हेतु

**रस्म पगड़ी**

दिनांक, 12 मई 2024, रविवार

हवन ........ प्रातः 09:00 बजे
ब्रहमभोज ........ दोपहर 12 बजे
रस्म पगड़ी ........ दोपहर 02 से 03 बजे

स्थान : बालाजी सत्संग हॉल, ओल्ड महावीर कालोनी बाला जी मंदिर के पास, पुरखास अड्डा, सोनीपत

शोकाकुल परिवार : समस्त भारद्वाज परिवार
पुत्र-पुत्रवधु - श्रीमति वीना भारद्वाज पत्नी श्री सुरेश भारद्वाज
पुत्र-पुत्रवधु - श्रीमति पूनम भारद्वाज पत्नी श्री राजेश भारद्वाज
पोत्र - श्री संदीप भारद्वाज, प्रदीप भारद्वाज, जतीन भारद्वाज
पुत्री-दामाद : श्रीमति संतोष तिवारी पत्नी श्री रमाकांत तिवारी

**सुरेश भारद्वाज**
प्रधान - श्री लक्ष्मीनारायण बालाजी मंदिर, सोनीपत
9813018949,7988183061,9518486475

# टाटा स्टील के बड़े अधिकारी की हत्या, बुरी हालत में मिला शव



**साहिबाबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद स्थित शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर में टाटा स्टील के इंडिया हेड सेल्स विनय त्यागी की शुक्रवार रात चाकू से वारकर हत्या कर दी गई। उनका शव घर से कुछ दूर सड़क के किनारे मिला। उनका लैपटाप व मोबाइल गायब है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार शाम को वह गुरुग्राम कार्यालय से आ रहे थे। रास्ते से उन्होंने पत्नी को लोकेशन भेजकर राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन से रिसीव करने के लिए बुलाया।

**पत्नी मेट्रो स्टेशन पहुंची तो नहीं मिले विनय:** उनकी पत्नी मेट्रो स्टेशन पहुंचीं, लेकिन वह नहीं मिले। उनका मोबाइल नंबर भी बंद आने लगा। काफी देर खोजकर वह घर गईं और स्वजन को इसकी जानकारी दी। स्वजन ने खोजबीन शुरू की। देर रात घर से थोड़ी दूर पर उनका शव मिला। शरीर पर चाकू के वार के निशान मिले।

# चाकू से गोदकर युवक को उतारा मौत के घाट

**गाजियाबाद :** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर में टाटा स्टील के सेल्स हेड विनय त्यागी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। उनका शव लहूलुहान हालत में घर से कुछ दूर सड़क किनारे पड़ा मिला। रिश्तेदार गौरव ने जीजा का लैपटॉप नगदी और पर्स के अलावा अन्य सामान गायब होने का आरोप लगाया है। देर रात में विनय ने गुड़गांव स्थित ऑफिस से लौटते हुए पत्नी रुचि त्यागी को राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन के पास की लोकेशन भेजी थी।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वेल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# लवली समेत कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल

## पूर्व मंत्री राज कुमार चौहान, पूर्व विधायक नसीब सिंह और नीरज बसोया, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित मलिक के साथ भाजपा की सदस्यता ली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: कांग्रेस** के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली समेत कांग्रेस पार्टी के कई दिग्गज नेता शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की मौजूदगी में अरविंदर सिंह लवली ने पूर्व मंत्री राज कुमार चौहान, पूर्व विधायक नसीब सिंह और नीरज बसोया, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित मलिक के साथ भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा में शामिल होने के बाद अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि पार्टी के बैनर तले और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली की जनता के लिए लड़ने का मौका दिया गया है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि देश में प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बन रही है। आने वाले दिनों में दिल्ली में भी भाजपा का परचम लहराएगा। दिल्ली कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली ने बीजेपी की सदस्यता शनिवार को ग्रहण कर ली। इससे पहले उन्होंने इस्तीफा देते हुए कहा था कि वह सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है, कांग्रेस से नहीं। लेकिन आज अचानक वह बीजेपी मुख्यालय पहुंचे और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की मौजूदगी बीजेपी में शामिल हो गए।






**परचम**

▶▶ बहुमत से भाजपा की सरकार बन रही है। आने वाले दिनों में दिल्ली में भी भाजपा का परचम लहराएग

### वह एक मौकापरस्त इंसान हैंः अंतरिम अध्यक्ष देवेंद्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस के पूर्व दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। जिसके बाद कांग्रेस की ओर से पहली प्रतिक्रिया आई है। दिल्ली कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि अरविंदर सिंह लवली एक मौकापरस्त व्यक्ति हैं। यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने कांग्रेस को नुकसान पहुंचाया है। दिल्ली कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बातचीत के दौरान कहा कि कुछ लोगों की आकांक्षाएं और स्वार्थ की मंशा ज्यादा बढ़ जाती है। लवली वहीं है। जिन्होंने आप के साथ गठबंधन की वकालत की थी। आज उन्होंने बहाना बनाया क्योंकि उन्हें भाजपा में जाना था। लवली की कुछ मजबूरियां रही होंगी। लेकिन आज उनका चरित्र सबसे सामने आ चुका है। अरविंदर सिंह लवली के अलावा चार अन्य कांग्रेस के नेताओं के भाजपा में शामिल होने पर उन्होंने कहा कि ये सभी पहले ही कांग्रेस से इस्तीफा दे चुके हैं। आगे कहा कि कुछ लोगों का स्वभाव पार्टी से गद्दारी करने का होता है। आज उनका चरित्र सामने आ चुका है। इससे कोई खास अंतर नहीं आएगा।

# 'क्या शाह के बेटे को क्रिकेट का बल्ला पकड़ना आता है?




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद ने एक बार फिर भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने अमित शाह के बेटे जय शाह के बीसीसीआई सचिव होने को लेकर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि क्या अमित शाह के बेटे को बल्ला पकड़ना आता है? लेकिन, वह बीसीसीआई के सचिव हैं। इसी के साथ आप सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा, 'अमित शाह के बेटे को क्रिकेट का बल्ला पकड़ना आता है? बीसीसीआई के सचिव बने हुए हैं और हमारे घर के बेटे 17 साल की उम्र में जवान बनेंगे और 21 साल में रिटायर हो जाएंगे। मोदी को 73 साल में तीसरी बार मौका चाहिए और 21 साल का जवान रिटायर होकर घर पर बैठेगा। ये लोग घोर परिवारवादी हैं। अपने परिवार और दोस्तों को बढ़ाने के अलावा ना पीएम मोदी के पास कोई काम है, ना अमित शाह के पास, ना भाजपा के पास कोई काम है। हम अपने देश का भविष्य बनाना चाहते हैं मोदी और अमित शाह अपने दोस्तों का भविष्य बनाना चाहते हैं। हम देश के लिए काम कर रहे हैं वे दोस्त के लिए काम कर रहे हैं।'

# उपराष्ट्रपति कल डीयू एसओएल के समारोह में होंगे शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) का 62वां स्थापना दिवस 06 मई (सोमवार) को कन्वेंशन हॉल में आयोजित होगा। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि होंगे। एसओएल की निदेशक प्रो. पायल मागो ने शनिवार को बताया कि इस आयोजन का थीम विकसित भारत के निर्माण में मुक्त शिक्षा का योगदान है। समारोह की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह करेंगे। समारोह में एसओएल के तीन विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें से दिल्ली विश्वविद्यालय की टॉपर रही दो छात्राओं पायल सिंह, (बी.ए. लाइब्रेरी साइंस) तथा नैन्सी गोयल (एम.ए. राजनीति विज्ञान) को पुरस्कृत करने के साथ ही अर्जुन पुरस्कार विजेता दीक्षा डागर को भी सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1962 में दिल्ली विश्वविद्यालय के तहत भारत में प्रथम दूरस्थ शिक्षा संस्थान के रूप में मुक्त शिक्षा विद्यालय की स्थापना की गई थी, जो 900 विद्यार्थियों से शुरू होकर वर्तमान में 4 लाख विद्यार्थियों के भविष्य को संवार रहा है।

# महाबल मिश्रा, जयप्रकाश, सोमनाथ ने नामांकन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में लोकसभा की चार सीटों के लिए शनिवार को आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन के आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इनमें पूर्वी दिल्ली से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार, नई दिल्ली से सोमनाथ भारती, पश्चिमी दिल्ली से कांग्रेस के महाबल मिश्रा और चांदनी चौक संसदीय सीट से जय प्रकाश अग्रवाल ने पर्चा भरा। नामांकन से पहले सभी उम्मीदवारों ने अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में समर्थकों के साथ रोड शो कर शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत और कांग्रेस के दिल्ली प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद पश्चिमी दिल्ली से आम आदमी पार्टी और आई.एन.डी.आई.ए. के उम्मीदवार महाबल मिश्रा ने पत्रकारों से कहा कि दिल्ली का एक-एक नागरिक अरविंद केजरीवाल है। इस बार लोगों ने आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन के उम्मीदवारों को विजयी बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता में अरविंद केजरीवाल की साजिशन गिरफ्तारी के खिलाफ रोष है, क्योंकि केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को तमाम सुविधाएं दीं। केंद्र सरकार ने उन्हें जेल में बंद कर दिया। कुलदीप कुमार ने कहा कि दिल्ली की जनता शहीद-ए-आजम की पगड़ी बांधकर तानाशाही के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने निकली है। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहे कितनी भी ताकत लगा ले लेकिन पूर्वी दिल्ली की जनता मनीष सिसोदिया और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ है और उनकी साजिशन गिरफ्तारी का जवाब अपने वोट से देगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली की सात लोकसभा सीटों के लिए आई.एन.डी.आई.ए. समझौते के तहत आम आदमी पार्टी ने चार सीटों पर जबकि कांग्रेस ने तीन सीटों पर अपने संयुक्त उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है।




**पर्चा दाखिल**

▶▶ सभी उम्मीदवारों ने अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में समर्थकों के साथ रोड शो कर शक्ति प्रदर्शन किया

# आप नई दिल्ली सीट से अपना प्रत्याशी बदल सकती हैः भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आरपी सिंह ने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों की कैंपेन को आम जनता का समर्थन ना मिलने से इंडी गठबंधन पूरी तरह से परेशान है, इसलिए आम आदमी पार्टी नई दिल्ली से अपना प्रत्याशी बदलने वाली है। सुनीता केजरीवाल का नामांकन सोमवार को संभवतः कराया जा सकता है। शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में आरपी सिंह ने कहा कि पिछले एक महीने की फीडबैक मिलने के बाद आम आदमी पार्टी को भी एहसास हो गया कि उनका कैंपेन एक ठंडे बस्ते वाला कैंपेन है और उनके ही समर्थक उनका साथ नहीं दे रहे हैं, इसलिए अब सोमनाथ की जगह आम आदमी पार्टी अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को नई दिल्ली लोकसभा सीट से उतारने के लिए माहौल बना रही है। हरीश खुराना ने कहा कि दिल्ली के अंदर भाजपा की सातों सीटों पर जीत निश्चित है। कैंपेन की बात करें तो नई दिल्ली के अंदर इंडी गठबंधन के प्रत्याशी ग्राउंड पर ना तो दिखाई दे रहे हैं और ना ही उनके समर्थन में आम जनता आ रही है।

# कोर्ट ने आरोपित विनोद चौहान को तीन दिनों की ईडी हिरासत में भेजा

**फैसला**

▶▶ आरोप है कि के कविता के निजी सचिव अशोक कौशिक ने विनोद चौहान को रुपये से भरे बैग दिए थे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार आरोपित वकील विनोद चौहान को तीन दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने यह आदेश दिया। विनोद चौहान को कल यानी 3 मई को गिरफ्तार किया गया था। पेशी के बाद ईडी ने विनोद चौहान की चार दिनों की हिरासत की मांग की थी। आरोप है कि के कविता के निजी सचिव अशोक कौशिक ने विनोद चौहान को रुपये से भरे बैग दिए थे। विनोद चौहान ने यह धनराशि हवाला के जरिये आम आदमी पार्टी को गोवा चुनाव के लिए भेजी थी। ईडी ने कहा कि विनोद चौहान के पास से 1.06 करोड़ रुपये जब्त किए गए और विनोद चौहान को यह पता था कि यह पैसा दिल्ली शराब घोटाले से आया है।

इस मामले में ईडी ने यह 18वीं गिरफ्तारी की है। इस मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी न्यायिक हिरासत में हैं। सुप्रीम कोर्ट उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही है। तीन मई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा था कि वो लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई कर सकता है। इस मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया न्यायिक हिरासत में हैं। सिसोदिया की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट खारिज कर चुका है, जिसके बाद उन्होंने दोबारा राऊज एवेन्यू कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 30 अप्रैल को सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उसके बाद सिसोदिया ने दिल्ली हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर की। हाई कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी और सीबीआई को नोटिस जारी किया है।



### डीपफेकः अरुण तीन दिन की पुलिस हिरासत में

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के डीपफेक वीडियो मामले में गिरफ्तार अरुण रेड्डी को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। रेड्डी को तीन मई को दिल्ली से ही गिरफ्तार किया गया था। अरुण रेड्डी ट्विटर हैंडल ह्य स्पिरिट ऑफ कांग्रेसह्ण को संचालित करता है। फिलहाल वह आईएफएसओ यूनिट की हिरासत में है। रेड्डी कांग्रेस के सोशल मीडिया सेल का नेशनल को-आर्डिनेटर भी है। पुलिस के मुताबिक डीपफेक वीडियो को बनाने और वायरल करने में अरुण रेड्डी की प्रमुख भूमिका है रेड्डी पर मोबाइल फोन से सूबूत मिटाने का भी आरोप है।

# कनॉट प्लेस व स्कूलों में मॉकड्रिल की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर के 200 से ज्यादा स्कूलों को जिस तरह से बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला था उसके बाद से सुरक्षा एजेंसियां राजधानी की सिक्योरिटी को लेकर और सख्त हो गई हैं। यही वजह है कि शुक्रवार देर रात और शनिवार को राजधानी के तमाम संवेदनशील जगहों जैसे आईजीआई, हैदराबाद हाउस, कनॉट प्लेस व तमाम स्कूलों में मॉकड्रिल की गई। आईजीआई एयरपोर्ट पर जांची गई सुरक्षा व्यवस्था इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट पर शुक्रवार देर रात को पुलिस व अर्ध सैनिक बलों के जवानों ने संयुक्त रूप से माक ड्रिल की। इसे लेकर करीब दो घंटे तक एयरपोर्ट पर हलचल रही। पहुंचकर पोजिशन ली। उनकी नजर कथित आतंकियों पर थी और देर तक मोर्चा लेने के बाद इस आतंकी हरकत को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया। यह सब यहां हुई किसी भी आतंकी हमले को रोकने के लिए की गई माक ड्रिल में देखने को मिली। एयरपोर्ट पर सुरक्षा की स्थिति को जांचने के लिए माकड्रिल की गई थी। जिला उपायुक्त उषा रंगनानी भी इस दौरान मौजूद रही। मॉकड्रिल के जरिए देखा गया कि अगर कोई आतंकी हमला होता है तो उससे कैसे निपटा जाएगा। इस माक ड्रिल में पुलिस के साथ ही एयरपोर्ट अथारिटी, विभिन्न एयरलाइन ने भी भाग लिया। इसके जरिए आतंकी हमलों को लेकर बरती जाने वाली चौकसी को जांचा गया। उषा रंगनानी ने बताया कि किसी भी आतंकी हमले को नाकाम करने को लेकर विभिन्न एजेंसियों के साथ मिलकर माक ड्रिल की गई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को जांचा गया।

### ट्रक की टक्कर से गिरा होर्डिंग, चपेट में आया युवक बुरी तरह जख्मी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के गोकुलपुरी में शनिवार अल सुबह होर्डिंग गिरने से एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। वहीं होर्डिंग के नीचे दबकर दो गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं। बताया जा रहा है कि दिल्ली के यमुना विहार के गोकुलपुरी मार्केट के मेन रोड पर लगा एक बड़ा सा होर्डिंग शनिवार सुबह 3.45 बजे दिल्ली मेट्रो के लिए काम कर रहे एक ट्रक की टक्कर से गिर गया। यह होर्डिंग दो वाहन जिसमें ऑटोरिक्शा, पिकअप वैन शामिल हैं क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं ऑटोरिक्शा ड्राइवर जो वहीं एक बेंच पर बैठा वह भी होर्डिंग की चपेट में आ गया। डीसीपी नॉर्थ ईस्ट जॉय टिर्की ने बताया कि ऑटो रिक्शा ड्राइवर की पहचान अजब सिंह के रूप में हुई है।

# आरोपियों ने गर्दन में चाकू घोंप कर उतारा मौत के घाट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ओखला औद्योगिक थाना क्षेत्र में लड़की से दोस्ती को लेकर युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने युवक शिवम (18) की गर्दन पर चाकू से वार किया। पीड़ित ने पार्क से बाहर निकलकर मोटरसाइकिल से भागने की कोशिश की, मगर वह मोटरसाइकिल से नीचे गिर पड़े। पुलिस ने शिवम को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ओखला औद्योगिक थाना पुलिस ने एक नाबालिग व एक बालिग सूरज (18) को पकड़ लिया है।

दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार दो मई को दो पीसीआर कॉल शाम 5:27 बजे और 5:31 बजे मिली थी। कॉल करने वाले ने कहा कि एक लड़के को चोट लगी हैं और उसे अस्पताल नहीं ले जाया गया है। इसके बाद ओखला औद्योगिक क्षेत्र को शाम 6:22 बजे सूचना मिली थी कि जेजे कैंप, ओखला, फेज-दो निवासी शिवम को घायलावस्था में अस्पताल में लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पीड़ित का सलोरा पार्क में दो युवकों से झगड़ा हुआ था। उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया और बाद में इलाज के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मामला दर्ज कर ओखला थानाध्यक्ष सुखबीर मलिक की देखरेख में एटीओ शैलेंद्र, एसआई ज्योति, सोनिका व आशीष और हवलदार विशाल व विनीत की टीम ने जांच शुरू की। पूछताछ में पता लगा कि शिवम आरोपी नाबालिग (17 वर्ष 10 माह ) और सूरज (18) के साथ सलोरा पार्क में आया था। यहां पर इनका लड़की को लेकर झगड़ा हो गया। एक लड़की से पहले शिवम की दोस्ती थी, बाद में उस लड़की की नाबालिग आरोपी से दोस्ती हो गई। इस बात पर नाबालिग ने चाकू निकालकर शिवम की गर्दन पर हमला कर दिया।

शिवम बचने के लिए पार्क से बाहर भागा और अपनी मोटरसाइकिल पर बैठने लगे तो वह अचानक फुटपाथ पर गिर गए। शिवम की गर्दन से खून बह रहा था। यह देख एक शख्स ने पीसीआर कॉल कर दी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई।




**वारदात**

▶▶ ओखला औद्योगिक थाना क्षेत्र में लड़की से दोस्ती को लेकर युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है



# 'पीएम मोदी ने 10 साल में विकास किया'

**वोट की अपील**

- यह चुनाव मोदी को फिर पीएम बनाने का है,
- मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाई



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/हथीन:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि 2024 का लोकसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है, बल्कि यह कौरव और पांडवों के बीच की लड़ाई है। यह चुनाव भारत को विकसित बनाने के लिए तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। मनोहर लाल शनिवार को हथीन में केंद्रीय राज्य मंत्री व फरीदाबाद लोक सभा सीट के प्रत्याशी कृष्ण पाल गुर्जर के समर्थन में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष इस चुनाव में अपना अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रहा है, कांग्रेस के पास न तो संगठन है। न नेता, न नीति और ना ही उसकी नीयत है। यह लड़खड़ाई हुई बाजी खेल रहे हैं। कांग्रेस पूरी तरह से बिखर चुकी है। आज उसके पास उम्मीदवार भी नहीं है।

मनोहर लाल ने कहा कि विपक्ष के लोग मतदाताओं को भ्रमित करने का काम करेंगे। झूठे प्रलोभन देकर कांग्रेस के लोग वोट लेना चाहते हैं, लेकिन देश की जनता अब उनकी असलियत जान चुकी है। पूर्व सीएम ने कहा कि बिना खर्ची-पर्ची हरियाणा सरकार ने नौकरियां देने का काम किया। इस मामले में हिसार से कांग्रेस उम्मीदवार से जब पत्रकारों ने पूछा तो उन्होंने माना था कि कांग्रेस के राज में पर्ची सिस्टम चलता था। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका अर्थ यह है कि कांग्रेस के राज में नौकरियां केवल उनके चहेते लोगों को मिलती थी। आम आदमी को सरकारी नौकरी से दूर रखा जाता था। कांग्रेस के संविधान बदलने के झूठ का पदार्फाश करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस चुनाव में भ्रम पैदा कर रही है। कांग्रेस ने सदा संविधान का अपमान किया है। भाजपा ने संविधान निमार्ता डा. अंबेडकर के पांच स्थानों को पंच तीर्थ बनाया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 साल में केंद्र और प्रदेश सरकार ने जमकर विकास के काम किए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने राम जन्मभूमि पर लगे हुए ताले को खत्म कर वहां पर भव्य राम मंदिर का निर्माण किया। धारा 370 को खत्म किया।

**'अब सरकार नहीं किसान तय करता है अपनी जमीन के रेट'**

**फरीदाबाद** लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि 2014 से पहले सरकारें किसने की जमीन लूटने का काम करती थी, लेकिन मनोहर सरकार ने ऐसी नीति बनाई की सरकार किसानों से जमीन उनकी सहमति से उनके रेटों पर लेगी। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले पूरे देश में हर रोज नए घोटाले सामने आ रहे थे। मंत्री जेल जा रहे थे और भारत की दुनिया में इज्जत नहीं बची थी, लेकिन नरेंद्र मोदी ने सत्ता में आने के बाद भारत की न केवल विदेश में इज्जत बढ़ाने का काम किया, बल्कि देश के किसानों, गरीबों और महिलाओं के लिए ऐसी नीतियां बनाई कि आज हर वर्ग खुशहाल होता जा रहा है। हथीन के विधायक प्रवीण डागर ने कहा कि पिछली सरकारों ने हथीन को पिछड़ा इलाका बना दिया था।

# बीजेपी-कांग्रेस की हकीकत पहचान गई जनता: दुष्यंत चौटाला

**पर्चा दाखिल**

- भूपेंद्र हुड्डा कांग्रेस के पतन का कारण, कई कांग्रेसियों का कटवाया पता: पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जेजेपी के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि जनता कांग्रेस और बीजेपी की अच्छी तरह से हकीकत पहचान गई है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जेजेपी को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और पार्टी कार्यकर्ता खासा उत्साहित है। वे शनिवार को करनाल और सोनीपत में जेजेपी उम्मीदवारों का नामांकन भरवाने के उपरांत पत्रकारों से रूबरू थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि अंदरूनी कलह के कारण कांग्रेस का पतन तय है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा अपने बेटे दीपेंद्र हुड्डा को जीताने के लिए भाजपा की मदद कर रहे है। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र हुडडा ने पुत्र मोह में आकर कांग्रेस नेताओं कुलदीप शर्मा के बेटे, सुरेंद्र दहिया, श्रुति चौधरी, कैप्टन अजय यादव का पता कटवाया। इसी तरह भूपेंद्र हुड्डा ने करनाल लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस के कमजोर उम्मीदवार उतरवाए। सोनीपत में पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की मौजूदगी में जेजेपी उम्मीदवार भूपेंद्र मलिक ने विशाल रोड शो करके अपना नामांकन भरा। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी विधानसभा अनुसार भी रोड शो करके जनता से वोट की अपील करेगी।

## न्यूज फ्लैश

### स्कूल कॉलेज के मैदान और धार्मिक स्थल चुनाव प्रचार के लिए प्रतिबंधित

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** लोकसभा चुनाव के रण में उतरी राजनीतिक पार्टियां और कोई भी प्रत्याशी स्कूल-कॉलेजों के मैदान में चुनावी रैलियां नहीं कर सकेंगे। मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारा सहित सभी धार्मिक स्थलों में चुनाव संबंधित सामग्री के प्रयोग पर भी रोक लगाई गई है। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल के अनुसार हरियाणा व पंजाब को छोड़कर अन्य प्रदेशों व केंद्र शासित प्रदेशों में स्कूल प्रबंधन की अनुमति से खेल मैदान का उपयोग चुनावी रैली के लिए किया जा सकता है।पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने हरियाणा और पंजाब में इस मुद्दे पर व्यक्त निषेध (एक्सप्रेस प्रोहिबिशन) लगा रखा है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान जाति, धर्म, समुदाय के आधार पर मतदाताओं की भावनाओं को प्रभावित नहीं किया जा सकता। धार्मिक स्थलों में चुनावी भाषण, पोस्टर, संगीत, चुनाव से संबंधित सामग्री का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। चुनाव प्रचार के दौरान रक्षाकर्मियों के फोटो या विज्ञापनों में रक्षाकर्मियों के कार्यक्रमों के फोटो का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। हरियाणा की दस लोकसभा सीटों पर छठे चरण यानी 25 मई को चुनाव होना है। प्रदेश में कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन है। इसलिए प्रदेश की नौ सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी जबकि, एक सीट कुरुक्षेत्र से आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ेगी।कांग्रेस ने नौ सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। वहीं भाजपा और जेजेपी ने भी सभी सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया है।

### डिंगरहैडी कांड के चारो दोषियों को फांसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के बहुचर्चित डिंगरहेडी सामूहिक दुष्कर्म और दोहरे हत्याकांड मामले में करीब साढ़े सात साल बाद पीड़ित परिवार को इंसाफ मिला है। इस मामले में हरियाणा की विशेष सीबीआई अदालत ने चारों दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। पंचकूला स्थित विशेष सीबीआई अदालत ने इस मामले के चारों दोषियों विनय उर्फ लंबू, जयभगवान, हेमंत चौहान और अयान चौहान को फांसी की सजा सुनाई है।

## पुलिस ने चोरी व वाहन चोरी करने वाले तीन आरोपी दबोचे

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने चोरी व वाहन चोरी करने वाले तीन आरोपियों को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी की तीन मोटरसाइकिल व पांच लेपटॉप बरामद किए है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में आकाश, आशु और रामकिशान का नाम शामिल है। आरोपी आकाश मूल रुप से बिहार का वर्तमान में एसजीएम नगर का आरोपी आशु राजस्थानी कॉलोनी एसजीएम नगर का, आरोपी राम किशन सेक्टर-48 एसजीएम नगर का रहने वाला है। अपराध शाखा टीम ने आरोपी राम किशन को बडखल झील चौक के पास से मोटरसाइकिल चोरी के मुकदमें में गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सेक्टर-16 एरिया से चोरी मोटरसाइकिल को मुल्लाहोटल मस्जिद के पास से बरामद किया है। आरोपी ने मोटरसाइकिल को प्रयोग करने के लिए चोरी किया था। आरोपी आकाश व आशु को पटेल चौक के पास से लेप्टोप चोरी के मुकदमें गिरफ्तार किया है। आरोपियो से पूछताछ में 05 लेप्टोप बरामद हुआ है। वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल बरामद हुई है। जो की आरोपी आकाश की है। आरोपियो से थाना एसजीएम नगर के वाहन चोरी के मुकदमे का खुलासा हुआ है जिसमें आरोपियो से बीके चौक से चोरी मोटरसाइकिल एसजीएम नगर से बरामद हुई है।

# सरकारी एजेंट के रूप में कार्य कर रहे डीसी, एसपी सिरसा: अभय



**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा:** इंडियन नेशनल लोकदल के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने आरोप लगाया है कि सिरसा के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक प्रदेश सरकार के दबाव में उनके एजेंट बनकर काम कर रहे हैं। अधिकारियों के इस रवैये को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभय सिंह चौटाला शनिवार को डबवाली रोड स्थित अपने आवास पर मीडिया कर्मियों से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने कहा कि यह अधिकार राजनीतिक दलों का होता है कि वह रैली के लिए किस स्थान का चयन करती है। इनेलो की ओर से अपने कार्यकताओं में जनता भवन में सुबह 10 बजे का समय दिया गया था मगर प्रशासनिक अधिकारी ने जबरन इनेलो को सुबह 9 से सुबह 11 बजे तक अपना कार्यक्रम समाप्त करने के लिए दबाव बनाया जो अनुचित है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश प्रदेश में भाजपा का जबरदस्त विरोध हो रहा है और इस विरोध को दबाने के लिए पुलिस का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को चेताते हुए कहा कि यदि उनकी पार्टी के काफिले में कहीं कोई शरारत हुई तो उसकी जिम्मेदारी एसपी व डीसी सिरसा की होगी। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी अपनी जिम्मेदारी समझें। इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने कहा कि वे चुनाव आयोग को पत्र लिखेंगे क्योंकि चुनाव करवाने के लिए चुनाव आयोग की ही जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा कि सिरसा व कुरुक्षेत्र में भाजपा की जमानत जब्त होगी और हरियाणा में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिलेगी।

# 'फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी बना विकास की दौड़ में रखा अव्वल'

**दावा**

- शहर के गणमान्य लोगों ने दोनों हाथ उठाकर भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर का अभिवादन किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** भाजपा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि भारत देश की जनता खुशनसीब हैं, जिन्हें नरेंद्र मोदी के रुप में तपस्वी प्रधानमंत्री मिला है, जो दिन-रात केवल यही सोचता है कि भारत देश उन्नत और विकसित कैसे बने? जब 2014 में नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी तो कांग्रेस ने यह सवाल उठाया था कि भला एक चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री कैसे बन सकता है, लेकिन आज दस सालों में प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे विश्व में अपनी काबलियत का लोहा मनवा दिया है, आज समूचा विश्व भारत के आगे नतमस्तक है और विश्वगुरु बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। कृष्णपाल गुर्जर शनिवार को अपने चुनावी अभियान के तहत बडखल विधानसभा क्षेत्र के एनआईटी 3 जी ब्लाक में युवा भाजपा नेता साहिल अरोड़ा द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में भारी संख्या में मौजूद शहर के गणमान्य लोगों ने दोनों हाथ उठाकर भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर का अभिवादन किया और उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाकर तीसरी बार लोकसभा में भेजने का भरोसा दिलाया।

# दीपेंद्र ने दाखिल किया नामांकन, कांग्रेस की दिखी गुटबाजी



**सियासी खींचतान**

- दीपेंद्र के नामांकन दाखिले में एसआरके गुट के नेता और उनके समर्थक विधायक भी मौजूद नही थे

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा की रोहतक लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने शनिवार को रोहतक उपायुक्त कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इस मौके पर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा,उनके समर्थक पार्टी विधायक और राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी दीपेंद्र हुड्डा के साथ थे। नामांकन दाखिले के दौरान कांग्रेस की गुटबाजी सामने आ गई। दीपेंद्र हुड्डा के नामांकन दाखिले में एसआरके गुट के नेता और उनके समर्थक विधायक भी मौजूद नही थे। उधर सिरसा से कुमारी शैलजा और फरीदाबाद से महेंद्र प्रताप के नामांकन दाखिले में भूपेंद्र हुड्डा गुट से कोई मोजूद नही था। नामांकन दाखिले से पहले दीपेन्द्र हुड्डा ने सपरिवार पूरे विधि-विधान से पूजन और हवन किया तथा क्षेत्र में विकास और खुशहाली के लिये प्रार्थना की। इसके बाद दीपेन्द्र हुड्डा नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान, कांग्रेस विधायकों और हजारों कार्यकताओं के रोड-शो के साथ विशाल जुलूस के रूप में उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद अंबेडकर चौक पर जनसभा थी, जिसने रैली का रूप ले लिया। दीपेन्द्र हुड्डा का नामांकन दाखिले के लिए पहुंचे नेता प्रतिपक्ष भूपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि इस प्रचंड गर्मी में कार्यकर्ताओं ने जो पसीना बहाया है वो जाया नहीं जाएगा और हरियाणा की राजनीति में रंग लेकर आएगा। यह सिर्फ लोकसभा चुनाव नहीं है बल्कि देश के संविधान को बचाने की लड़ाई है। संविधान बचेगा तभी प्रजातन्त्र बचेगा। इसीलिए विपक्षी दलों ने एकजुट होकर इंडिया गठबंधन बनाया है। हरियाणा में यह गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ रहा है और 36 बिरादरी बीजेपी के खिलाफ इंडिया गठबंधन को आशीर्वाद देने का फैसला कर चुकी है।

## साइबर ठगों ने मजदूर को बनाया शिकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** साइबर ठगों में भट्टू में काम करने वाले बिहारी मजदूर को अपना शिकार बनाते हुए उससे 1 लाख 44 हजार रुपये हड़प लिए। इस बारे पीड़ित मजदूर ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है, जिसके बाद पुलिस ने 3 मई को केस दर्ज किया है। भट्टू पुलिस को दी शिकायत में बिहार के जिला दरभंगा निवासी हीरालाल शाह ने शनिवार को कहा कि वह अब भट्टूकलां में दिहाड़ी मजदूरी का काम करता है। 12 जनवरी को उसेक पास एक फोन आया। फोन करने वाला ने उससे कहा कि उसकी फैमिली आईडी में हरियाणा सरकार की तरफ से 15 हजार रुपये आने है। उसने पूछा कि क्या वह फोन पे चलाता है। जब उसने हां कहा तो उसने 20 रुपये ट्रांसफर करने को कहा तो यह ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उसने 40 रुपये भेजे और उससे पूछा तो उसने पैसे आने की बात कही। हीरालाल ने कहा कि उक्त युवक की बातों में आकर उसने कुल 14980 रुपये उक्त युवक के बताए गए नंबर पर ट्रांसफर कर दिए।

इसके बाद भी उसके उक्त युवक के कहने पर पैसे ट्रांसफर कर दिए। जब उसे अपने साथ धोखाधड़ी का पता चला तो उसने ऑनलाइन सर्च किया। जहां मिले एक नंबर पर उसने बात की तो उसने उसे एनी डेस्क एप्लीकेशन का लिंक भेजा। उसने यह ऐप मोबाइल में इंस्टाल कर लिया। इसके बाद उसके खाते से एक लाख रुपये ओर चोरी हो गए। हीरालाल ने आरोप लगाया कि साइबर ठगो ने धोखाधड़ी कर उससे कुल 1 लाख 43 हजार 938 रुपये हड़प लिए है। इस पर उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस बारे पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पीएम मोदी की सोच सबका साथ सबका विकास: बंतो कटारिया



**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर:** अंबाला लोकसभा चुनाव क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया ने शनिवार को सढौरा विधानसभा क्षेत्र के गांव सबलपुर, गधौला, कोतर खाना, भम्भोल, गुगलों, गलौली, मारवा कलां, चाहड़वाला, हैबतपुर, ककडौनी, चंदा खेड़ी रोड बिलासपुर, खेड़ा हाल बिलासपुर आदि बहुत से स्थानों पर जनता के साथ जनसम्पर्क किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा, पूर्व विधायक बलवंत सिंह सढौरा, पूर्व चेयरमैन भोपाल सिंह खदरी भी साथ रहे। इस मौके पर अंबाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रत्नलाल कटारिया ने अपने कार्यकाल में पंचकूला नैशनल हाइवे, साहा हाइवे, अम्बाला-कैथल हाइवे, मोरनी हार्बल पार्क, कैल नैशनल हाइवे बाइपास, किसानों के लिए बागबानी विश्वविद्यालय, युवा वर्ग के लिए फैशन टैक्नोलोजी, केन्द्रीय विद्यालय सहित हर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये की केन्द्रीय ग्रांट से अनेकों विकास कार्य करवाए, वहीं करोड़ों रुपयों के प्रोजेक्ट मोदी सरकार में मंजूर करवाए है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के योगदान से ही देश में समता का भाव है।

उनके बनाए संविधान से देश चल रहा है। हमारे रसोई, शौचालय की जो चिंता प्रधानमंत्री ने की है, वो कोई नहीं कर सकता है।

# 'अर्थव्यवस्था में सीए की अहम भूमिका'




**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औम प्रकाश धनखड़ ने शनिवार को द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के नॉर्दन इंडिया रीजनल काउंसिल को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षो में भारत की इकोनॉमी में ऐतिहासिक सुधार हुआ है । भारत दुनिया की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। हमारी सरकार ने एक देश एक टैक्स की नीति को आगे बढ़ाया है। नए टैक्स स्लैब की नीति बनाई है जिसके तहत माध्यम एव नौकरीपेशा वर्ग को सात लाख रुपए तक की वार्षिक आय पर कर से राहत मिली है। उधमियों को इंस्पेक्टर राज से छुटकारा मिला है। पारदर्शी टैक्स नीति से टैक्स कलेक्शन में भारी बड़ोतरी हुई है। टैक्स से प्राप्त धन से गरीब कल्याण के कार्य हुए हैं। श्री धनखड़ ने कहा कि देश की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और गति देने में ढांचागत विकास की अहम भूमिका होती है। पिछले दस वर्षों में भाजपा की मोदी सरकार ने इस क्षेत्र को प्राथमिकता दी है। भाजपा के मैनिफेस्टो में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था बनाने और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का मोदी जी ने संकल्प लिया है। इसमें आप जैसे अर्थव्यवस्था के विशेषज्ञों का अनुभव देश को विकसित बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। भाजपा मैनिफेस्टो समिति सदस्य एव दिल्ली प्रभारी श्री धनखड़ ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष के दौरान डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में लगभग 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी देश की बेहतर इकोनॉमी की ओर इंगित करती है। उन्होंने कहा कि कृषि, उत्पाद, आईटी के अतिरिक्त सेवा क्षेत्र में बड़ी प्रगति हुई है। कोरोना काल में सेवा का क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ, खुशी की बात है कि भाजपा की केंद्र में मोदी सरकार की अच्छी नीतियों की वजह से सेवा के क्षेत्र ने भी गति पकड़ ली है।

# 'महिलाओं के लिए केंद्र सरकार की 50 प्रतिशत नौकरी आरक्षित की जाएगी'



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/अंकुश जैन**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी और सिरसा संसदीय सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस ने महालक्ष्मी योजना के तहत गरीब परिवार की एक-एक महिला को 1 लाख रुपये प्रतिवर्ष देने का संकल्प लिया है, जिससे देश की करोड़ों महिलाएं लखपति होंगी। इसके साथ-साथ युवाओं को पक्की नौकरी देने के लिए प्रशिक्षुता अधिकार अधिनियम लाया जाएगा। केंद्र सरकार के अलग-अलग स्तरों को स्वीकृत 30 लाख खाली पदों को भरा जाएगा। महिलाओं को 2025 से केंद्र सरकार की 50 प्रतिशत नौकरी आरक्षित की जाएगी साथ ही उनके वेतन में होने वाले भेदभाव को रोकने के लिए समान काम समान वेतन का सिद्धांत लागू किया जाएगा। कुमारी सैलजा ने शनिवार को कालांवाली विधानसभा क्षेत्र के गांवों अहमदपुर, मीरपुर, झोपड़ा, नेजाडेला कलां, हांडीखेड़ा, वेदवाला, सिकंदरपुर सहित अनेक गांवों का दौरा किया। अहमदपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार ने युवाओं के साथ अन्याय किया है। वायदा करके भी उन्हें रोजगार नहीं दिया, आए दिन परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर है और कांग्रेस की सरकार बनने पर परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक होने के मामलों पर फैसला देने के लिए फास्ट ट्रैक अदालत उपलब्ध कराए जाएंगे और पीड़ितों को मुआवजा भी दिया जाएगा। नौकरी की पक्की गारंटी देने के लिए प्रशिक्षुता अधिकार अधिनियम लाया जाएगा। यह कानून 25 वर्ष में कम उम्र के प्रत्येक डिप्लोमा धारक या कॉलेज ग्रेजुएट को निजी या सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी में एक साल की ट्रेनिंग के लिए नए राइट टू ऑपरेटिव एक्ट गारंटी देता है। युवाओं को ट्रेनिंग में स्किल मिलेगा रोजगार क्षमता बढ़ेगी और लाखों को पूर्णकालिक नौकरी का अवसर प्रदान होगा। केंद्र सरकार के अलग-अलग स्तरों को स्वीकृत 30 लाख खाली पदों को भरा जाएगा। कांग्रेस से स्टार्टअप के लिए फंड आफ फंड्स योजना को पूर्ण गठन करेगी और 40 वर्षों में कम उम्र के युवाओं को खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए रोजगार के लिए धन उपलब्ध कराने के निर्देश सभी जिलों में समान रूप से उपलब्ध फंड 50 प्रतिशत यानि 5000 करोड़ रुपए का आवंटन किया जाएगा। सरकारी परीक्षाओं और सरकारी पदों के लिए आवेदन शुल्क खत्म किया जाएगा। इसके साथ ही लोकसभा और राज्यसभा विधानसभाओं में सीटों में आरक्षण को 2029 के बाद ही लागू करने की अनुमति देंगे।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद भगवंत मान ने लोकसभा चुनाव से मुंह मोड़ा: बेनीवाल

**साधा निशाना**

- बसपा ने पंजाब प्रदेश अध्यक्ष जसवीर गढ़ी को आनंदपुर साहिब से प्रत्याशी घोषित किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की शराब घोटाला मामले में गिरफ्तारी के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने लोकसभा चुनाव प्रचार से मुंह मोड़ लिया है।बहुजन समाज पार्टी पंजाब चंडीगढ़ हिमाचल प्रदेश के प्रभारी रणधीर सिंह बेनीवाल ने शनिवार को यहां पंजाब की आनंदपुर लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी जसवीर सिंह गढ़ी के नाम की घोषणा करने के बाद यह बात कही। बेनीवाल को बताया गया था कि आम आदमी पार्टी पंजाब में सभी तेरह लोकसभा सीट जीतने का दावा कर रही है। बेनीवाल ने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने चुनाव प्रचार से मुंह मोड़ लिया है।अकाली दल से बसपा की दूरी हो जाने के सवाल पर बेनीवाल ने कहा कि अकाली दल भाजपा से गठबंधन की ओर बढ़ रहा था।इसके चलते बसपा से दूरी हो गई।फिर सीटो के बटवारे पर सहमति न बन पाने से अकाली दल का भाजपा से गठबंधन नहीं हो पाया। बेनीवाल ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती के आदेशानुसार लोकसभा श्री आनंदपुर साहिब लोकसभा सीट से पंजाब प्रदेश अध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह गढ़ी उम्मीदवार होंगे। बैनीवाल ने कहा कि इसके साथ ही पंजाब में बहुजन समाज पार्टी द्वारा सभी 13 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी गई है।

## न्यूज़ फ्लैश

### करम सेफ्टी ने मिडास सेफ्टी इंडिया का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** करम सेफ्टी, एक अग्रणी वैश्विक पीपीई प्लेयर और फॉल प्रोटेक्शन सॉल्यूशंस प्रदाता, हाथ सुरक्षा उत्पाद उद्योग में एक प्रमुख कंपनी मिडास सेफ्टी इंडिया के सफल अधिग्रहण की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। मिडास सेफ्टी इंडिया के अधिग्रहण से सुरक्षा उद्योग में बाजार के अग्रणी के रूप में करम समूह की स्थिति मजबूत हो गई है, जिससे गिरने से सुरक्षा और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण में करम की विशेषज्ञता को मिडास सेफ्टी इंडिया के हाथ सुरक्षा उत्पादों के व्यापक पोर्टफोलियो के साथ जोड़ा गया है। १००० करोड़ रुपये के टर्नओवर वाले २५ साल पुराने करम ग्रुप ने एक मंदी सौदे के माध्यम से ११० करोड़ रुपये की टॉप लाइन वाले मिडास सेफ्टी इंडिया के संचालन का अधिग्रहण किया है। हैंड प्रोटेक्शन उत्पाद मिडास सेफ्टी इंडिया के लिए एक प्रमुख राजस्व योगदानकर्ता हैं, जिसकी स्थापना १६ साल पहले हुई थी। आज, करम मिडास के ब्रांड, निंजा, टेकशन, वैलप्रो और फ्रंटियर के तहत प्रमुख उत्पाद वितरित करके उस परंपरा को गर्व से निभा रहा है। यह अधिग्रहण करम ग्रुप के लिए एक अच्छा रणनीतिक और वित्तीय रूप से उपयुक्त होगा और भारत में तेजी से बढ़ते पीपीई बाजार में महत्वपूर्ण बाजार के अवसर खोलेगा।करम ग्रुप साल दर साल १५% सीएजीआर से बढ़ रहा है और २०२५ तक इस अतिरिक्त उत्पाद पोर्टफोलियो के साथ १४०० करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य रख रहा है। अधिग्रहण पर टिप्पणी करते हुए, करम ग्रुप के अध्यक्ष, ग्लोबल सेल्स एंड मार्केटिंग, हेमंत सप्रा ने कहा, ह्लकरम के मिडास सेफ्टी इंडिया के अधिग्रहण के साथ, पीपीई उद्योग के दो प्रमुख कंपनी एकजुट हो गए हैं। हम वैश्विक सुरक्षा नेतृत्व और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप, करम परिवार में मिडास सेफ्टी इंडिया का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं। यह संघ हमारे उत्पाद रेंज का विस्तार करता है, हमारे ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले पीपीई की पेशकश करता है। एकजुट होकर, हम एक समृद्ध इतिहास, प्रतिभाशाली लोगों और नवीन उत्पादों को एक साथ लाते हैं। हम स्वदेशी विनिर्माण विकास को बढ़ावा देने, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा में भारत की वैश्विक विनिर्माण प्रमुखता में योगदान करने के लिए समर्पित हैं।




### मेडिक्लेम प्रक्रिया में लगने वाले अत्यधिक समय के कारण 50 प्रतिशत से अधिक रोगियों को डिस्चार्ज मिलने में होती है देर: सर्वे

**नोएडा:** स्वास्थ्य सेवा प्रदाता प्रिस्टीन केयर के एक नए अध्ययन में यह पता चला है कि चिकित्सा बीमा दावों के लिए लगने वाले अत्यधिक समय के कारण प्रत्येक 10 में से 5 मरीजों को डिस्चार्ज मिलने में देरी का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य बीमा पॉलिसीधारकों द्वारा अनुभव की जाने वाली परेशानी को कम करने के लिए, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) द्वारा 100 प्रतिशत कैशलेस हॉस्पिटल नेटवर्क सुविधा शुरू करने की संभावना है जिसमें सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध दोनों तरह के अस्पताल शामिल होंगे। अध्ययन से पता चला है कि 40 प्रतिशत से अधिक लोग भारत में स्वास्थ्य बीमा दावों में देरी के लिए अस्पताल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को जिम्मेदार मानते हैं, जबकि 25 प्रतिशत लोग इसके लिए अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच समन्वय की कमी को जिम्मेदार ठहराते हैं। जटिल दस्तावेजी प्रकियाएं भी इन देरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अध्ययन में यह भी पाया गया कि 10 में से 6 लोगों ने कभी भी स्वास्थ्य बीमा दावा प्रक्रिया शुरू नहीं की। ऐसा करने वालों में, 34 प्रतिशत ने कागजी कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त किया, जबकि 40 प्रतिशत को अपनी बीमा कंपनियों से समय पर प्रतिक्रिया प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। करीब 10 में से 3 मरीजों को प्री-अप्रूव्ड और अंतिम दावा राशि के बीच विसंगतियों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, करीब 38 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि डिस्चार्ज प्रक्रिया में 8 घंटे से अधिक का समय लगा, क्योंकि अस्पतालों को दावा प्रक्रिया पूरी करने में लगभग इतने ही समय की जरूरत होती है।

# बिना अनुमति के केबल टीवी नेटवर्क संचालित करने वालों की केबल हटवायें : उपायुक्त

### बैठक से गैर-हाजिर रहे केबल नेटवर्क संचालक के केबल तुरंत हटवाने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: उपायुक्त डा. मनोज** कुमार ने बिना अनुमति लिए केबल टीवी नेटवर्क का संचालन करने वाले संचालकों की केबल हटवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के किसी भी केबल नेटवर्क का संचालन गैर-कानूनी है। इसलिए अनिवार्य रूप से केबल टीवी नेटवर्क संचालक आवश्यक अनुमति अवश्य लें। लघु सचिवालय में दोपहर बाद केबल टीवी नेटवर्क संचालकों की विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डा. मनोज कुमार कर रहे थे। उपायुक्त ने केबल टीवी




नेटवर्क संचालकों के प्रतिनिधियों से सवाल पूछा कि वे बिजली के खंभों व सरकारी इमारतों आदि के ऊपर से केबल की तारें क्यों लेकर गये हैं। क्या इसके लिए उन्होंने कोई अनुमति ली है। उपायुक्त के इस सवाल को उनके पास कोई जवाब नहीं था, अपितु एक केबल टीवी संचालक ने उनकी बात को स्वीकार किया। उपायुक्त ने कहा कि बिजली के खंभों तथा सरकारी इमारतों के प्रयोग के लिए अनुमति की जरूरत होती है। अनुमति के साथ उनकी निर्धारित फीस जमा करवानी जरूरी होती है। अनुमति के बिना केबल नहीं लगाया जा सकता। पूरे शहर में केबल का जाल बिछाया हुआ है। उन्होंने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज करवाई। साथ ही उन्होंने बैठक से नदारद रहे एक केबल संचालक के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में नगराधीश पूजा कुमारी, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त रेणुका सहित यूएचबीवीएन तथा बीएसएनएल के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## दिवांशु पहुंचे आम आदमी पार्टी कार्यालय, बनाई रणनीति



**टीम एक्शन इंडियाा**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
आम आदमी पार्टी पानीपत ग्रामीण कार्यालय सनौली रोड पर करनाल लोकसभा के इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार दीवांशु बुद्धिराजा एवं अपनी टीम के साथ आम आदमी पार्टी ग्रामीण कार्यालय सनौली रोड पर पहुंचे। कार्यालय पहुंचने पर प्रदेश सहसचिव सुखबीर सिंह मलिक एवं पानीपत जिला अध्यक्ष राकेश चुघ उनको बसंती रंग का पटका देकर सम्मानित किया। इस कार्यालय पर यह पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ करनाल लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा की औपचारिक मुलाकात करवाई गई और आने वाली चुनाव की रणनीति तैयार की गई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राकेश चुग ने कहा गठबंधन धर्म निभाते हुए हम दिवांशु भाई को वचन देते हैं हमारी पार्टी का संगठन जो कि सब जगह बन चुका है अपने तन मन धन से डोर टू डोर कैंपेन करेगा और ज्यादा से ज्यादा गठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील करेगा।

## अधिकारियों की डयूटी के आदेश जारी किए

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
जिलाधीश वीरेन्द्र कुमार दहिया ने लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिद्गत शांति एवं समानता स्थापित करने के लिए दण्ड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 22(1) व 23(2) के तहत विभिन्न क्षेत्रों में स्टेटिक सर्विलेंस टीम के तहत अधिकारियों की डयूटी के आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार पानीपत ग्रामीण विधानसभा में कृषि विभाग के टैक्नीसियन असिस्टेंट राजीव कुमार और उद्यान विकास विभाग अधिकारी प्रवीन कुमार, पानीपत एटीपी अशोक कुमार और यूएचबीवीएन एसडीओ अनील श्योकंद, काडा एसडीओ राजीव और कृषि विभाग बीएओ वजीर सिंह को मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। पानीपत शहरी विधानसभा में डीएफओ भीमसैन बैनीवाल और कृषि विभाग के एडीओ सोहन सिंह, आरओ एचएसपीसीबी भूनेन्द्र चहल और कृषि विभाग एपीपीओ राजेश कुमार, कृषि विभाग के बीएओ प्रमोद कुमार और कृषि विभाग के एएई सुधीर कुमार को मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसराना विधानसभा में यूएचबीवीएन के एसडीओ नेहल आलम और एचएसपीसीबी के एसडीओ कुलदीप, एचएसएएमबी के एसडीओ सुनील सिंह और कृषि विभाग एसएस(पीपी) राधेश्याम, डब्ल्यू/एस डिवीजन के एसडीओ धुर्व सहरावत और एटीपी नवीन को मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

समालखा विधानसभा में जीवीएच आट्द्दा के पशु चिकित्सा सर्जन डॉ. कुलदीप मुदगिल और नगर निगम के एसडीओ दीपक राणा, जीवीएच समालखा के पशु चिकित्सा सर्जन डॉ. सैलेश कुमार और नगरपालिका समालखा के सचिव मुकेश, ईटीओ अजय कंसल और एफएफडीए सीईओ भीमसैन बैनीवाल को मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

## बाइक चोर गिरफ्तार, बाइक बरामद

**पानीपत/कमाल हुसैन**
थाना शहर पुलिस ने रेस्ट हाउस के साथ लगते नाला पटड़ी पर एक युवक को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अतिश निवासी भावड़ सोनीपत के रूप में हुई। थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर राजबीर सिंह ने बताया कि उनकी टीम को शुक्रवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक सीडी डिलक्स बाइक पर सवार होकर रेस्ट हाउस के साथ लगते नाला पटड़ी पर घूम रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अतिश पुत्र सुरेंद्र निवासी भावड़ सोनीपत के रूप में बताई। बाइक के कागजात मांगने पर युवक बहाने बाजी करने लगा। पुलिस ने गहनता से पूछताछ की तो आरोपी ने उक्त बाइक सितम्बर 2023 में जीटी रोड पर कोटेक महिंद्रा बैंक के बाहर से चोरी करने बारे स्वीकारा।

## 11वीं तक इटर हाउस मैथ्स प्रतियोगिता का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप राठी)**
चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कक्षा चौथी से ग्यारहवीं तक इंटर हाउस मैथ्स क्विज तथा इंटर हाउस डिस्प्ले बोर्ड सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मैथ्स क्विज में मेजबान डॉ श्वेता व श्री जितेन्द्र राठी रहे। समय नियंता खेल शिक्षक सुरेन्द्र कुमार व स्कोरर गौरव रहे। प्रश्नोत्तरी चार चरणों में की गई। बच्चों ने बड़े उत्साह व जोश के साथ उत्तर दिए। प्रतियोगिता बड़ी मनोरंजक रही फिर भी सूक्ष्म कमियों को देखते हुए परिणाम इस प्रकार रहा। प्रथम स्थान रोज, द्वितीय स्थान डेजी व तृतीय स्थान लोटस हाउस ने प्राप्त किया। तदुपरांत बच्चों ने डिस्प्ले बोर्ड पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता शिक्षाप्रद व प्रेरणादायक रही। निर्णायक मंडल की भूमिका सभी सदनाध्यक्ष ने बखूबी निभाई।रंगों का तालमेल, चित्र- व्यवस्था, साज सज्जा आदि को देखते हुए परिणाम इस प्रकार रहा। प्रथम स्थान सनफ्लावर द्वितीय स्थान डेजी व रोज हाउस को तो तृतीय स्थान से ही संतुष्ट होना पड़ा। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बच्चों की कला की खूब प्रशंसा की व विजेताओं को बधाई दी।




## भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से नितेश चोपड़ा ने भरा नामांकन

**टीम एक्श इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: 18वें लोकसभा** आम चुनाव के दृष्टिगत 01 अम्बाला संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया के अंतर्गत छठे विकल्प के तौर पर दो कवरिंग प्रत्याशियों के साथ-साथ भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से प्रत्याशी नितेश चोपड़ा ने नामांकन पत्र दाखिल किए। कवरिंग प्रत्याशियों के तौर पर जननायक जनता पार्टी से क्षितीज पूनिया, भारतीय जनता पार्टी से निधि शामिल हैं। नामांकन दाखिल करने वाले कवरिंग प्रत्याशियों व एक अन्य प्रत्याशी ने सभी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए सविंधान के प्रति निष्ठा की शपथ भी ली। जननायक जनता पार्टी के कवरिंग प्रत्याशी क्षितीज पूनिया ने नामांकन पत्र के साथ दिये गये ब्यान हलफिया में अपनी अचल और चल सम्पत्ति को भी दशार्या है। उन्होंने नामांकन पत्र के साथ दिए गए कागजात में उनके पास चल सम्पति 60,005.09 रुपए दर्शाई है। उन्होंने अपना रिहायसी पता मकान नम्बर 75, सैक्टर-17, पंचकूला दशार्या है तथा उनकी शैक्षणिक योग्यता बीएएलएलबी दशार्यी है। भारतीय जनता पार्टी की कवरिंग प्रत्याशी निधि ने नामांकन पत्र के साथ दिये गये ब्यान हलफिया में अपनी अचल और चल सम्पत्ति को भी दशार्या है। उन्होंने नामांकन पत्र के साथ दिए गए कागजात में उनके पास चल सम्पति 56,32,586 रुपए दर्शाई है। उन्होंने अपना रिहायसी पता मकान नम्बर 955, सैक्टर-1, रोहतक दशार्या है तथा उनकी शैक्षणिक योग्यता मास्टर ऑफ टैक्नोलिजी कम्यूटर साईंस एंड इंजिनियरिंग दशार्यी है। नामांकन प्रक्रिया के तहत आज भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से प्रत्याशी नितेश चोपड़ा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने नामांकन पत्र के साथ दिये गये ब्यान हलफिया में अपनी अचल और चल सम्पत्ति को भी दशार्या है। उन्होंने नामांकन पत्र के साथ दिए गए कागजात में वर्ष 2022-23 की इनकम टैक्स रिर्टन में 4,99,050 रुपए दर्शाए हैं। उन्होंने नामांकन पत्र के साथ चल सम्पति 353377 रुपये दशार्यी है।

उन्होंने अपना रिहायसी पता मकान नम्बर 381, सैक्टर 17, जगाधरी यमुनानगर दर्शाया है तथा उनकी शैक्षणिक योग्यता बीडीएस दर्शाई है।



## बड़ौली ने कई विकास कार्यों को अंजाम दिया: सीएम



**सोनीपत: लोकसभा चुनाव 2024** को लेकर सभी पार्टियों ने अपनी तैयारी बढ़ा दी है। हरियाणा में 10 सीटों पर चुनाव 25 मई को होने है। जिसके चलते हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सैनी और भाजपा से सोनीपत लोकसभा सीट प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने 4 मई, शुक्रवार को खरखौदा विधानसभा में विजय संकल्प रैली संबोधित किया। रैली में कई विशिष्ट व्यक्ति - ओम प्रकाश धनखड़ ( बीजेपी राष्ट्रिय सचिव ), निर्मल चौधरी ( विधायक, गन्नौर ), देवेंद्र कौशिक ( बीजेपी वरिष्ठ नेता ), योगेश्वर दत्त ( पहलवान व बीजेपी नेता ) आदि मौजूद रहे। प्रदेश मुख्यमंत्री नायाब सैनी ने विजय संकल्प रैली में शामिल होकर परिवारजनों को संबोधित किया। सोनीपत की ऐतिहासिक भूमि पर चारों ओर कमल खिलाने का स्वर्णिम संकल्प लेने की बात की। मुख्यमंत्री नायाब सैनी ने भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली की प्रशंसा करते हुए कहा की बड़ौली ने राई विधानसभा के अंदर की आवाज को बुलंद करके रखा और वहां कई विकास कार्यों को अंजाम दिया` अब बारी सोनीपत की है और बड़ौली सोनीपत की आवाज को भी बुलंद करके रहेंगे। उन्होंने बड़ौली को भाजपा का कर्मठ, मेहनती, दिन रात एक कर देने वाला और साफ छवि वाला नेता बताया और जनता से अबकी बार 400 पार के नारे को सिद्ध करने की अपील की।

## जयराम विद्यापीठ में पूजा अर्चना करने पहुंचे नवीन जिंदल तथा राज्यमंत्री सुभाष

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : ब्रह्मसरोवर के** तट पर स्थित श्री जयराम विद्यापीठ के श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में पूर्व सांसद एवं भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल तथा राज्यमंत्री सुभाष सुधा पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचे। विद्वान ब्राह्मणों एवं वेद पाठियों से पूजन करने के उपरांत विश्व के दुर्लभ स्फटिक मणि शिवलिंग पर आरती की।

इस के बाद श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के पदाधिकारी एवं अन्य संस्थाओं के लोग भी मौजूद थे।



## राजीव जैन ने निजी कोष से आर्थिक मदद प्रदान की

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: बीते दिनों मॉडल टाउन** के एक मकान तथा बहालगढ़ रोड सिथत ट्रक बॉडी रिपेयर की दुकान में शार्ट शर्किट के कारण हुई आगजनी से पीड़ित परिवारों को मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार तथा वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने निजी कोष से आर्थिक मदद प्रदान करके फौरी राहत प्रदान की। राजीव जैन ने मॉडल टाउन में गौरव चोपड़ा परिवार को पचास हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जिनका आगजनी के कारण कमरे में रखा सारा घरेलु सामान जलकर राख हो गया था। राजीव जैन ने उस समय मोके पर पर पंहुचकर मदद का आश्वासन दिया था। पीड़ित परिवार दिल्ली की एक दुकान पर छोटी सी नौकरी करके गुजर बसर कर रहा है। राजीव जैन ने कहा कि वह परिवार की सरकार से भी मदद करवाने का प्रयास करेंगे।

इसी तरह बहालगढ़ रोड सिथत ट्रक बॉडी की मरम्मत करने वाली दुकान साई बॉडी मेकर एन्ड डेकोरेशन में भी आग लगने से सारे उपकरण जल गए थे। पीड़ित दुकानदार मुकेश ने बताया कि वह अपना मरम्मत का काम चलाने में असमर्थ हो गए थे। राजीव जैन ने दुकानदार को बीस हजार रुपए की नकद राशि प्रदान की। भाजपा नेता राजीव जैन शुक्रवार की रात को कच्चे क्वार्टर में हसीजा गारमेंट्स की दुकान में हुई आगजनी की घटना की सूचना मिलने पर रात को ही सांत्वना देने पहुंचे और आर्थिक मदद का आश्वासन दिया।



## मेधावी छात्रों का अभिनंदन समारोह किया गया आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत /कमाल हुसैन**
**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी बेसिक में मेधावी छात्रों का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया प्रधानाचार्य पवन अत्री ने बताया कि हाल ही में घोषित 12वीं कक्षा के बेहतरीन परीक्षा परिणाम के अंतर्गत विद्यालय में 35 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिनमें से 28 विद्यार्थियों के अंक 75 प्रतिशत से अधिक रहे एवं सात विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की है विद्यालय का परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहा विद्यार्थियों को फूल मालाएं मेडल एवं मिठाई देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राकेश बुरा खंड शिक्षा अधिकारी कृष्णा खत्री, सरपंच रफाकत हसन समाजसेवी सनवर खान एवं गाँव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों को ढोल बाजे के साथ गांवों की गलियों में घुमाया गया। इस अवसर पर मोनिका, नरेन्द्र शर्मा, यशपाल मलिक, नरेश कुमार, कपिल कुमार एवं सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। समाज सेवी सर्न्नवर खान ने कहा कि अगर शिक्षक पूरी मेहनत से बच्चों की पढ़ाई कराये तो सरकारी विद्यालयों के बच्चे भी बेहतर परीक्षा परिणाम ला सकते हैं जिससे वह न केवल अपने मां-बाप को स्कूल का बल्कि जिले का नाम भी प्रदेश सत्र पर रोशन कर सकते हैं जिसका उदाहरण यह स्कूल है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई से ही बच्चों का भविष्य सफलता है और बच्चों से ही देश का भविष्य बनता है इसलिए न केवल शिक्षक को चाहिए कि

वह बच्चों को शिक्षित करने के साथ-साथ संस्कारवान भी बनाए बल्कि उनके अभिभावकों को भी चाहिए कि वह भी समय-समय पर सब अपने बच्चों की फीडबैक लेते रहे तथा घर पर उनकी पढ़ाई व संस्कारों का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह इस पढ़ाई के बहुमूल्य समय को व्यर्थ न गंवाकर अपना ज्यादातर समय पढ़ाई में लगे तथा थोड़ा समय खेल कूद में व्यतीत करें क्योंकि इस उम्र में बच्चों को तन के साथ मन भी स्वस्थ चाहिए। इसके लिए व्यायाम एवं खेल कुछ भी आवश्यक है उन्होंने कहा कि केवल किताबी ज्ञान से ही सब कुछ नहीं होता बल्कि शारीरिक ज्ञान एवं सांसारिक ज्ञान भी आवश्यक है इसके लिए अध्यापकों को इस बात पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।



## मतदाता सूची में अपने नाम की पुष्टि कर लें मतदाता: निर्वाचन अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: जिला निर्वाचन अधिकारी** एवं उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है।उन्होंने कहा कि जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी अपना वोट डाल सकता है। उन्होंने बताया कि मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। उन्होंने बताया कि एपिक के अलावा मतदाता आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग कर-के भी वोट डाल सकते हैं। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं।

## संपादकीय

# मतदान प्रतिशत बढ़ना चाहिए

**इस समय** भारत निर्वाचन आयोग का सारा ध्यान आम चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर केंद्रित है। आयोग ने इस बार अब तक के सबसे बड़े जागरुकता एवं सुविधा संबंधी उपायों को और भी अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया है। सार्वजनिक और निजी संगठनों और मशहूर हस्तियों को मतदाता संपर्क अभियानों में शामिल किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के तीसरे चरण के लिए गर्म मौसम के पूवार्नुमान की स्थिति से निपटने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं। इस बारे में भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की रिपोर्ट में विस्तार से चर्चा की है। इसमें कहा गया है कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में मतदान में मामूली गिरावट से आयोग चिंतित है। पहले चरण में 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ है। यह चुनाव में भागीदारी के भारतीय इतिहास की दृष्टि से बेहतर है, लेकिन 2019 में स्थापित उच्च मानक से कहीं न कहीं कम ही है। इसे गंभीरता से लेते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने अपना सारा ध्यान मतदाताओं के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर केंद्रित किया है। आयोग ने कहा है कि वह अगले पांच चरणों में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सभी संभव उपायों के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त (द्वय) ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू देशभर के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचन सदन के वरिष्ठ अधिकारियों से सतत संपर्क कर 2019 के मानक से कहीं अधिक वोटिंग फीसद बढ़ाने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। गौरतलब है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में व्यक्तिगत रूप से चलाए गए स्वीप अभियानों की एक उल्लेखनीय विशेषता प्रमुख विभागों, कंपनियों, मशहूर हस्तियों और संगठनों का निःशुल्क सहयोग है। पिछले एक वर्ष के दौरान आयोग ने अपने प्रमुख कार्यक्रम सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (एसवीईईपी) को सशक्त रूप से संचालित किया है। राज्यों और जिलों ने कम मतदान प्रतिशत वाले निर्वाचन क्षेत्रों को लक्षित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की योजना के तहत नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई स्थानीय विशिष्ट क्रियाकलाप किए हैं। आयोग ने दूसरे चरण की मतदान प्रक्रिया में कुछ महानगरीय शहरों में मतदान प्रतिशत में आई गिरावट को गंभीरता से लिया है। आयोग को उम्मीद है कि अगले चरणों में शहरी मतदान केंद्र में मतदान के प्रति मतदाताओं की रुचि काफी बढ़ेगी। पहले चरण के मतदान में गिरावट के बाद आयोग ने महाराष्ट्र, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को अतिरिक्त योजनाओं को लागू करने का निर्देश दिया। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के तरीकों की पहचान करने के लिए तीसरे और चौथे चरण में कम मतदान वाले जिलों (2019 के आंकड़ों के आधार पर) के जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ अलग-अलग बातचीत की। आयोग का कहना है कि यह सुखद है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सात मई को होने वाले आम चुनाव के तीसरे चरण के लिए गर्मी को लेकर कोई बड़ी चिंता नहीं जताई है। मौसम सामान्य रहने का पूवार्नुमान किया है। यह सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत परामर्श जारी किया गया है कि मतदाताओं को गर्मी के मौसम में हर हाल में श्रेष्ठतम सुविधा मिले।

# लोकसभा चुनावों में धराशायी विपक्ष के टूलकिट आधारित मुद्दे!

मृत्युंजय दीक्षित

> "पिछले दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अयोध्या में रामलला के दर्शन करके ने राहुल गांधी के इस झूठ का करारा उत्तर दे दिया। राम मंदिर के गर्भगृह में राष्ट्रपति की उपस्थिति ने कांग्रेस नेता के आरोप को बुरी तरह से धो डाला।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गर्भगृह में पहुंचकर रामलला का विधिवत पूजन किया। आराध्य को निकट से देखकर राष्ट्रपति बहुत भावुक दिखीं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने अनुभव भी साझा किए। इस बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बयान जारी कर राहुल गांधी के सभी आरोपों को मिथ्या बताया। महासचिव चंपत राय ने बताया कि राहुल गांधी को स्मरण कराना चाहूंगा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वय को रामलला के मूल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आमंत्रित किया गया था"

**स्वतंत्रता** के बाद भारत में अभी तक जितने भी लोकसभा या विधानसभा चुनाव संपन्न हुए हैं उनमें पहली बार कांग्रेस के नेतृत्व में बना गठबंधन हर दृष्टि से कमजोर नजर आ रहा है। जब से लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस व इंडी गठबंधन के नेताओं ने प्रचार आरम्भ किया है तभी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी व उनके प्रवक्ता मीडिया एजेंसियों व टीवी चैनलो पर बैठकर केवल एक ही बहस कर रहे हैं कि अगर मोदी जी तीसरी बार 400 सीटों के साथ प्रधानमंत्री बन जाते हैं तो फिर भाजपा संविधान को फाड़ कर फेंक देगी, दोबारा चुनाव नहीं होंगे क्योंकि इनके पास कोई मुद्दा नहीं है मोदी जी को घेरने का। इसके अतिरिक्त मोदी जी और अमित शाह के ए.आई. द्वारा बनाए गए डीप फेक वीडियो या फिर सम्पादित/ डॉक्टर्ड वीडियो को आधार बनाकर झूठ फैला रहे हैं। पिछले दिनों अमित शाह के ऐसे ही एक वीडिओ के साथ आरक्षण के सम्बन्ध में दुष्प्रचार किया गया हालांकि अब इस पर दिल्ली पुलिस ने कार्यवही आरम्भ कर दी है और कई लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस फर्जी वीडियो प्रकरण को कोअपने पक्ष में मोड़कर मुद्दा बनाने मे कुछ हद तक सफलता प्राप्त कर ली है साथ ही वे संविधान और आरक्षण के नाम पर विगत 70 साल में पिछली सरकारों ने जो किया उसे भी बेनकाब कर रहे हैं। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार आने के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ आरक्षण विरोधी होने का दावा कर अभियान चलाया जा रहा है। बिहार में 2015 के विधानसभा चुनावों में नीतीश कुमार और लालू यादव के बीच गठबंधन हुआ था तब इन दलों ने पांचजन्य साप्ताहिक में प्रकाशित एक साक्षात्कार के आधार पर संघ के खिलाफ विषवमन किया था। बसपा नेत्री मायावती ने एक पुस्तक प्रकाशित करवा के घर घर तक बंटवाई थी और बताया गया था कि संघ किस प्रकार से आरक्षण विरोधी है।

अब समय बदल चुका है यह 2024 की बदली हुई भाजपा और संघ है जो दुष्प्रचार के प्रति पूरी तरह सतर्क और सशक्त है। इस बार कांग्रेस नेताओं का यह दांव जमीनी धरातल पर नहीं उतर पा रहा है क्योंकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ.मोहन भागवत ने कहा कि संघ हमेशा संविधान सम्मत आरक्षण का पक्षधर रहा है।संघ का मानना है कि जब तक सामाजिक भेदभाव रहेगा या आरक्षण देने के कारण बने रहेंगे तब



तक आरक्षण जारी रहे।संघ प्रमुख ने कहा कि उन्होंने एक वीडियो के बारे में सुना है जिसमें कहा गया है कि संघ आरक्षण के खिलाफ है। संघ आरक्षण का कभी विरोधी नहीं रहा है किंतु यह उसके खिलाफ विमर्श स्थापित किया जा रहा है क्योंकि कांग्रेस को लगता है कि संघ व भाजपा को आरक्षण व संविधान विरोधी साबित कर वह चुनावी किला फतह कर सकती है। राहुल गांधी आजकल भाजपा को संविधान विरोधी साबित करने में दिन-रात एक किये हुए है जबकि वास्तविकता यह है कि अगर आज आम नागरिक अपने संविधान को जान रहा है, पढ़ राहा है और उसके अनुरूप आचरण करना चाह रहा है और उसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास ही हैं क्योंक अब हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जा रहा है। भारतीय संविधान को अब वेबसाइट पर आसानी से पढ़ा जा सकता है। नए संसद भवन के उद्घाटन और सेंगोल स्थापना के अवसर पर सदन के सदस्यों को भी संविधान की मूल प्रति दी गई। कांग्रेस जो आज संविधान - संविधान का राग अलाप रही है संविधान का सत्यानाश कांग्रेस ने ही किया था। श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए संविधान में मूल भूत परिवर्तन करके उसमें धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी जैसे शब्द जोड़कर उसकी आत्मा ही नष्ट कर दी, आपातकाल लगाकर अपनी विकृत तानाशाही मानसिकता का परिचय दिया और मनमर्जी से विपक्षी दलों की प्रदेश सरकारों को गिराया। कांग्रेस के कार्यकाल में संविधान एक परिवार का बंधक हो गया था व एक धर्म विशेष का तुष्टीकरण कर रहा था। इसी प्रकार कांग्रेस अयोध्या में प्रभु राम की जन्मभूमि और उस पर बन रहे भव्य मंदिर के प्रति भी नकारात्मक रही है।जन जन के आराध्य प्रभु राम को काल्पनिक कहने वाली कांग्रेस ने पहले तो मुद्दे को लटकाने, लटकाने, भटकाने के लिए जी जान लगा दी फिर भी असफल रहने पर अपने मुस्लिम तुष्टीकरण को मजबूती प्रदान कनने के लिए प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार किया। उसके बाद राहुल गांधी व विपक्ष के नेता जनसभाओं में बयान देने लगे कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में दलित आदिवासी होने के कारण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाया गया। यह भी बयान दिए जाने लग गये कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में केवल और केवल बड़े उद्योगपति और बड़े घरानो के लोग ही उपस्थित रहे आम जनता को कोई भाव नहीं दिया गया। पिछले दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अयोध्या में रामलला के दर्शन करके ने राहुल गांधी के इस झूठ का करारा उत्तर दे दिया। राम मंदिर के गर्भगृह में राष्ट्रपति की उपस्थिति ने कांग्रेस नेता के आरोप को बुरी तरह से धो डाला।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गर्भगृह में पहुंचकर रामलला का विधिवत पूजन किया। आराध्य को निकट से देखकर राष्ट्रपति बहुत भावुक दिखीं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने अनुभव भी साझा किए। इस बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बयान जारी कर राहुल गांधी के सभी आरोपों को मिथ्या बताया। महासचिव चंपत राय ने बताया कि राहुल गांधी को स्मरण कराना चाहूंगा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वय को रामलला के मूल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आमंत्रित किया गया था। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समाज से जुड़े हुए संत, महापुरुष गृहस्थजन और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में यश प्राप्त करने वाले भारत का गौरव बढ़ाने वाले लोगों को भी आमंत्रित किया गया था।मंदिर में सेवारत श्रमिक और अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। राहुल गांधी अपनी जनसभाओं मे यह आरोप भी लगा रहे हैं कि वहां कोई गरीब, महिला, किसान युवा दर्षन नहीं करने गया अब यह भी झूठ हो गया है क्योकि अब तक दो करेड़ से अधि लोग राम मंदिर के दर्षन कर चुके हैं और इसमें समाज के सभी वर्गो की आम जनता ही षामिल है।किंतु कांग्रेस के प्रवक्ता अभी भी बाज नहीं आ रहे हैं और अयोध्या मंदिर व दर्षन कार्यक्रम को इवेंट बताकर उसका अपमान कर रहे है। इसके अलावा हताष कांग्रेस और विपक्ष बार -बार अपनी पराजय का बहाना खोजने के लि ईवीएम मषीनों पर ही संदेंह पैदा कर रही है किंतु ईवीएम का उसका दांव सुप्रीम कोर्ट में खारिज हो चुका है अभी जब दो चरणों का मतदान संपन्न हुआ और मत प्रतिशत कम निकलता तब उसके बाद विरोधी दलों ने सोशल मीडिया पर हल्ला मचाना प्रारम्भ कर दिया कि कम मतदान का मतलब होता है मोदी जी हार गये, हार गये। किन्तु जब चार दिन बाद चुनाव आयोग ने मतदान प्रतिशत के सही आंकड़े सार्वजनिक किये तो यही विपक्ष एक बार फिर ईवीएम और चुनाव आयोग पर संदेह करने लग गया। विपक्षी दलों के नेता सोशल मीडिया पर आकर ईवीएम -ईवीएम करने लग गये और एक बार फिर फर्जी वीडियो बनाकर कहने लग गये कि चुनाव आयोग ने खेल कर दिया- खेल कर दिया। वहीं इतनी राजनैतिक गहमागहमी के बीच एस्ट्राजेनेका ऑक्सफोर्ड की कोरोना वैक्सीन कोविषील्ड को लेकर आ रही कुछ खबरों को आधार मानकर विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि को खराब करने का अभियान प्रारम्भ कर दिया है और एक टूलकिट की तरह इन आभासी मुद्दों को बार- बार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर उठाया जा रहा है। कोविषील्ड के प्रकरण में जनहित याचिका दायर करने वाले दलाल भी सक्रिय हो गये हैं और सुप्रीम कोर्ट पहुंच गये हैं जबकि वास्तविकता यह भी है कि कोविषील्ड से नुकसान बहुत ही कम हुआ है जबकि लाभ अधिक हुआ है। कोविषील्ड को लेकर उठ रहे सभी विवाद पूरी तरह से भ्रामक खबरों पर आधारित हैं। विशेषज्ञों का मत है कि हर वैक्सीन के साइड इफेक्ट होते ही हैं। वह वैक्सीन लगाने के 21 दिन या एक महीने के भीतर ही हो सकता था।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# लोकतंत्र की मजबूती पवित्र साधनों से ही संभव

नरेंद्र तिवारी पत्रकार

**भारत में** आमचुनाव चल रहे है। हर पांच साल में होने वाले यह चुनाव संसदीय लोकतंत्र की एक व्यवस्था है। जिसके माध्यम से देश की सरकार चुनी जाती है। भारत दुनियां का सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक देश है। आजादी के बाद से भारतीय लोकतंत्र ने अनेकों खामियों के बावजूद दुनियां को मजबूत और लगातार बढ़ते लोकतंत्र होने का संदेश दिया है। लोकतंत्र की सलामती और मजबूती के लिए पवित्र साधनों की आवश्यकता होती है। किंतु देखने में आया है की अपनी राजनीतिक मजबूती के लिए नेतागण अपवित्र साधनों से चुनाव में विजय होने का प्रयास करते है। वर्ष 2024 के चुनाव में मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में जिस प्रकार से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार अक्षय कांति बम के नामांकन वापसी की घटना घटित हुई उसने लोकतंत्र को शर्मशार किया है। इस घटनाक्रम ने लोकतंत्र में निष्पक्षता, पारदर्शिता और स्वतंत्र प्रतिस्पर्धा की भावना को ठेस पहुंचाई है। इंदौर में कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय बम नामांकन वापसी के समय मप्र शासन के मंत्री भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय, इंदौर के विधायक रमेश मंदोला के साथ कार में सवार थे। कार में सवार भाजपा नेताओं के चेहरों पर विजय मुस्कान झलक रही थी। किंतु सवाल यह उठता है की क्या लोकतंत्र में स्वतंत्र प्रतिस्पर्धा के अवसर को समाप्त करने के आलोकतात्रिक कदम को उचित ठहराया जा सकता है? क्या लोकतंत्र के चुनावी उत्सव में साधनों की पवित्रता के कोई मायने नहीं है? क्या तिकड़मी चालों और अपवित्र संसाधनों के उपयोग से देश का लोकतंत्र मजबूत होगा? यह सवाल मप्र सहित सम्पूर्ण भारत की जनता के जहन में गूंज रहे है। मप्र सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विधायक रमेश मंदौला का कांग्रेस उम्मीदवार के साथ कार में सवार होकर मुस्कुराता चित्र भी इंदौर सहित देश के जनता के सामने घूम रहा है। यह कुटिल मुस्कान विजय या जश्न की मुस्कान नहीं यह लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वाली मुस्कान मानी जा रही है।

मप्र की इंदौर लोकसभा सीट पर भाजपा बहुत मजबूत मानी जाती है। इस सीट का प्रतिनिधित्व लगातार 8 बार श्रीमती सुमित्रा महाजन ने किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री और लोकसभा अध्यक्ष के रूप में इंदौर को गौरवान्वित किया है। उनके बाद इंदौर संसदीय सीट की कमान शंकर ललवानी 2019 के लोकसभा चुनाव में लाखों मतों से विजय होकर संभाली। इस सीट पर भाजपा की मजबूती में कोई संशय नहीं है। विधानसभा चुनाव में इंदौर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाली लगभग सभी सीटों में विजय होकर क्लीन स्वीप किया।

अभी वर्ष 2024 के 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा की जीत के कयास लगाए जा रहे थे। फिर कौनसे और क्या कारण है की कांग्रेस के घोषित उम्मीदवार को अपना नामांकन वापस लेने की आवश्कता पड़ी। कांग्रेस उम्मीदवार ने अपना नामांकन दाखिल किया था, यह उनकी मर्जी के बिना संभव नहीं हो सकता है।

## विचार

# भारत की स्कूली शिक्षा में अब तीन वर्ग स्तर हैं

विजय गर्ग

**लगातार** राजनीतिक दबाव में सीबीएसई की गैर-पेशेवर कार्यशैली भी भारत के स्कूलों को अंतरराष्ट्रीय बोर्ड चुनने के लिए प्रेरित कर रही है। सीबीएसई द्वारा दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के पाठ्यक्रम से कुछ अध्याय हटाने के हालिया प्रयासों ने भारत में 'शिक्षा के भगवाकरण' को फिर से सुर्खियों में ला दिया है। हालाँकि सीबीएसई ने पहले भी इसी तरह के संशोधन किए हैं, लेकिन इस बार, अपमान का कारण बोर्ड का इरादा है, विशेष रूप से सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों से कुछ अध्यायों को हटाना। राजनीतिक अभिनेता सक्रिय रूप से ऐसे समावेशन/विलोपन पर तर्क और प्रतिवाद कर रहे हैं, लेकिन उनका शोर भारत की स्कूली शिक्षा में बड़े बदलाव को छुपाता है। इस तरह के लगातार परिवर्तन सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम पर राजनीतिक लड़ाई का परिणाम हैं, और इसके परिणामस्वरूप भारत में स्कूली शिक्षा प्रणाली की तीन परतें धीरे-धीरे उभर रही हैं - प्रत्येक तक विभिन्न वर्गों की पहुंच है। स्कूली शिक्षा की तीन परतों का उद्भव राजनीति से प्रेरित परिवर्तनों के निहितार्थों का बहुत कम विश्लेषण किया गया है। पाठ्यक्रम के लिए, विशेष रूप से वृहत संशोधनों के लिए। हालाँकि, हाल की रिपोर्टों से पता चलता है कि भारत के महानगरीय शहरों के विशिष्ट स्कूलों के नेतृत्व में स्कूली शिक्षा प्रणाली में बड़े बदलाव हो रहे हैं - सीबीएसई को छोड़कर, इंटरनेशनल जनरल सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (आईजीसीएसई) और इंटरनेशनल बैकलॉरिएट (आईबी) जैसे अंतरराष्ट्रीय बोर्डों को चुनना। ) . अंतर्राष्ट्रीय स्कूलों के कुछ शिक्षकों के साथ बातचीत करने के बाद, मैंने पाया कि उच्च शुल्क लेने की स्वतंत्रता और विदेशी विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने वाले अपने छात्रों के लिए उच्च संभावनाओं जैसे कई कारकों के अलावा, लगातार राजनीतिक दबाव के तहत सीबीएसई की गैर-पेशेवर कार्यशैली भी है। भारत के स्कूलों पर अंतरराष्ट्रीय बोर्ड चुनने के लिए दबाव डाल रहा है। आईजीसीएसई और आईबी स्कूलों द्वारा अत्यधिक फीस वसूलने के बावजूद, बड़ी संख्या में भारतीय छात्र, विशेष रूप से सुपर संभ्रांत परिवारों से, भारतीय बोर्डों से हट रहे हैं और इन अंतरराष्ट्रीय बोर्डों को चुन रहे हैं। आईजीसीएसई और आईबी स्कूलों को चुनने वाले छात्रों की बढ़ती संख्या भारत में स्कूल शिक्षा प्रणाली की तीसरी परत के क्रमिक उद्भव का सुझाव देती है। मुख्य रूप से, देश में स्कूली शिक्षा प्रणाली की दो परतें मौजूद थीं - सीबीएसई और आईसीएसई से संबद्ध स्कूल और राज्य बोर्ड संस्थान। शिक्षा का माध्यम इन दो परतों के बीच पदानुक्रम का एक मार्कर रहा है, पहले में अंग्रेजी और बाद में क्षेत्रीय भाषाएँ शिक्षा का मुख्य माध्यम थीं। अंतर्राष्ट्रीय बोर्डों से संबद्ध स्कूल मुख्य रूप से अंग्रेजी में शिक्षा प्रदान कर रहे हैं और विदेशी भाषाएँ भी पढ़ा रहे हैं। भारतीय भाषाएँ पढ़ाना उनके लिए अनिवार्य नहीं है, लेकिन उन्हें एक क्षेत्रीय भाषा सिखाने की अनुमति है। स्कूली शिक्षा की उक्त परतें भारतीय समाज के तीन वर्गों- सुपर एलीट, मध्यम वर्ग और हाशिए पर रहने वाले वर्गों का भी संकेत देती हैं। सुपर एलीट वर्ग के छात्र अंतरराष्ट्रीय बोर्ड स्कूलों में, मध्यम वर्ग के छात्र सीबीएसई और आईसीएसई स्कूलों में और हाशिए पर रहने वाले छात्र राज्य बोर्ड संस्थानों में जाएंगे। इस स्कीम में कुछ अपवाद हो सकते हैं, लेकिन अपवादों से कोई नियम नहीं बनता। स्कूली शिक्षा के ये उभरते रुझान यह भी दर्शाते हैं कि किस तरह की शिक्षा दी जा रही है। विशिष्ट छात्रों को न केवल अपनी पसंद के पाठ्यक्रम, विषय और भाषाओं का अध्ययन करने की स्वतंत्रता है, बल्कि भारतीय राष्ट्रवाद, भारतीय भाषाओं, देशभक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों का अध्ययन करने का बोझ भी नहीं है।मध्यम वर्ग के छात्रों के पास पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम और भाषा के मामले में सीमित विकल्प होंगे और उन्हें भारतीय राष्ट्रवाद, देशभक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों का अध्ययन करना होगा। हाशिए पर रहने वाले समुदायों के छात्र क्षेत्रीय और स्थानीय भाषाओं के साथ-साथ संस्कृति और ज्ञान को भी जीवित रखेंगे। स्कूली शिक्षा प्रणाली का यह उभरता हुआ स्वरूप एक नई तरह की सामाजिक और आर्थिक असमानता को जन्म दे रहा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# यह कैसा अभिशाप...अंधभक्त के रूप में ख्याति

डॉ. सुरेश कुमार

**एक दिन** भगवान बुद्ध अपनी तपोभूमि के दर्शन करने और वहाँ का हालचाल जानने धरती पर पधारे। उन्हें देख आधुनिक युवक अंकमाल इस अवसर का लाभ उठाना चाहता था। वैसे भी लाभ उसी का उठाया जा सकता है जो कुछ देने की स्थिति में हो। और फिर बुद्ध तो वे होते हैं जो सिर्फ देना जानते हैं, लेना नहीं। सो उसने कहा, भगवन्! मेरी इच्छा है कि मैं संसार की कुछ सेवा करूँ, आप मुझे जहाँ भी भेजना चाहें भेज दें ताकि मैं लोगों को धर्म का रास्ता दिखाऊँ? बुद्ध हँसे और बोले- वत्स! संसार को कुछ देने से पहले अपने पास कुछ होना आवश्यक है, जाओ पहले अपनी योग्यता बढ़ाओ फिर संसार की भी सेवा करना। अंकमाल वहाँ से चल पड़ा और आधुनिक कलाओं के अभ्यास में जुट गया। लंबी-लंबी फेंकने से लेकर तू-तड़ाक कला तक पीटने से लेकर बुलडोजर चलाने तक उसने जितनी भी कलाएँ हो सकती हैं उन सबका उसने कुछ महीनों तक कठोर अभ्यास किया। अंधभक्त के रूप में सारे देश में उसकी ख्याति फैल गई। अपनी प्रशंसा से आप प्रसन्न होकर अंकमाल अभिमानपूर्वक लौटा और भगवान बुद्ध की सेवा में जा उपस्थित हुआ। अपनी योग्यता का बखान करते हुए उसने कहा- भगवन्! अब मैं संसार के प्रत्येक व्यक्ति को कुछ न कुछ सिखा सकता हूँ। जोड़-तोड़ से बिगड़े काम बना और सुधरे काम बिगाड़ सकता हूँ। अब मैं राजकाज करने की कला का पंडित हूँ। भगवान बुद्ध मुस्कराये और बोले- अभी तो तुम कलाएँ सीख कर आये हो परीक्षा दे लो तब उन पर अभिमान करना। अगले दिन भगवान बुद्ध एक साधारण नागरिक का वेश बदलकर अंकमाल के पास गये और उससे बढ़ते पेट्रोल-डीजल की कीमतों, बेतहाशा महंगाई के बारे में पूछ बैठे।

अंकमाल क्रुद्ध होकर मारने दौड़ा तो बुद्ध वहाँ से मुस्कराते हुये वापस लौट पड़े। उसी दिन मध्याह्न फिर से बुद्ध भेष बदलकर अंकमाल के समीप जाकर बोले- क्या तुम संन्यासी भेष की आड़ में रंगासियार बन राजपाट करना चाहोगे? लाल बत्ती वाली गाड़ी और बड़े से भवन में रहना चाहोगे?

अंकमाल को लोभ आ गया उसने कहा- हाँ-हाँ अभी चलो। भगवान बुद्ध मुस्करा दिये और चुपचाप लौट आये।

# जेल में बंद आरोपी व्यक्ति चुनाव क्यों लड़ सकते हैं?

रवि रंजन

**1975 में** , इंदिरा गांधी बनाम राज नारायण के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने माना कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव भारत के संविधान की 'बुनियादी संरचना' का एक हिस्सा हैं। सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि चुनाव करने और चुने जाने के अधिकारों को समान दर्जा प्राप्त नहीं है। 2006 में, कुलदीप नैयर बनाम भारत संघ के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि वोट देने का अधिकार (या चुनाव का अधिकार) "शुद्ध और सरल, एक वैधानिक अधिकार" है। इसका मतलब यह है कि मतदान मौलिक अधिकार नहीं है और इसे निरस्त किया जा सकता है। बेंच द्वारा चुने जाने के अधिकार के लिए भी यही बात कही गई और फैसला सुनाया गया कि संसद द्वारा अधिनियमित कानून इन दोनों वैधानिक अधिकारों को विनियमित कर सकते हैं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 का शीर्षक है "कुछ अपराधों के लिए दोषसिद्धि पर अयोग्यता"। यदि किसी व्यक्ति को प्रावधान में प्रदान की गई विस्तृत सूची में से किसी भी अपराध के लिए दोषी ठहराया जाता है, तो उन्हें दोषी ठहराए जाने की तारीख से संसद या राज्य विधानसभाओं में चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और चुनाव लड़ने से छह साल की अयोग्यता का सामना करना पड़ सकता है। यह अयोग्यता किसी व्यक्ति को दोषी ठहराए जाने के बाद ही लागू होती है और यदि उन पर केवल आपराधिक अपराधों का आरोप लगाया गया है तो यह लागू नहीं होती है। भारतीय चुनाव आयोग को आरपी अधिनियम की धारा 11 के तहत अयोग्यता की अवधि को "हटाने" या "कम" करने का अधिकार है। 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने माना कि एक बार दोषसिद्धि पर रोक लगने के बाद "दोषी ठहराए जाने के परिणामस्वरूप लागू होने वाली अयोग्यता प्रभावी नहीं रह सकती या प्रभावी नहीं रह सकती"। आरपी अधिनियम की धारा 62 मतदान के अधिकार पर कई प्रतिबंधों का प्रावधान करती है। इसका उप-खंड (5) जो व्यापक शब्दों में कहता है, "कोई भी व्यक्ति किसी भी चुनाव में मतदान नहीं करेगा यदि वह जेल में बंद है, चाहे कारावास या परिवहन की सजा के तहत या अन्यथा, या पुलिस की कानूनी हिरासत में है"।

## न्यूज फ्लैश

### स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाला एक अपराधी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। सीआइए असंध** की टीम ने बीती रात सिरसल निवासी दीपक से गन प्वाइंट पर पर्स, डॉक्यूमेंट और मोबाइल छीनने वाले एक मंदीप उर्फ गुल्ला पुत्र शमशेर सिंह वासी राहड़ा थाना असंध, करनाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि सिरसल निवासी दीपक रात करीब 11 बजे करनाल में एक शादी समारोह से अपने गांव लौट वापस लौट रहा था, तभी पंघाला मोड पर नहर के पास दो व्यक्तियों ने उसे बीच रास्ते में रोक लिया व उसे गन प्वाइंट पर लेकर उससे पर्स, डाक्युमेंट व मोबाईल फोन छीन लिया। इस संबंध में उसकी शिकायत पर थाना असंध में भादंसं की विभिन्न धाराओं व धारा शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी मंदीप उर्फ गुल्ला को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसका तीन दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया। आरोपी पहले शस्त्र अधिनियम के मामले में गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है पूछताछ पर आरोपी ने अपने एक अन्य साथी आरोपी पवन उर्फ दिप्पी पुत्र चरण सिंह वासी ललैन थाना असंध, करनाल के संबंध में खुलासा किया, जिसे भी बहुत जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। आज आरोपी की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद उसे पुनः अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### छठे दिन लोकसभा चुनाव के लिए 7 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। लोकसभा आम** चुनाव 2024 के लिए नामांकन प्रक्रिया के छठे दिन करनाल लोकसभा के लिए 7 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन भरा। इनमें बीएसपी के इंद्र सिंह व कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर उनकी धर्मपत्नी नरेन्द्र कौर, जेजेपी के देवेन्द्र कादियान व कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर उनकी धर्मपत्नी कपिला, राष्ट्रीय गरीब दल से रूप सिंह तथा निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नवजोत रंधावा व मनीश कुमार का नाम शामिल है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह की ओर से एआरओ एवं एडीसी अखिल पिलानी ने नामांकन लिए। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार नामांकन भरने का कार्य 29 अप्रैल से आरम्भ हो गया था। नामांकन की यह प्रक्रिया 6 मई तक जारी रहेगी, जबकि रविवार 5 मई को अवकाश होने के कारण नामांकन नहीं लिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के छठे दिन करनाल लोकसभा क्षेत्र के लिए 7 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। लोकसभा चुनाव के लिए अभी तक कुल 14 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। नामांकन लघु सचिवालय के प्रथम तल पर उपायुक्त कोर्ट में सुबह 11 बजे से बाद दोपहर 3 बजे तक लिए जा रहे हैं। चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने वाले प्रत्याशी सहित केवल 4 व्यक्तियों को ही कार्यालय में आने की अनुमति है।

**करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए छठे दिन किसी भी उम्मीदवार ने नहीं भरा नामांकन**

करनाल विधानसभा उपचुनाव के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अनुभव मेहता ने बताया कि उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने के छठे दिन किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र नहीं दाखिल किया। करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए अभी तक कुल 3 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है।

उपचुनाव लड ?वाले उम्मीदवारों के नामांकन लघु सचिवालय स्थित करनाल एसडीएम न्यायालय कक्ष में लिए जा रहे हैं। नामांकन की यह प्रक्रिया 6 मई तक जारी रहेगी जबकि रविवार 5 मई को अवकाश होने के कारण नामांकन नहीं भरे जाएंगे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर जनता को पूरा विश्वास : सुमन सैनी

## करनाल में आयोजित कई कार्यक्रमों में सुमन सैनी ने की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री** एवं करनाल विधानसभा चुनाव में विधानसभा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर जनता को पूरा विश्वास है और देश और प्रदेश की जनता एक बार फिर नरेंद्र मोदी को ही प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। पीएम मोदी जी ने जो भी वादे जनता से किए वह पूरे किए हैं और जो शेष रह गए हैं, उन्हें पूरा करने के लिए एक बार फिर जनता भाजपा सरकार को चुनेगी और नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। सुमन सैनी ने शनिवार को अपने प्रचार अभियान



के तहत करनाल पहुंची और कई कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान सुमन सैनी सेक्टर-16 में प्रदेश महिला मोर्चा की सदस्य डा. नीरू सैनी, रेलवे अंडरपास के पास शिव कालोनी शास्त्री नगर में गुरदीप सिंह, शास्त्री नगर में दादा खेड़ा के पास गजे सिंह सैनी, सुशील कोच, शिव कालोनी में ओबीसी मोर्चा के महामंत्री नवीन प्रजापति, मंगल कालोनी में संत कुमार, सेक्टर-6 में द फूड हेवन व विकास नगर में पूनम पांचाल की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में पहुंची। उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के लिए वोट की अपील की। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि करनाल लोकसभा से मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में प्रत्याशी नायब सिंह सैनी को भारी मतों से विजयी बनाएं। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, रेखा आनंद, मीना कांबोज, मेघा भंडारी, रंजीता मेहता, अमर ठक्कर, राजीव सैनी, राजेश सैनी, विनोद पांचाल, डा. अमर व विक्रम सहित अन्य मौजूद रहे।

## वारदात में शामिल दस आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः कुंडली** थाना क्षेत्र में ऑनलाइन एप के माध्यम से ट्रेडिंग व आईपीओ खरीद में के नाम पर युवक से 14.65 लाख रुपये हड़पने के मामले में साइबर थाना पुलिस ने दस आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से पुलिस ने दो लाख 70 हजार रुपये की राशि व दस मोबाइल फोन बरामद किए है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। अपार्टमेंट कुंडली निवासी प्राणतोष ने गत 13 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि 9 जनवरी को वह एफआईआई अकाउंट नाम के ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग संस्थान से जुड़ा था। उन्होंने वह वेल स्टॉक नामक ऑनलाइन एप के माध्यम से प्री-मार्केट ट्रेडिंग और आईपीओ खरीदारी करता है। वह उन्हें रोज शेयर खरीदने की सलाह देने लगे। साथ ही वह अपने खाता नंबर पर रुपये जमा कराने की सलाह देते थे। उन्होंने बातों में लेकर उनसे करीब एक माह में 14.65 लाख रुपये जमा करा लिये। उनके खाते में 69.54 लाख रुपये दिखाई देने लगे। उन्होंने पुलिस को बताया कि 22 फरवरी उन्हें मैसेज मिला कि खाते को चालू रखने के लिए इसमें जमा धनराशि कम है और उन्हें 50 लाख रुपये जमा करने को कहा गया। उन्होंने रुपये जमा कराने से मना कर दिया। फिर उन्होंने कहा कि वह अपने खाते से सभी रुपये निकाल सकते है या इसमें बड़ी राशि जमा होने तक इंतजार कर सकते है। पीड़ित का कहना कि उन्होंने रुपये निकालने को कहा। उन्होंने इसके लिए बहाना बना दिया। साथ ही कहा कि अमेरिका की कर प्रणाली के अनुसार व्यक्ति की 60,000 और 150,000 के बीच की वार्षिक आय 30 फीसदी व्यक्तिगत आयकर के अधीन है। ऐसे में कुल 41.87 लाख रुपये पर कर के रूप में 12.56 लाख आयकर के रूप में भुगतान करने होंगे।

### ताला तोड़ आभूषण व नकदी चुराई

**गन्नौर। जफरपुर** मुस्लिम गांव में चोरों ने एक मकान में कमरों व अलमारियों का ताला तोड़ सोने व चांदी के आभूषण व नकदी चोरी कर ली। मकान मालिक ने इसकी शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में जफरपुर मुस्लिम गांव के सोनू उर्फ अमरजीत ने बताया कि वह मजदूरी करता है। 2 मई को वह काम के लिए सोनीपत गया हुआ था। उसकी मां आगनबाड़ी में गई हुई थी। दोपहर करीब 12 बजे जब उसकी मां घर पर आई तो कमरे के ताले टूटे हुए थे। कमरे के अंदर जा कर देखा तो अलमारी व बक्सों के भी ताले टूटे हुए थे। उन्होंने जांच की तो अलमारी से चांदी के 2 मंगलसूत्र, चांदी की 2 पाजेब, 1 सोने का ओम, एक जोड़ी सोने के कान के बालियां व 15000 नकद चोरी हुए मिले।

## प्रचंड विजयश्री के रथ पर सवार होंगे संत मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पूर्व** मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी संत मनोहर लाल ब्राह्मणों के आशीर्वाद से प्रचंड विजयश्री के रथ पर सवार होकर देश को सबसे बड़ी जीत का तोहफा देंगे। भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर आयोजित इस भव्य समारोह में मनोहर लाल के जन्मदिवस को धूमधाम से मनाने की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा व राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने आयोजन स्थल पुरानी सब्जीमंडी का दौरा कर तैयारियों का जायजा हलया। ब्राह्मण समाज के दोनों दिग्गजों की अगुवाई में प्रदेशभर से पहुंचे ब्राह्मण 5 मई को आशीर्वाद



देंगे। इस भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर पंडित विनोद शर्मा व कार्तिकेय शर्मा ने लगातार प्रदेशभर में दौरा कर निमंत्रण दिया है। इस आयोजन को लेकर प्रदेशभर के ब्राह्मण समाज में भारी उत्साह है। ब्राह्मण मनोहर लाल की प्रचंड जीत का शंखनाद करेंगे। मनोहर लाल ने पिछले साढ़े 9 वर्षो में जिस तरह से ब्राह्मण समाज के लिए काम किया है, इसके लिए पूरे प्रदेश से ब्राह्मण समाज इस कार्यक्रम में पहुंचेगा और मनोहर लाल को देश की सबसे बड़ी जीत के लिए आशीर्वाद देगा।

उनके शासन में प्रदेश में किए गए कार्यो और पारदर्शिता से किए गए विकास के लिए ब्राह्मण समाज का आशीर्वाद मनोहर लाल के साथ है। 5 मई को पुरानी सब्जी मंडी में आयोजित होने वाले भगवान परशुराम जयंती महोत्सव में नगाड़ों की ध्वनि पूरे शहर में गूंजेगी।

इस टीम को पलवल से आमंत्रित किया गया है। इसके साथ अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले कलाकार कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

भगवान परशुराम जयंती महोत्सव के लिए प्रदेश के ब्राह्मण इस कार्यक्रम में पहुंचकर मनोहर लाल को बड़ी जीत दिलाने के लिए एकत्रित होकर आशीर्वाद देंगे। हरिद्वार से 51 विद्वान पंडित इस महोत्सव में पहुंचेंगे और मनोहर लाल को देश की सबसे बड़ी जीत दिलाने के लिए शंखनाद करेंगे।

### सियासत में सिद्धांत और त्याग के मायने समझा रहे संत मनोहर लालः रेनू



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। निवर्तमान मेयर** रेनू बाला ने कहा कि सियासत में सिद्धांत कितने मायने रखते हैं? अगर यह देखना है पूर्व सीएम मनोहर लाल के साढ़े नौ साल के कार्यकाल को देखिए। किस तरह से उन्होंने सिद्धांत की राजनीति की है। कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। विरोध भी हुआ, लेकिन जब इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए तो हर कोई अपनी सोच बदलने पर मजबूर हुआ। कुछ इसी तरह की राजनीति पूर्व सीएम मनोहर लाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएम पद को छोड ?ा हो या फिर करनाल के विधायक पद से रिजाइन करना हो, मनोहर लाल ने एक मिनट की देरी किए बिना सब कुछ छोड़ दिया। यह राजनीति में उनके त्याग का बड़ा उदाहरण है। जो उन्हें राजनीति में दूसरे राजनेताओं से अलग करता है। नौकरियों में पारदर्शिता लाकर उन्होंने पर्ची खर्ची सिस्टम को खत्म करने में जो संघर्ष किया।

## 'विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए भाजपा की सत्ता में वापसी जरूरी'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। रेलवे रोड** स्थित विधानसभा उप चुनाव कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा की अध्यक्षता में चुनावों के दृष्टिगत कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रुप से मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी, करनाल नगर निगम निवर्तमान मेयर रेणू बाला गुप्ता, चैयरपर्सन निर्मला बैरागी, जिला महामंत्री सुनील गोयल मौजूद रहे।



बैठक में करनाल विधानसभा के चारों मंडलों के मंडल अध्यक्ष, महामंत्रियों, मोर्चों के अध्यक्षों व अन्य सभी कार्यकर्ता का आपसी परिचय करवाया गया। इस दौरान पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने बताया कहा कि करनाल के लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा उप चुनाव के लिए 6 मई सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया जाएगा, जिसके लिए सुबह 9 बजे रेलवे रोड पर बने कार्यालय अग्रवाल धर्मशाला पर एकत्रित होकर शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए आप सभी कार्यकर्ता बढ़-चढकर भाग लें। इस मौके पर कार्यालय में उपस्थित सभी ने एकजुट होकर कहा कि वह करनाल विधानसभा से प्रत्याशी मुख्यमंत्री नायब सैनी को एवं लोकसभा से प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भारी मतों से जिताकर भेजेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि आप जैसे समर्पित कार्यकताओं की टीम के बलबूते हम हरियाणा में 11 कमल, दस लोकसभा चुनाव के लिए और एक विधानसभा उपचुनाव के लिए खिलाएंगे और तीसरी बार फिर भाजपा सरकार बनाएंगे। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंत्योदय के सपने को पूरा करने में जुटी है। कार्यकताओं को जीत का मंत्र देते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए भाजपा की सत्ता में जोरदार वापसी जरूरी है।

## पुलिस ने चंद घंटों में सुलझाई युवक की हत्या की गुत्थी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के गांव** जलाला वीरान में युवक की हत्या को गुत्थी को सीआइए टू की टीम ने चंद घंटों में ही सुलझा लिया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि पुलिस को बीती रात गांव जलाला वीरान के पास नहर की पटरी पर युवक का शव मिलने की सुचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। मौके पर सीन आफ क्राइम व फिंगर प्रिंट



एक्सपर्ट की टीमों को बुलाया गया। मृतक की पहचान बिट्टू पुत्र रतीराम वासी जलालाविरान, थाना निसिंग के रूप में हुई थी। निसिंग थाना टीम द्वारा मृतक के पिता रतीराम की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

### गाड़ी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः मुरथल** थाना पुलिस ने गाड़ी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आदित्य निवासी आठ मरला पावर हाउस कॉलोनी पानीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जमानत मिल गई। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

सौंदापुर चौक पानीपत निवासी अंशुल ने 22 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह शिव टैक्सी सर्विस में चालक के तौर पर कार्यरत है। उसके मालिक के पास आई लोकेशन पर उसे गाड़ी लेकर भेजा गया।

## 'अल्पसंख्यक समुदाय निभायेगा अहम भूमिका'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। आज भाजपा** जिला कार्यालय करण कमल में जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा ने सभी मंडल अध्यक्षों व एससी मोर्चा और ओबीसी मोर्चा की बैठक ली बैठक में जिला अध्यक्ष ने आगामी 6 मई को होने वाले मुख्यमंत्री नायब सैनी और करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल के नामांकन कार्यक्रम में होने वाले रोड शो की तैयारी को लेकर सभी कार्यकताओं को जरूरी दिशा निर्देश दिए और कार्यक्रम में बढ़-चढकर हिस्सा लेने के लिए कहा। जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा के अतिरिक्त ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कर्ण देव कंबोज, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, जिला



महामंत्री जयभगवान सीकरी, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश ओड सहित एससी और ओबीसी मोर्चा के सभी पदाधिकारीगण मौजूद रहे। इस अवसर संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए बूथ समिति, पन्ना प्रमुख और त्रिदेव के माध्यम से बूथों को सशक्त करने, माइक्रो बूथ मैनेजमेंट, चुनाव मैनेजमेंट व अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्षा कर्ण देव काम्बोज ने कहा कि इस बार 2024 के चुनाव में मोदी सरकार लाने और भाजपा को 400 सीटे पार करवाने में अल्पसंख्यक समाज की अहम भूमिका होगी। मोदी सरकार के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समाज को ध्यान में रखते हुए अनेकों योजनाएं चलाई गई जिनका उन्हें पूरा लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने केवल अल्पसंख्यक समाज का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही अल्पसंख्यक समाज का भला किया है। मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के हर धर्म और हर वर्ग का मान सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल रिकार्ड मतों से विजयी होंगे। मनोहर लाल ने जिस तरह से पूरे प्रदेश के साथ करनाल का विकास किया है, वह जनता के सामने है और करनाल लोकसभा की जनता मनोहर लाल के साथ है और उन्हें सांसद बनाकर लोकसभा में भेजेगी।

## जमीनी विवाद के चलते मुर्गी फार्म में लगाई आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले** के गांव खिजराबाद में जमीनी विवाद के चलते आरोपियों ने खेत में बने पोल्ट्री फार्म में आग लगा दी। आग लगने से पोल्ट्री फार्म में हजारों मुर्गी के बच्चे मर गए। पीडित ने आरोपियों को रोकने का प्रयास किया तो उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पोल्ट्री फार्म में आग लगाए जाने से करीब 15 लाख रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है। आजगनी की सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की दो गाडि ?ां मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस



ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि खिजराबाद गांव के सतपाल सिंह पुत्र कपूर सिंह का बिलौना गांव के मोता सिंह के साथ जमीनी झगड़ा चल रहा है। 3 मई की दोपहर करीब दो बजे वह, उसका भतीजा दीदार, वजीर व नौकर बुटा सिंह अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान मोता सिंह, साहब सिंह, नेपाल सिंह व अन्य लोग खेत में घुस गए। उनके हाथों में तेजधार हथियार व लाठी डंडे थे। आते ही आरोपियों ने खेत की सूखी पराली में आग लगा दी और उसके बाद इसी पराली के जरिए पोल्ट्री फार्म में भी आग लगा दी। उस वक्त पोल्ट्री फार्म में चार से पांच हजार मुर्गी के बच्चे थे। हमने आरोपियों को रोकने की कोशिश की तो मारपीट शुरू कर दी और धमकी दी कि तुझे भी आग में डाल देंगे। मेरे नौकर को भी धमकी दी कि अपना ट्रैक्टर लेकर यहां से भाग जा, वरना जान से मार देंगे। पीडित सतपाल सिंह ने बताया कि मेरे पार्टनर ने पुलिस व फायर ब्रिगेड को कॉल किया। फायर ब्रिगेड की गाडि ?ों को आग पर काबू पाने में दो घंटे का समय लग गया। तब तक पोल्ट्री फार्म के अंदर 4-5 हजार मुर्गी के बच्चे मर चुके थे। शेड के सारे पर्दे जल गए और शेड की पाइप जल गई। इससे आगजनी में करीब 15 लाख का नुकसान हुआ है। जांच अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि सतपाल सिंह की शिकायत पर मोता सिंह, साहब सिंहए नेपाल सिंह व मेहर सिंह और दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सतपाल सिंह ने आरोप लगाया है कि उसके पोल्ट्री फार्म में आग लगाई गई, जिससे उसका नुकसान हुआ है और जान मारने की भी धमकी दी है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुरूप कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## हाइवे पुलिस की टीम ने छात्रों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला पुलिस की** थाना हाईवे टीम द्वारा जिले के गांव काम्बोपूरा, दहा, चिडाव के सरकारी स्कूलों व पुलिस अकादमी स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल मधुबन में स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के अंतर्गत नौवीं व दसवीं कक्षा के बच्चों को यातायात के नियमों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। टीम द्वारा बच्चों को बताया गया कि ड्राईविंग लाईसेंस के लिए निर्धारित आयु सीमा 18 वर्ष है, 16 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चे विदाउट



गेयर के लिए लाइसेंस बनवा सकते हैं। टीम ने बच्चों को बताया कि स्कूल से छुट्टी होने के बाद सडक पर निकलते समय हमें सडक पर दोनों ओर एक बार नजर जरूर घूमानी चाहिए। सडक को जेब्राक्रासिंग से ही पार करना चाहिए, इसके अलावा टीम द्वारा बच्चों को डायल 112 के महत्व से अवगत करवाया गया।

# लालों के लाल में सबसे अलग रहे मनोहर लाल

## लालों के लाल में सबसे अलग रहे मनोहर लाल, साढ़े नौ साल के कायार्काल में बेदाग, समर्पित छवि ने बना दिया राजनीतिक संत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत**

**कमाल हुसैन:** पंजाब से अलग सूबा बनने के बाद हरि के प्रदेश हरियाणा की राजनीति में हमेशा लालों का ही दबदबा रहा है। मुख्यमंत्री की कुर्सी पर काबिज रहने वालों में देवीलाल, भजनलाल, बंसीलाल और मनोहर लाल की तूती प्रदेश में ही नहीं देशभर में बोली है। राजनीतिक कोठरी में साढ़े नौ साल रहने के बाद भी मनोहर लाल ही ऐसे मुख्यमंत्री रहे जो बेदाग और बेबाक रहे। उनकी समर्पित छवि से ही उन्हें राजनीतिक संत की उपाधि मिली है। देशां म्ह देश हरियाणा में लालों के सरताज बन चुके मनोहर लाल आरएसएस की भट्टी में सोने की तरह तपे और कुंदन की तरह निकले। मनोहर लाल में वह सभी गुण हैं जो उन्हें राजनीतिक रंगमंच की दुनिया में



आम राजनेता में सबसे अलग करते हैं। बिना राग-द्वेष व लाग-लपेट के साफगोही से बात कह देने में उनका कोई सानी नहीं हैं। मनोहर लाल डॉक्टर बनना चाहते थे, लेकिन उनके हाथ की लकीरों में कुछ ओर ही लिखा था। करीब से जानने वालों को ही पता है कि मनोहर लाल में एक मासूम बच्चा बसता है। संघ दीक्षित होने के कारण वाकपटुता में उनका कोई तोड़ नहीं है। 50 साल तक बैसाखी के सहारे चलने बाली बीजेपी को उन्होंने हरियाणा में अपने पांव पर खड़ा कर दिया। भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग में मनोहर लाल अजात शत्रु हैं। लंबी राजनीतिक पारी खेलने में बावजूद पाक दामन है। राजनीति के चाणक्य मनोहर लाल लूट की मंशा

**सोने की तरह तपे**

**नई आवश्यकताओं के अनुसार शासन को अनुकूल बनाए रखने के लिए इसमें परिवर्तन किए जाते रहे हैं**

रखने वालों को धागे से मक्खन की तरह काटते है। सबका साथ, सबका विकास का नारा देकर खास और आम के बीच के अंतर को खत्म कर दिया। राजनीति के पुरोधा, संगठन के चतुर शिल्पी, प्रशासन के खिलाड़ी मनोहर लाल ने राजनीति को अलग तरीके से परिभाषित किया। मुख्यमंत्री निवास से नौकरियां विधायकों में बंटती थी, लेकिन मनोहर सरकार में पात्र को ही दिए जाने से मुख्यमंत्री निवास पारदर्शिता बरतते हुए पवित्र हो गया है।

**भय, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, क्षेत्रवाद जैसी दुष्प्रवृत्तियों पर किया कड़ा प्रहार**

मनोहर लाल का मानना है कि शासन के कुछ मूल आधारों को छोडकर समय के अनुसार सुधार की गुंजाइश सदैव बनी रहती है। मानव समाज की बदलती प्रवृत्तियों, मान्यताओं और नई आवश्यकताओं के अनुसार शासन को अनुकूल बनाए रखने के लिए इसमें परिवर्तन किए जाते रहे हैं ।

ऐसा होने पर ही यह सुशासन बन पाता है, लेकिन शासकों की मानसिकता पर यदि यथास्थितिवाद हावी हो जाए तो शासन को सुशासन बनाए रखने वाली परिवर्तन की यह धारा कुंद हो जाती है अ प्रशासन में जड़ता आ जाती है।

# अमीन स्कूल में सरपंच ने किया मेधावी छात्रों का सम्मान



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरूक्षेत्र:** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अमीन का 12वीं कक्षा का परिणाम 100% रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्या कमल बत्रा जी, गौरव जैलदार, सरपंच, व बाबूराम प्रधान विद्यालय प्रबंधन समिति, के द्वारा मैरिट प्राप्त करने वाले 34 बच्चों को सम्मानित किया गया। श्री गौरव जैलदार सरपंच द्वारा बच्चों को बधाई दी गई

**सम्मान**

**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अमीन का 12वीं कक्षा का परिणाम 100% रहा**

और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। प्रधानाचार्या श्रीमती कमल बत्रा ने बताया कि विद्यालय के छात्र अंकित ने 500 में से 476 अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया और शगुन ने 459 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर वह राजरानी व परीक्षित ने 451 अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आने का श्रेय विद्यालय स्टाफ को दिया । उन्होंने बताया कि अन्य कई प्रतियोगिताओं में भी विद्यालय ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## न्यूज फ्लैश

### हैरोइन तस्करी के मामले में आरोपी शुभम गिरफ्तार

**मनीष कुमार**




**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के कुशल मार्गदर्शन एवम सही दिशा-निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने के लिए तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान के दौरान थाना नारायणगढ क्षेत्र लोटो चंगी नारायणगढ के पास से मादक पदार्थो की तस्करी के मामले में 2 मई 2024 को सीआईए-शहजादपुर के पुलिस दल ने उप निरीक्षक बलकार सिहँ के नेतृत्व तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी शुभम उर्फ शैंकी निवासी गावँ बडी रसौर थाना नारायणगढ जिला अम्बाला को 22 ग्राम 03 मिलिग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 01 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया।
02 मई 2024 को सीआईए-शहजादपुर के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। सूचना उपरान्त पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना नारायणगढ क्षेत्र लोटो चुंगी नारायणगढ के पास नाकाबन्दी की। नाकाबंदी के दौरान सन्दिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चैकिंग करते समय आरोपी की विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उससे 22 ग्रम 03 मिलिग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान शुभम उर्फ शैंकी निवासी गावँ बडी रसौर थाना नारायणगढ जिला अम्बाला के रुप में हुई, जिसे उपरोक्त मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार कर थाना नारायणगढ़ में मामला दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी है।

### मोक्ष वृद्धाश्रम में आयोजित रफी-किशोर संगीतमय संध्या में झूमे बुजुर्ग



**हिसार:** मुस्कान ग्रुप द्वारा मोक्ष वृद्धाश्रम में प्रसिद्ध गायक मोहम्मद रफी व किशोर कुमार के गीतों पर आधारित संगीतमय संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रफी व किशोर के नगमे सुनकर मोक्ष वृद्धाश्रम के बुजुर्ग झूमने लगे। उनकी पुरानी यादें ताजा हो गई और उन स्मृतियों में खोकर बुजुर्गों की आंखें नम हो गई। इस दौरान द्रोण गर्ग, महेश इंद्र व रवि ने खूब रंग जमाया और शाम को सुरमयी बना दिया। विभिन्न वाद्य यंत्र वादकों ने माहौल को संगीतमयी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस अवसर पर मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक माता पंकज संधीर ने सभी बुजुर्गों को गीत गाने के लिए खूब प्रोत्साहित किया।

सुरमयी गीत संध्या के दौरान माता पंकज संधीर व मोक्ष वृद्धाश्रम के प्रधान विजय भृगु ने बताया कि बुजुर्गों को समाज की मुख्यधारा से जोड़े रखने एवं जीवन को सरस व उल्लासमय बनाए रखने के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में मोक्ष वृद्धाश्रम में रफी-किशोर गीत संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बुजुर्गों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि मोक्ष वृद्धाश्रम बेसहारा, लाचार, अवसादग्रस्त या अपनों से बिछड़े हुए बुजुर्गों की सेवा व संभाल के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यहां पर भोजन, वस्त्र व आवास के साथ-साथ चिकित्सा की संपूर्ण सुविधा निशुल्क है। मोक्ष वृद्धाश्रम में महिलाओं के लिए मंदबुद्धि आश्रम का संचालन भी किया जा रहा है। पुलिस भी कई बार मंदबुद्धि या मानसिक रूप से विक्षिप्त महिलाओं को यहां पुनर्वास के लिए भेज देती है। यहां पर महिलाओं का समुचित ध्यान रखने के साथ-साथ उनका यथासंभव इलाज भी किया जाता है। बहुत से परिवार जन्मदिन, सालगिरह या त्योहार मोक्ष वृद्धाश्रम में पहुंचकर बुजुर्गों के साथ मिलकर मनाते हैं।

# युवाओं को किया मतदान के प्रति जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** नेहरू युवा केंद्र कुरुक्षेत्र (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) और लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त यूथ एंबेसडर गायत्री कौशल के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त यूथ एंबेसडर गायत्री कौशल ने युवाओं को मतदान जागरूकता के विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि मतदान का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। यह अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किया गया है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। ये प्रतिनिधि हमारी




सरकार बनाते है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपने देश के विकास में योगदान दें.नेहरू युवा केंद्र कुरुक्षेत्र की जिला युवा अधिकारी मिशा द्वारा युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान न सिर्फ एक अधिकार है बल्कि एक जिम्मेदारी भी है, जिसे हर नागरिक को अपनाना चाहिए।

मतदान करके आप अपनी राय व्यक्त कर सकते हैं, देश के भविष्य को आकार दे सकते है। चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी लोकतंत्र

**समृद्ध**

**मतदान का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। यह अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किया गया**

को बनाए रखने, समावेशी शासन को बढ़ावा देने और एक समृद्ध और सामंजस्यपूर्ण समाज में योगदान करने में मदद करती है। इस कार्यक्रम का सफल बनाने में नेहरू युवा केंद्र कुरुक्षेत्र से अमित शर्मा, राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक शुभम सैनी, करण, शुभम कुमार, प्राची, हिमांशी, रितिका, महक शर्मा, पूनम, अमनप्रीत आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में आयोजित निशुल्क नेत्र

**टीम एक्शन इंडिया**



**हिसार :** सामाजिक सरोकारों की अलख जगाते हुए दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क शिविर लगाकर आंखों के सफेद मोतियाबिंद के फ्री ऑपरेशन किए गए। इस शिविर का 18 लोगों ने लाभ उठाया। दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने आधुनिक तकनीक से ऑपरेशन करके नेत्र ज्योति प्रदान की। दिव्यांग केंद्र भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस दौरान जगमोहन जिंदल, ईश्वर गोयल बड़ोपलिया, राधेश्याम सिंगल व संजीव गोयल सहित काफी गणमान्य लोग व चिकित्सक उपस्थित रहे। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि बहुत से बुजुर्ग अपने स्तर पर सफेद मोतियाबिंद का ऑपरेशन नहीं करवा सकते।

# लेन ड्राईविंग नियमों की उल्लघंन करने पर पुलिस ने किए चालान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा द्वारा 25 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017




की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 35 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 675 दिनों में 31,938 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके है।

पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा

**सख्ती**

**35 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 675 दिनों में 31,938 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके है**

सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निदेर्शों की पालना एवम सड़क सुरक्षा सुनिर्श्चित करने के लिए आज दिनांक 03 मई 2024 को यातायात पुलिस अम्बाला ने मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 35 भारी वाहनों के चालान किए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में चले जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

### आज भक्ति का पहला चरण प्रकृति प्रेम पर आधारित होगा ध्यान सत्र

**हिसार :** साधकों को प्रकृति से जोड़ने और भक्ति के प्रति अग्रसर करने के लिए ओशो ध्यान उपवन में 5 मई को ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। सिरसा रोड पर स्थित ओशो ध्यान उपवन में प्रातः 9 बजे से प्रातः 11 बजे तक इस सत्र का आयोजन होगा। इस दौरान स्वामी संजय साधकों को प्रकृति के विभिन्न आयामों से रूबरू करवाते हुए ध्यान की विधियों से परिचित करवाएंगे। स्वामी संजय ने बताया कि सतगुरु ओशो ने जिंदगी जीने के लिए जो विचार दिए वे प्रकृति से जुड़े हुए हैं। संत ओशो का मानना था कि प्रकृति को समझने के लिए उसे सुनने, समझने व जुड़ाव की आवश्यकता है।

# चमकौर सिंह बने जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के सचिव

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की और चमकौर सिंह को जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया चमकौर सिंह ने जिला अध्यक्ष सद्दाम हुसैन भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनदीप राणा व राज्य परिवहन मंत्री असीम गोयल एवं शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया और चामकोर सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की टीम ने जो विश्वास मुझ पर जताया हैं। मैं उस विश्वास पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा और जो भी भूमिका चुनाव के दौरान निभाने को मिलेगी। अपनी



भूमिका को पूर्ण रूप से निभाऊंगा और अबकी बार 400 नारे पर काम करते हुए हरियाणा लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी 10 की 10 सीटें जीतकर मोदी जी झोली में डालने का करेंगे।

# सेवा ट्रस्ट यूके ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** आज सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा गाँव घमूर खेड़ी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने की उन्होंने वहा पर उपस्थित महिला मतदाताओ को जागरूक करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया उन्होंने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में रहते है। और लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें लोगो का,लोगो के लिए ओर लोगो द्वारा सरकार चुनी जाती है। लोक सभा चुनाव इस लोकतंत्र के महायज्ञ की सबसे बड़ी इकाई है, इन चुनावो के




द्वारा हम अपने देश गांव,शहर के साथ साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक के विकास को सुनिश्चित करते है, ताकि वो भी अपनी सहभागिता कर सके। अतः लोकतंत्र के इस महापर्व के महायज्ञ में हमे अपने मत के रूप में आहुति जरूर से जरूर डालनी चाहिए। हम सब को अपने मत का प्रयोग जरूर से जरूर करना चाहिए। सेवा ट्रस्ट की महिला वालंटियर पूजा सैनी ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाता लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि मतदान करना उनका

**कार्यक्रम**

**महिला मतदाताओ को जागरूक करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया**

अधिकार है। चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा अपनी को स्पांसर डाबर इंडिया द्वारा सभी महिलाओ को रियल जूस वितरित किया गया।

# छाएं काली घटाएं तो क्या,उसकी छतरी के नीचो हूं मैं....

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** खाटूश्याम जी के प्रचार प्रसार को समर्पित नगर की विख्यात संस्था समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा शुक्रवार रात्रि सलारपुर रोड स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर-आश्रम में खाटूश्याम भव्य जागरण और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि आयोजक मंदिर संचालक महेश भारद्वाज एवं सेवक कुलदीप भारद्वाज ने आश्रम संस्थापक दंडी स्वामी निगम बोध तीर्थ महाराज के मार्गदर्शन में यह तीन दिवसीय प्रथम श्री श्याम प्राण प्रतिष्ठा दिवस अनुष्ठान संपन्न करवाया। बड़ी संख्या में आए श्यामप्रेमी दरबार में नतमस्तक हुए। इससे पूर्व मंदिर में यजमानों द्वारा खाटू



श्याम मूर्ति के साथ-साथ पंचमुखी गायत्री एवं संपूर्ण गणेश परिवार जिसमें श्री गणेश, उनकी पत्नी रिद्धि-सिद्धी एवं संतान शुभ-लाभ व संतोषी माता के साथ-साथ शुभ-लाभ की पत्नियाँ तुष्टि-पुष्टि एवं तुष्टि-पुष्टि के पुत्र आनंद व प्रमोद सहित गणेश वाहन मूषक की विधि विधान से पूजा की गई। खाटू श्याम जागरण में श्याम जी को 56 भोग लगाए गए। सुगंधित फूलों की भीनी-भीनी खुशबू,इत्र की फुहार और चंदन से श्याम पंडाल महक उठा। वहीं,विशाल भंडारा भी देर रात तक लगातार चलता रहा। सायं 6 से रात्रि 11 बजे तक चले जागरण में श्याम जी से भजनों के माध्यम से खूब बातें हुई और कई मनुहार लगाई गई। मंच पर पिहोवा से गायक जतिन

**अनुष्ठान**

**खाटूश्याम भव्य जागरण एवं विशाल भंडारे के साथ प्रथम श्री श्याम प्राण प्रतिष्ठा दिवस अनुष्ठान सम्पन्न**

जिंदल,शाहाबाद मारकण्डा से श्रवण राज और नायब सिंह ने अनोखे अन्दाज में भक्तों को ज्ञान गंगा में गोता लगवाया।

मेरे शीश के दानी का सारे जग में डंका बाजे...., तूने इतना दिया है मेरे सांवरे, अब होता है गुजारा बड़े आराम से...., काली कमली वाला मेरा यार है... और छाएं काली घटाएं तो क्या उसकी छतरी के नीचे हूं मैं... इत्यादि भजनों पर श्रद्धालुओं की तालियों एवं जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्याम गाथा में बताया कि कलयुग में खाटू श्याम जी की पूजा से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। जागरण में आए प्रत्येक श्रद्धालु को श्याम जी का पटका और चूरमे का प्रसाद दिया गया। श्री श्याम आरती में आचार्य राजेश वत्स,अरुण गोयल,अनुज सिंगला,गौरव गुप्ता,संजय चौधरी,मनोज गुप्ता,मोहित तायल,अजय अग्रवाल,सुरेन्द्र काठपाल,गिरीश गर्ग,शिवम अरोड़ा, हरविंदर सिंह,दीपक अमीन,जगमोहन गुप्ता,डॉ.तुलसी सरदाना,संतोष सिंगला,डिम्पल बंसल, हन्नी बंसल एवं शिवकुमार भारद्वाज सहित कुरुक्षेत्र का ब्राह्मण-संत-साधु समाज शामिल हुआ।

# डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए स्वीटी रंगा ने की वोट की अपील

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए शाहाबाद के गांव मदूदा में वोट की अपील की गई। स्वीटी रंगा नलवी लगातार चुनाव प्रचार कर रही है और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि आज देश की जनता भारतीय जनता पार्टी से बहुत दुखी है और सभी मन बना चुके हैं कि अबकी बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। पुरे देश में इंडिया गठबंधन की लहर है।स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि हरियाणा में



10 की 10 लोकसभा सीटे इंडिया गठबंधन जीतेंगा। स्वीटी रंगा नलवी शाहबाद के गांव गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान लगातार कर रही है और गांव वासियों से वोट के लिए सहयोग मिल रहा है। स्वीटी रंगा ने गांव वासियों से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को झाड़ू का बटन दबाकर कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता को विजयी बनाना है। इस अवसर पर जगन्नाथ, ओमप्रकाश ,रामकुमार ,कर्म सिंह, बलजीत सिंह, उजागर सिंह, साथ रहे।

# अब कारागार में कैदियों को आरसेटी द्वारा दिया जायेगा स्वरोजगार प्रशिक्षण: चरणजीत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत कमाल हुसैन**

जिला कारागार पानीपत व पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में जिला कारागार पानीपत में जयप्रकाश नारायण पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिवाह पानीपत द्वारा मशरूम की खेती व मोमबत्ती बनाने के कोर्स का समापन हुआ और प्रमाण पत्र वितरित किये गए कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि चरणजीत सिंह राज्य निदेशक हरियाणा व पंजाब द्वारा रिबन काटकर किया गया , कारागार में विशिष्ट अतिथि के रूप में भूषण शर्मा , मंडल प्रमुख , पंजाब नैशनल बैंक और अधीक्षक जिला कारागार श्री देवी दयाल दयाल जी रहे , जिला अग्रणी प्रबंधक श्री तुला राम ,



संस्थान के निदेशक नीरज मंडल , सहायक अनिल कुमार , व राजकुमार कादियान मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक श्री नीरज मंडल द्वारा की गयी व मां सरस्वती वंदना व वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया इस दस दिवसीय प्रशिक्षण शिवर में पानीपत जिला कारागार के 70 केदियो व बंदियों को मशरुम की खेती व मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया था समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चरणजीत सिंह , राज्य निदेशक ने कहा कि तेजी से बढ़ती जनसंख्या और घटते रोजगार के अवसर के वर्तमान दौर में स्वरोजगार योजनाएं ही सब को रोजगार देने का एकमात्र साधन है उन्होंने कहा कि व्यक्ति की कार्यकुशलता बढ़ाने का एकमात्र उपाय प्रशिक्षण देना है इसी के दृष्टिगत इस कैदियों व बंदियों को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है अक्सर कई कैदी जीवन में किसी गलती के चलते जेल में पहुंच जाते हैं। ऐसे में उन्हें अपराध की दलदल से बचाने व नकारात्मक माहौल के प्रभाव से दूर करने के लिए उन्हें वोकेशनल कोर्स से जोड़ा जा रहा है। कैदी कारागार से बाहर जाने के बाद बेहतर जीवन जी सकें। इस के साथ साथ राज्य निदेशक चरणजीत सिंह द्वारा बताया गया की कि इस संस्थान में 64 प्रकार के प्रशिक्षण निशुल्क प्रदान किए जाते हैं यही नहीं प्रशिक्षणार्थियों को रहने और खाने की व्यवस्था भी निशुल्क दी जाती है ताकि सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाया जा सके उन्होंने कहा कि रोजगार जीवन का आधार है लेकिन आजादी के 75 साल बाद भी बेरोजगारी मुक्त समाज की स्थापना नहीं हो पाई है हमारे देश में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या 12 करोड़ से अधिक है ये नवयुवक या तो परिवार के अन्य सदस्यों पर निर्भर है या कम वेतन पर काम करते हैं ऐसे दौर में ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से स्वरोजगार का प्रशिक्षण देकर विभिन्न बैंकों से ऋण दिलवाकर शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार स्थापित करवाना एक सराहनीय कदम है। मच संचालन अनिल मलिक द्वारा किया गया और अंत में वोट ऑफ थैंक्स सहायक राजकुमार कादियान द्वारा किया गया।



कच्चे क्वार्टर में कपड़े की दुकान हसीजा कलेक्शन पर आग लगने से दुकान का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। मौके पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने पहुंचकर दुकान मालिक अंकित से बातचीत की और मदद का पूरा आश्वासन दिया।

## न्यूज फ्लैश

### चैकिंग अभियान में पुलिस ने पकड़ी 1 लाख 40 हजार रुपये की देशी शराब

**गन्नौर: थाना बड़ी** पुलिस ने ड्युटी मैजिस्ट्रेट के साथ चैकिंग अभियान चलाकर अवैध शराब सहित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विनय गांधी नगर गन्नौर का रहने वाला है। जानकारी देते हुए बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चलते अनिल कुमार को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। पुलिस की टीम उनके साथ गन्नौर फ्लाइओवर पर गश्त कर रही थी।

### टीबीओ टेक लिमिटेड का आईपीओ 08 मई, 2024 को खुलेगा

**नोएडा।** टीबीओ टेक लिमिटेड ("कंपनी" या "टीबीओ"), बुधवार, 08 मई, 2024 को इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के लिए बोलियाँ खोलेगी। यह पेशकश शुक्रवार 10 मई, 2024 को बंद हो जाएगी। एंकर निवेशक बोली की तिथि मंगलवार 07 मई, 2024 होगी। प्रस्ताव का प्राइस बैंड रु 875 से ? 920 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 16 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 16 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियाँ लगाई जा सकती हैं ("मूल्य बैंड")।



इस ऑफर में कुल रु 4,000 .00 मिलियन [रु 400 .00 करोड़] मूल्य के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम ("नया निर्गम") और कुछ शेयरधारकों द्वारा 12,508,797 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव ("बिक्री के लिए प्रस्ताव", और नए निर्गम के साथ, "प्रस्ताव") ("कुल प्रस्ताव आकार") शामिल है। कंपनी प्रस्ताव के नए निर्गम हिस्से की शुद्ध आय का उपयोग (i) नए खरीदारों (नीचे परिभाषित) और आपूर्तिकताओं को जोड़कर अपने प्लेटफॉर्म के विकास और सुदृढ़ीकरण के लिए करने का प्रस्ताव करती है, जिसमें शामिल होंगे (ए) कंपनी द्वारा टेक्नालोजी और डेटा सोल्युशंस में निवेश के लिए रु 1,350 .00 मिलियन [रु 135 करोड़], (बी) विपणन और प्रचार गतिविधियों के माध्यम से प्लेटफॉर्म उपयोगकताओं को शामिल करने और भारत के बाहर स्थित आपूर्तिकर्ता और खरीदारों को बढ़ाने के लिए बिक्री और अनुबंध कर्मियों को काम पर रखने के लिए अपनी सामग्री सहायक कंपनी, टेक ट्रैवल्स डीएमसीसी में निवेश के लिए रु 1,000 .00 मिलियन [रु 100 करोड़], (सी) भारत में संगठन की विकास योजनाओं का समर्थन करने के लिए बिक्री, विपणन और बुनियादी ढांचे में रु 250 .00 मिलियन [रु 25 करोड़] का निवेश; और (ii) अज्ञात इनओर्गेनिक अधिग्रहण और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए 400 .00 मिलियन [रु 40 .00 करोड़] की राशि।

### टॉप 3 भविष्योन्मुखी कौशल बने अब 'क्ले प्रीस्कूल' के पाठ्यक्रम का हिस्सा!

**नई दिल्ली।** शिक्षा के तेजी से विकसित हो रहे परिदृश्य में, प्रीस्कूल में दी जाने वाली प्रारंभिक शिक्षा बच्चे के भविष्य की नींव रखने वाले वर्षों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। 'क्ले' प्रीस्कूल एक सही विकल्प हैं, जो अपने अभिनव दृष्टिकोण के साथ माता–पिता की अपेक्षाओं को भी पूरा करता हैं।भारत में प्रीस्कूल और डेकेयर सेंटरों की सबसे बड़ी श्रृंखला के रूप में मान्यता प्राप्त, 'क्ले' (केएलएवाई) की प्रवक्ता सुश्री श्रुति माधवन कहती हैं, "6 महीने की उम्र के बच्चों से लेकर सभी बच्चों को ध्यान में रखते हुए, हम ऐसा शैक्षिक कार्यक्रम पेश करते हैं जो राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा 2020 के अनुरूप हैं, और फि निश



एजुकेयर मॉडल तथा मल्टीपल इंटेलिजेंस का सिद्धांत से भी प्रेरणा लेते हैं। हमारे पाठ्यक्रम को युवा शिक्षार्थियों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार और परिष्कृत किया गया है, जो संरचित गतिविधियों, खेल–आधारित शिक्षा और अन्वेषण का मिश्रण पेश करता है, जिससे बच्चों को अपनी गति से सीखने और बढ़ने के लिए सशक्त बनाया जाता हैं।"कम उम्र से ही बच्चों को प्रीस्कूल वातावरण से परिचित कराने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, 'क्ले' में पाठ्यक्रम की प्रमुख अर्शलीन कालरा ने जोर देकर कहा, "बचपन की प्रारंभिक शिक्षा केवल अक्षरों और संख्याओं तक सीमित नहीं; यह जीवन भर सीखने की नींव रखता है। पाठ्यक्रम के माध्यम से, हम रचनात्मकता को प्रज्वलित करने, आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने, समस्या सुलझाने के कौशल को बढ़ाने और अपने बच्चों में जिज्ञासा पैदा करने, उन्हें 'बड़े स्कूल' और आगे के जीवन के लिए तैयार करने का प्रयास करते हैं।"

# सामाजिक भाईचारे को मजबूत करेगी: डॉ. नवीन नैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत /कमाल हुसैन**

अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामावतार पलसानिया द्वारा जाट संवाद यात्रा सम्पूर्ण भारतवर्ष में निकाली जा रही हैं आज यह यात्रा पानीपत (हरियाणा) पहुँचने पर अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी , अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद पानीपत के अध्यक्ष प्रवीन जागलान (युवराज), वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी प्रेम सिंह भालसी व साथियों के साथ जाट संवाद यात्रा का जोरदार स्वागत अभिनंदन किया व यात्रा की अगवानी की। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामावतार पलसानिया ने बताया कि जाट संवाद यात्रा सम्पूर्ण भारतवर्ष में निकाली जा रही हैं जाट समाज वर्तमान में सामाजिक व राजनीतिक रूप से बेहद कमजोर हो चुका है जाट समाज के सामाजिक भाईचारे की बुनियाद को कमजोर किया जा रहा है इन



सब हालातों पर चर्चा कर कौम के जागरूक व सक्रिय लोगों को जाट संवाद यात्रा से जोड़ा जाएगा। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय जाट संसद हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि कौम के गौरवशाली इतिहास, कौम की सभ्यता संस्कृति व युवाओं को जाट इतिहास के प्रति जागरूक करने रोजगार सृजन व शिक्षा, व्यापार के प्रति जागरूक किया जाएगा सामाजिक नेटवर्क तैयार किया जाएगा समजिक कुरीतिओं के खात्मे पर चर्चा, समाज के जागरूक, प्रबुद्ध, बुद्धिजीवी, लोगों से इस यात्रा के दौरान संवाद कर समाज के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

पूरे देश–दुनिया के जाट समाज को सामाजिक रूप से मजबूत करने के लिए विश्व जाट एकता के लिए कार्य किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद पानीपत के अध्यक्ष प्रवीण जागलान ने बताया कि जाट संवाद यात्रा पानीपत के प्रत्येक ब्लॉक व देहात में जायेंगी जिससे समाज को जोड़कर युवाओं को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान जाट संवाद यात्रा में अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी, अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मनु चौधरी दांतल, अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद हरियाणा के प्रदेश प्रतिनिधि भवानी सिंह किरमारा, अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद उत्तर प्रदेश के शक्ति मलिक मेरठ, अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के पानीपत अध्यक्ष प्रवीन जागलान,रामकिशन राठी,महाबीर सिह दुहन,हरबीर मान,हवा सिंह मान,रामभगत रूहल,वेदपाल मलिक,नरेन्द्र घणघस सहित तमाम जाट समाज के प्रबुद्ध, बुद्धिजीवी व आसपास के इलाकों के जनप्रतिधि यात्रा में शामिल रहें।

# ग्रामीणों को मतदान के लिए किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।**

**कैलाना गांव के** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्राचार्य नवीन कुमार व मुख्याध्यापक आनंद कुमार ने किया। इस मौके पर संदीप कुमार, डीपीई संजय, पीटीआई देवेंद्र, कला अध्यापक मुकेश कुमार व सुमन सहित समस्त स्टाफ मौजूद था। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्कूल में सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया, जहां विद्यार्थियों सहित अध्यापकों ने सेल्फी ली। विद्यार्थियों ने प्रातरूकालीन सभा में कविता व भाषण द्वारा मतदान का महत्व बताया। इसके अलावा छात्र-छात्राओं ने गांव में प्रभात फेरी निकाली और ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किया।



# कांग्रेस नेता सुरेश भारद्वाज को मातृशोक

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: शहर के वरिष्ठ कांग्रेस** नेता सुरेश भारद्वाज की माता श्रीमती परमेश्वरी का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लम्बे समय से बीमार चल रही थी। 1 मई बुधवार को दोपहर लगभग 11 बजे पुराने महावीर कॉलोनी स्थित उनके पुत्र सुरेश भारद्वाज के घर पर उन्होंने अंतिम साँस ली। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गयी है। जिसमे उनके दो पुत्र एक पुत्री एवं चार पौत्र है। उनके निधन का समाचार सुनते ही शहर के गणमान्य व्यक्ति उनके घर शोक संवेदना जताने उनके घर पहुंचे और घटना पर दुःख जताया। उनके पुत्र सुरेश भारद्वाज ने बताया कि 12 मई रविवार को पुरानी महावीर कॉलोनी स्थित बालाजी सत्संग हॉल में रस्म पगड़ी एवं आत्मिक शांति के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।



# सोनिया ने किया सदर थाना सोनीपत का निरीक्षण

## वाइस चेयरपर्सन ने महिलाओं की शिकायतों को लेकर की पुलिस अधिकारियों से बातचीत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: राज्य महिला आयोग** की वाइस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल ने शुक्रवार को सदर थाना सोनीपत का निरीक्षण करते हुए महिला थाने में शिकायत लेकर आने वाली महिलाओं को मिलने वाली विभागीय सेवाओं, सुरक्षा, सहयोग व अन्य विभागीय गतिविधियों के बारे में पुलिस अधिकारियों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने रीडर रूम, कम्प्यूटर कक्ष, आईओ कक्ष, एमएचसी रूम, शिकायत रजिस्टर आदि का आदि का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए।



इस दौरान एक महिला द्वारा महिला आयोग को मिली शिकायत की सुनवाई करते हुए वाइस चेयरपर्सन ने थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि वे इनकी गुमशुदा बेटी का तुरंत तलाश करें ताकि उसका पता लग सके। इस दौरान उन्होंने महिला थाने में तैनात कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि थाने में शिकायत लेकर आई महिला के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार किया जाए और उसकी शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाए। उन्होंने थाने की इंचार्ज कविता से कहा कि न्याय के लिए आई महिला को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा उसकी सुरक्षा से संबंधित सभी इंतजाम किए जाएं। हिरासत में ली गई महिला के साथ आए बच्चों को भी सुरक्षित वातावरण मिले और उनके खेलने के लिए अलग कमरे में सामान के साथ समुचित व्यवस्थाएं भी की जाएं।

# सरस्वती स्कूल में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**राईः जी टी रोड मुरथल** चौक के पास स्थित सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भिवानी बोर्ड द्वारा घोषित बाहरवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बेहता अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। स्कूल के संचालक रोहित लाकड़ा, साहिल लाकड़ा व प्रधानाचार्या मन्नु, उपप्रधानाचार्या राधिक शर्मा ने छात्रों को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में संचालक रोहित लाकड़ा ने बताया कि स्कूल के छात्रों का परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन रहा है। 119 छात्रों में से 100 छात्र मेरिट व 19 छात्र प्रथम श्रेणी में पास हुए है। परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत रहा। स्कूल में छात्रा रिया ने 476/500 अंक लेकर प्रथम स्थान, कार्तिक ने 474/500 द्वितीय स्थान व खुशबु ने 472/500 तृतीय स्थान प्राप्त किया। संचालक रोहित लाकड़ा ने सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षकों व छात्रों व उनके अभिभावकों को दिया। लाकड़ा ने कहा कि स्कूल का हर साल परीक्षा परिणाम बेहतर रहता है।




# जहरीला पदार्थ निगलने से बिगड़ी थी युवक युवती की हालत

**गन्नौर। जीटी रोड** पर बेहोशी की हालत में मिले युवक-युवती की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। चिकित्सकों ने युवती की हालत ठीक होने पर शनिवार को घर भेज दिया था, जबकि युवक अभी उपचारधीन है। पुलिस के अनुसार उन्होंने दवा के धोखे में जहर का सेवन कर लिया था, जिस वजह से उनकी तबियत बिगड़ी थी। जांच अधिकारी हवलदार विनोद ने बताया कि शुक्रवार को जीटी रोड पर एक पेट्रोल पंप के निकट युवक-युवती बेहोशी की हालत में मिले थे। जिनको इलाज के लिए रोहतक पीजीआई में दाखिल कराया गया था। युवक-युवती बागपत, यूपी के अलग-अलग गांव के रहने वाले हैं। सूचना पर देर रात युवती के स्वजन भी अस्पताल में पहुंच गए थे। युवक-युवती का कहना है कि दवा के धोखे में जहरीली दवा का सेवन कर लिया था। वह छपरौली से गन्नौर जीटी रोड कैसे पहुंचे उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं है।

**खतरे से बाहर**

**वह छपरौली से गन्नौर जीटी रोड कैसे पहुंचे उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं है**

# मनरेगा मजदूरों को एक घंटे का आराम दिया जाए

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: मनरेगा में कार्य** करने वाले मजदूरों के लिए गर्मी से बचाव को ध्यान में रखते हुए मनरेगा आयुक्त एंव निदेशक एंव विशेष सचिव, ग्रामीण विकास अभिकरण के आदेश पर जिला कार्यक्रम समन्यवक (मनरेगा स्कीम)व बीडीपीओं को उक्त आदेशों को लागू करने के आदेश दिए है। आदेशों में बताया कि गर्मी की अधिकता के कारण मनरेगा मजदूरों को कार्य में कोई परेशानी नही होनी चाहिए। मनरेगा मजदूरों से कार्य करवाने के लिए 8 घंटे में कार्य करवाने के समय में बीच में एक घंटे का आराम दिया जाए। अगर कोई श्रमिक समूह समय से पूर्व निर्धारित कार्य के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो वह अपने कार्य को मेट,अन्य कर्मचारी के पास उपलब्ध मस्ट्ररोल व कार्य रजिस्टर में दर्ज करवाने के बाद वह छुट्टी कर सकेगा। मनरेगा मजदूरों की हाजरी दिन में दोनों समय एनएमएमएस के माध्यम से ऑनलाईन लगवाए। गर्मी को ध्यान में रखते हुए आदेश दिए है कि मनरेगा के तहत जहा भी काम चल रहा है। मनरेगा मजदूरों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था, छाया के लिए शैड, टैंट की व्यवस्था के साथ प्राथमिक उपचार के लिए दवाईयों की व्यवस्था होनी चाहिए। यदि 6 वर्ष से कम उम्र के पांच से अधिक बच्चे महिला मजदूरों के साथ आते हों तो एक महिला मजदूर उन बच्चों की देखभाल हेतू लगाई जाए।



**मनरेगा में आदेशों का सख्ती से होगा पालन : बीडीपीओ**

- बीडीपीओ पूनम चंदा ने बताया कि आयुक्त के आदेश अनुसार मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों के लिए गर्मी के मौसम में ध्यान रखते हुए विभाग द्वारा जो आदेश दिए है। उनका सख्ती से पालन करवाया जाएगा। मनरेगा कार्य स्थल पर पानी, शैड या टैंट की व्यवस्था की जाएगी।

# . कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दो साथी गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: राष्ट्रीय रा**जमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। मुरथल फ्लाईओवर पर कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई और उनके दो दोस्त घायल हो गए। तीनों बाइक पर दिल्ली से काम के सिलसिले में मुरथल आए थे। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव उजवा नई दिल्ली निवासी सौरभ सिंह ने बताया कि शुक्रवार को वह तथा उनके भाई गौरव व भाई के दो साथी अमन व आकाश मुरथल काम से आए थे। काम खत्म कर गौरव अपनी बुलेट बाइक पर अपने साथी अमन व आकाश के साथ दिल्ली के चले थे। वह उनके पीछे दूसरी बाइक पर चल रहे थे। जब उनके भाई पानीपत-दिल्ली लेन पर दशमेश ढाबे के सामने पहुंचे तो कार चालक ने तेज गति में आकर उनके भाई गौरव की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उनके भाई समेत तीनों युवक सडक पर गिर गए। गौरव बुरी तरह घायल हो गए और अमन व आकाश को भी चोट लगी। इसी दौरान वह पहुंचे तो उन्होंने कार का नंबर नोट कर लिया। साथ ही अपने भाई गौरव, अमन व आकाश को संभाला और राहगीरों की मदद से निजी अस्पताल में पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान गौरव को मृत घोषित कर दिया। अमन व आकाश को उपचार दिया जा रहा है। सूचना के बाद पहुंची मुरथल थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया। जांच अधिकारी एसआई विजय पाल ने बताया कि पुलिस ने शनिवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

# राकेश भारद्वाज चौकः आदर्श रसोई की युवा सदस्य शिवानी का मनाया जन्मदिन








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आदर्श नगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी 'राकेश भारद्वाज चौक' पर आदर्श रसोई ने तीसरे साल के पांचवें रविवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही आदर्श रसोई के युवा सदस्य शिवानी मोरवाल का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आदर्श रसोई के सदस्यों और पदाधिकारियों का उत्साह देखते ही बनता था।

**रिबन काटकर शिवानी मोरवाल ने किया आदर्श रसोई का शुभारंभ**
आदर्श रसोई ने शिवानी मोरवाल का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से शिवानी मोरवाल ने रिबन काटकर किया। इसके उपरांत श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

**शिवानी मोरवाल का हुआ भव्य स्वागत, मालाएँ पहनाकर किया गया अभिनंदन**
शिवानी मोरवाल के जन्मदिन के मौके पर पूरा परिवार मौजूद रहा जिनका आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने मालाएँ पहनाकर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का उत्साह अपने चरम पर था। शिवानी मोरवाल के व्यक्तित्व और जीवन पर भी प्रकाश डाला गया। संस्था के अन्य सदस्यों ने भी अपने अपने विचार रखे।

## दिल्ली मेयर ने ग्रामीणों में फैलाई झूठी घोषणा की भ्रांतिः थान सिंह यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली पंचायत** संघ ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए विभिन्न प्रकार की ग्रामीण समस्याओं को लेकर पंचायत संघ प्रमुखों के साथ मिलकर बैठक की।

**सौतेला व्यवहार करने का मढ़ा आरोपः** इसमें दिल्ली देहात, गांवों, ग्रामीणों व किसानों के साथ सौतेला व्यवहार करने व मजाक उड़ाने वालों के खिलाफ चुनावो में विरोध दर्ज करनें का फैंसला लिया है। वहीं संघ ने सभी दलों के लोकसभा उम्मीदवारों से कहा की अपने 100 दिन के प्रमुख कार्यो में दिल्ली देहात, गांव, ग्रामीण व किसानों के मुद्दों को रखें। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने लोकसभा उम्मीदवार रामबीर विधूड़ी के सौ दिन के प्रमुख कार्यों में गांवों के लालडोरा विस्तारित लाल डोरा को मालिकाना हक दिलवाने को कहा, तो वहीं पश्चिमी दिल्ली लोकसभा उम्मीदवार कमलजीत सहरावत ने किसानों के गम्भीर मुद्दे लैंड पुलिंग काम को प्रमुखता देने को कहा। वहीं सौ दिन के कार्यों में उत्तर पश्चिमी लोकसभा उम्मीदवार योगेन्द्र चंदौलिया ने दिल्ली देहात के लिए मैट्रो विस्तार कराने को कहा, जिसको लेकर संघ ने इन सभी का आभार व्यक्त किया। पंचायत संघ ने कहा दिल्ली की मेयर द्वारा अपनी पार्टी कार्यालय से एक संवादाता वार्ता में दिल्ली के गांवों के हाउस टैक्स माफ की झूठी घोषणा की। निगम ने गांवों के हाउस टैक्स माफ को लेकर कहा की हमें इस संबंध में कोई आदेश नहीं मिला है।



## वजीरपुरः दिल्ली में विकास कांग्रेस पार्टी की देनः बद्रूदीन खान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** कांग्रेस नेता बद्रूदीन खान ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस की लहर है, हम जहां पर भी जा रहे है, वहां की जनता कांग्रेस को शासन में देखना चाहती हूं, क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। आज जो दिल्ली में आप विकास देख रहे है। वह कांग्रेस पार्टी की देन है।

उन्होंने आगे बताया कि आज जो दिल्ली में बड़े-बड़े फ्लाईओवर, अस्पताल व लो-फ्लोर बसे देख रहे है, वह कांग्रेस पार्टी के समय में हुआ है। क्योंकि कांग्रेस जो कहती है, वह करके दिखाती है। उन्होंने देश के लोगों से अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस का साथ दे, क्योंकि देश में कांग्रेस पार्टी ही विकास कर सकती है। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा राज में आज देश में मंहगाई चरम सीमा पर है।



## कांग्रेस प्रत्याशी जेपी अग्रवाल ने चुनाव से पूर्व ही मानी शिकस्तः प्रवीण शंकर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली भाजपा** के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी जयप्रकाश अग्रवाल ने चुनाव पूर्व ही अपनी हार स्वीकार कर ली है। इसलिए उन्होंने अपना नामांकन भरने के दिन संसदीय क्षेत्र से नामांकन के लिए स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ जुलूस में जाना तो दूर आज नामांकन पूर्व संसदीय क्षेत्र में आना भी जरूरी नहीं समझा। परम्परागत रूप से देश ही नहीं दुनिया भर में चुनाव प्रत्याशी अपने नामांकन के दिन चुनाव क्षेत्र में एकत्र होकर अपने समर्थकों की ताकत दिखा कर नामांकन करने जाते हैं, पर आज अपना दसवां चुनाव लड़ रहे जयप्रकाश अग्रवाल ने चुनाव में निश्चित हार को भांपते हुऐ नामांकन यात्रा निकालना तो दूर नामांकन की सुबह अपने चुनाव क्षेत्र के किसी मंदिर-मस्जिद में आना भी जरूरी नहीं समझा।



**बस दिखावे के लिए है आप विधायकः** भाजपा प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल की तरह जयप्रकाश अग्रवाल की भी पुरानी खानदानी हवेली पुरानी दिल्ली में है पर आज अग्रवाल ने वहाँ से चुनाव यात्रा शुरू करना भी जरूरी नहीं समझा। क्योंकि कांग्रेस के पास कार्यकर्ता नही हैं और क्षेत्र के दस के दस आम आदमी पार्टी विधायक केवल दिखावे के लिए साथ हैं, उन्होंने कहा कि ना आप विधायक जयप्रकाश अग्रवाल को जन समर्थन देने को तैयार हैं।

# चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी जेपी अग्रवाल ने भरा नामांकन, सैकड़ों कार्यकर्ता रहे मौजूद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः चांदनी चौक** संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के सांसद प्रत्याशी जय प्रकाश अग्रवाल ने अलीपुर स्थित डीएम कार्यालय में नामांकन भरा। इस दौरान उनके साथ डीपीसीसी और एआईसीसी के कई बडे पदाधिकारी मौजूद रहे।

**हर्षोल्लास से भरा गया नामांकन पत्रः** मॉडल टाउन थर्ड स्थित जी सात व जेपी अग्रवाल के आवास फिरोजशाह रोड़ से एकत्र होकर गाजे-बाजे व आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पार्टी के ध्वज लहराते हुए दो हज़ार से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं का हुजुम मौजूद रहा, फिर वहां से अलीपुर चुनाव कार्यालय में अपना नामांकन पत्र भरा।





**इंडिया गठबंधन से हज़ारों लोगों ने दी उपस्थितिः** इस दौरान देवेंद्र यादव अध्यक्ष डीपीसीसी, हारुन यूसुफ कांग्रेस के पूर्व मंत्री, मंगत राम सिंघल पूर्व मंत्री, राजेश जैन पूर्व विधायक, शादीराम पूर्व विधायक, अनिल भारद्वाज, सुभाष चोपड़ा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली, आम आदमी पार्टी से राम निवास गोयल विधानसभा स्पीकर, इमरान हुसैन मंत्री दिल्ली सरकार, पवन शर्मा विधायक, अखिलेश पति त्रिपाठी, वंदना कुमारी विधायक शालीमार बाग इन सभी के साथ-साथ रविंद्र दूबे मॉडल टाउन विधानसभा बीएलए-1, मॉडल टाउन ब्लॉक अध्यक्ष रमेश शर्मा, राणा प्रताप बाग ब्लॉक अध्यक्ष जेके दावर, रमेश जैन, नीरज मित्तल, अधिवक्ता राजेश टॉक, विनोद वाधवा, अमित वाधवा, इकबाल सिंह फ्लोरा, आनंद गोयल, राजकुमार गुप्ता, विशाल, विकास, अशोक गुप्ता, जानकी दास भारद्वाज, अजय गुप्ता, मुरारी लाल, गौरव गांधी, सुरेश बजाज सहित इंडिया गठबंधन के हजारों की तादात में पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। इस बीच जेपी अग्रवाल ने मोदी सरकार को सवालों के कटघरे में खडा करते हुए कहा कि मोदी सरकार देश को लूटने में लगी हुई है और इंडी गठबंधन का लक्ष्य इसे सत्ता से बेदखल करके देश को बचाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, संविधान और न्याय व्यवस्था को खत्म करने की कोशिश की जा रही है।

## अंतरराष्ट्रीय फायर फाइटर्स दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः अंतरराष्ट्रीय** फायर फाइटर्स दिवस के मौके पर बरवाला में शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने विश्व के सभी देशों में आग से जूझते हुए अपनी जान की परवाह ना करते हुए दूसरों की जान बचाने वाले बहादुर फायर फाइटर्स को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए और फायर फाइटर्स के योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

वत्स ने कहा कि दिल्ली में हाईराइज बिल्डिंगों की बढ़ती हुई संख्या के मद्देनजर कम से कम हर विधानसभा क्षेत्र और हर पुलिस जिला मुख्यालय में आधुनिकतम तकनीक से लैस फायर स्टेशन खोलने की जरूरत है।

# नरेला विधानसभाः नरेला अनाज मंडी में नागरिक अभिनंदन समारोह का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः उत्तरी पश्चिमी** लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया का शनिवार को पुरानी अनाज मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन धर्मशाला में नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन व्यापार मंडल नरेला अनाज मंडी (रजि.) की और से किया गया। समारोह में भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया का माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ भेंटकर, नोटों की माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया और व्यापार मंडल नरेला अनाज मंडी की ओर से पूर्ण समर्थन देने का वादा किया गया। इस मौके पर सांसद प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया ने अपने संबोधन में कहा कि मैं चुनाव जीतने के बाद अपनी लोकसभा क्षेत्र में सभी रुके हुए विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराऊंगा। उन्होंने उपस्थित जन समूह से आवाहन करते हुए कहा कि आप सभी बीजेपी को अपना समर्थन और आशीर्वाद देकर आगामी लोकसभा चुनाव में विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में अबकी बार भाजपा 400 पार कर इतिहास रचेगी। व्यापार मंडल नरेला अनाज मंडी के प्रधान कृष्ण बंसल ने चंदोलिया को व्यापार मंडल की ओर से पूर्ण समर्थन देने का वादा करते हुए कहा कि योगेंद्र चंदोलिया जमीनी कार्यकर्ता है जो कि अब की बार हमारी उत्तरी पश्चिमी लोकसभा सीट से सांसद प्रत्याशी के रूप में हमारे बीच में आए हैं। हम चंदोलिया को भारी मतों से जिताकर आगामी लोकसभा में भेजेंगे। ताकि लोकसभा क्षेत्र में रुके हुए विकास कार्य जल्द से जल्द पूरे हो सके। समारोह मे कृष्ण बंसल प्रधान, पूर्व निगम पार्षद सविता नरेश खत्री, पूर्व निगम पार्षद राजकरण खत्री, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, नरेला मण्डल अध्यक्ष प्रताप दहिया, शिवकुमार बिट्टू, विद्यासागर बंसल, बाल प्रकाश बंसल, श्री कृष्ण दास गर्ग, विरख भान,पूर्व मण्डल अध्यक्ष अशोक अमरोही, गोपी घी वाले, पवन खत्री (मोनी), योगेश शर्मा, मास्टर प्रेम, वीरेंदर देशवाल, राजेश कुंडू, सुरेश खत्री, रजनीश गुप्ता, प्रताप, नरेश खत्री, सुनील, वेद प्रकाश, सीमा पारासर, रेखा, विजेंदर, राजकुमार, सहित सैकड़ो की संख्या मे लोग मौजूद रहे।





# धूमधाम से मनाया गया निगम पार्षद सुशील जोंटी का जन्मदिन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः संगम पार्क** वार्ड के निगम पार्षद सुशील जोंटी का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही उनको जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता उनके निवास पर लगा। इस अवसर पर चांदनी चौक लोक सभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने निगम पार्षद सुशील जोंटी को जन्मदिन की बधाई दी और कहा कि जोंटी बड़े ही अच्छे व्यक्ति है। इस मौके पर जहां एक ओर लोगों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी, वहीं उनकी दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर पार्षद सुशील जोंटी ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उन सभी का धन्यवाद करता हूं।

## शालीमार बागः रक्तदान का हमारें जीवन में है विशेष महत्वः चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः शालीमार बाग** के युवा समाजसेवी राजकुमार चौधरी ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को जीवनदान मिल सकता है। इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें और दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें, जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की जिम्मेदारी है।

**विचार**

**राजकुमार ने कहा कि सभी इस पुण्य के कार्य में हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें।**

# बीजेपी झूठ की दुकान बन चुकी, जनता से किए वादे निकले जुमले : डॉ. सुशील गुप्ता

चुनावी यात्रा

▶▶कुरुक्षेत्र में घुमंतू परिवार को पिछले 10 साल में नहीं मिला एक भी पक्का मकान : डॉ. सुशील गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने शनिवार को प्रेसवार्ता कर पक्के मकान देने के झूठे प्रचार पर बीजेपी सरकार को घेरा। इसके बाद उन्होंने पुंडरी विधानसभा के गांवों में चुनावी यात्रा निकाली। खेड़ी साकरा से शुरू होकर शाम को खेड़ी सिकंदर में उनकी यात्रा का समापन हुआ। उनके साथ पूर्व सीपीएस सुल्तान सिंह जंडौला, सतबीर भाना, सतपाल साकरा, बलकार सिंह, कंवरपाल करोड़ा, सुनीता बतान, रामचंद्र गुज्जर, जस्तेज नंबरदार, देवेंद्र हंस, जसमेर श्योकंद, सुखबीर चहल, प्रहलाद शर्मा, सोनिया शर्मा, स्वामी कृष्णानंद, जसमेर सिंह, करण सिंह और इशम सिंह मौजूद रहे।
उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा में जोर शोरों से चुनाव प्रचार चल रहा है और हर गांव व शहर के वार्ड में लोग इंडिया गठबंधन की सरकार बनाना चाहते हैं। लोग बीजेपी से नफरत करने लगे हैं, क्योंकि बीजेपी झूठ की दुकान बन चुकी है जो हर मुद्दे पर झूठ बोलती है। बीजेपी ने पूरे प्रदेश में बड़े बड़े होर्डिंग्स लगा दिए कि पीएम मोदी ने गरीबों को 2 करोड़ पक्के मकान दिए। सरकार के इस झूठे प्रचार के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए जा रह हैं। आज मैं तथ्य के साथ साबित करूंगा कि बीजेपी भारतीय झूठी पार्टी किस तरीके से हरियाणा में झूठ का प्रचार कर रही है और लोगों को गुमराह कर रही है।
उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने लगातार दो साल से केंद्र सरकार से मांग कि गरीबों को मकान दिया जाए। दोनों बार केंद्र सरकार ने इस मांग का नामंजूर कर दिया। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से 2022-23 में और 2023-24 वित्त वर्ष में गरीबों के लिए 20-20 हजार मकान देने की मांग की थी परंतु केंद्र सरकार ने हरियाणा को एक भी मकान की मंजूरी नहीं दी। केवल झूठे होर्डिंग्स लगाए जा रहे हैं। प्रदेश की हालत ऐसी है कि मार्च 2019 में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना में 1 लाख 68 हजार लोगों ने मकान के लिए आवेदन किया था।

# शोभा यात्रा निकालकर तिरुपति धाम में 10 दिवसीय उत्सव का शुभांरभ

शुभांरभ

▶▶- रामानुज की सवारी शोभा यात्रा निकालकर तिरुपति धाम में 10 दिवसीय उत्सव का शुभांरभ

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार :** श्री तिरुपति बालाजी धाम में श्री रामानुज स्वामी उत्सव का शुभारंभ धूमधाम से किया गया। श्री रामानुज स्वामी की विशेष पूजा-अर्चना के उपरांत सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने पालकी को अपने कंधों पर उठाकर तिरुपति धाम की परिक्रमा की और रामानुज स्वामी के प्रति आस्था जताई। इसके उपरांत श्रद्धालुओं में सात्विक गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया।
12 मई तक चलने वाले इस



उत्सव में हिसार व अन्य क्षेत्रों से काफी संख्या में हर रोज श्रद्धालु शिरकत करेंगे। उत्सव के दौरान हर रोज श्री रामानुज स्वामी जी की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी और प्रतिदिन सायंकाल श्री रामानुज स्वामी जी की सवारी शोभा यात्रा निकाली जाएगी। संत रामानुज स्वामी भगवान विष्णु के अनन्य उपासक रहे हैं। रामानुजाचार्य के रूप में प्रसिद्ध रामानुज स्वामी जी ने लोकजागरण का आधार भक्ति को ही मान्य किया और भक्ति के प्रचार-प्रसार के लिए व्यापक प्रयास किए।
ज्ञान व भक्ति की गंगा बहाते हुए हिन्दू संस्कृति का पुनरुत्थान तथा सामाजिक जागरण का महान कार्य किया। अपनी यात्राओं के दौरान अनेक स्थानों पर उन्होंने कई जीर्ण-शीर्ण हो चुके पुराने मंदिरों का पुनर्निर्माण करवाया। श्री रामानुज स्वामी जी का भव्य मंदिर हिसार में लांदड़ी टोल प्लाजा के पास श्री तिरुपति बालाजी धाम में स्थापित किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### रोहतक के गांव लाहली में डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा को खंडित करने वाले एक आरोपी की गिरफ्तारी : एडवोकेट दयानंद रंगा

**रोहतक**
रोहतक के गांव लाहली में डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा को खंडित करने वाले एक आरोपी की गिरफ्तारी, रिमांड के दौरान आरोपी से डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा से तोड़ी गयी उंगली व वारदात में इस्तेमाल काले रंग की स्कार्पियो गाड़ी बरामद। अदालत में अधिवक्ता बलवान सिंह सरोहा और दयानंद रंगा पीड़ित की तरफ से पेश हुए जहां पर अदालत ने मुख्य आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में सेंट्रल जेल रोहतक भेज दिया। हरियाणा पिछड़ा वर्ग कल्याण मंच के अध्यक्ष एडवोकेट दयानंद रंगा ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा को खंडित करना एक घोर अपराध है क्योंकि जिन्होंने संविधान के निर्माण में मुख्य भूमिका निभाई, उनके प्रति हम सब देशवासियों की सम्मान की भावना होनी चाहिए।
एडवोकेट दयानंद रंगा
फोन नं. : 8053336759

### फतेहाबाद न्यायिक परिसर में 11 मई को लगाई जाएगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकुला द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला न्यायिक परिसर व उपमंडल न्यायिक परिसर में 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।
जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में नागरिक अपने हर प्रकार के मामलों को समाधान के लिए रख सकते हैं। इस लोक अदालत में आपराधिक, दिवानी, बैंक रिकवरी, वैवाहिक, वाहन दुर्घटना, बिजली, पानी और श्रम विवाद से संबंधित व प्री-लिटिगेटिव स्टेज पर मामलों का निपटान किया जाएगा। प्राधिकरण की सचिव ने संबंधित अधिकारियों को लोक अदालत में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए कहा और ज्यादा से ज्यादा मुकदमों को इस लोक अदालत में लगाने व उनका निपटान करने के लिए कहा।
उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के समाधान के लिए आमजन की सुविधा अनुसार जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया द्वारा बेंच बनाए गए हैं जिसमें जिला मुख्यालय के न्यायिक परिसर में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हेमंत यादव, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नताशा शर्मा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सिविल जज सीनियर डिवीजन समप्रीत कौर, सिविल जज जूनियर डिवीजन एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी जोगींद्र जांगड़ा, उपमंडल टोहाना में अतिरिक्त सिविल जज सीनियर डिवीजन एवं उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी राजीव तथा उपमंडल रतिया में अतिरिक्त सिविल जज सीनियर डिवीजन एवं उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी संतोष बगोटिया की अदालतें लगाई जाएंगी।

### सिरसा से भाजपा उम्मीदवार अशोक तंवर के समर्थन में निकाला रोड शो

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
सिरसा लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार डॉ. अशोक तंवर के समर्थन में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में भव्य रोड शो निकाला गया। यह रोड शो नेहरु पार्क से आरंभ होकर जगदेव सिंह चौक, सुभाष चौक, भगत सिंह चौक, परशुराम चौक से होता हुआ अंबेडकर चौक पर पहुंचा। इस दौरान भारत माता की जय, जय श्री राम से पूरा शहर गूंजायमान कर दिया।
रोड शो में राज्यसभा के सदस्य सुभाष बराला, हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, सिरसा लोकसभा के प्रभारी, स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंद्र सिरसा, सिरसा के विधायक गोपाल कांडा, फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम, रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा, भाजपा सिरसा जिला की अध्यक्ष निताशा राकेश सिहाग, फतेहाबाद भाजपा के जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा, पूर्व विधायक बलकौर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश चोपड़ा सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनता पहचान चुकी भाजपा की नीति व नीयत

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हिसार लोकसभा क्षेत्र में ही नहीं, पूरे हरियाणा में कांग्रेसियों की टांग खिंचाई की आदत जगजाहिर है। हर कांग्रेस का नेता एक दूसरे को अंडरवेट और खुद को हैवीवेट बताने में लगा रहता है। यह बात हिसार लोकसभा क्षेत्र से जननायक जनता पार्टी की प्रत्याशी नैना सिंह चौटाला ने कही। वे शनिवार को मील गेट क्षेत्र में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद कार्यकताओं से रूबरू हो रही थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी नेताओं की आपसी फूट के चलते पहले तो टिकटों के वितरण में इतनी देरी हुई और टिकट वितरण के बाद भी कांग्रेस में नेताओं के बीच आपसी फूट का सिलसिला और तेज हो गया है।

# जनता चुनाव में वोट की चोट से भाजपा प्रत्याशियों को घर बिठाने का काम करेंगी

मीटिंग

▶▶जनता भारी बहुमत से हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना चुकी है- बजरंग



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग ने शहर के प्रतिनिधियों की मीटिंग में कहा कि हिसार लोकसभा के साथ-साथ सभी 10 सीटों पर इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से विजय प्राप्त करेगी और हरियाणा विधानसभा में भारी बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनेगी। आज सरकार की गलत नीतियों से व्यापार व उद्योग पिछड़ते जा रहे हैं और हमारा पढ़ा लिखा युवा चपरासी तक की नौकरी के लिए धक्के खा रहा है। कांग्रेस पार्टी हमेशा देश के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार की बात करती हैं जबकि भाजपा हमेशा मुद्दों से भटकाने का काम करती है। देश में आज बेरोजगारी और महंगाई सबसे बड़े मुद्दे हैं, लेकिन भाजपा उन पर कभी अपना मुंह नहीं खोलती, इन मुद्दो पर किए गए हर सवाल का जवाब ना देते हुए टालने का काम करती है। हरियाणा में लगातार बेरोजगारी बढ़ रही है और पहले से कई गुना महंगाई बढ़ गई है। यहां तक की दाल, सब्जी, आटा, दूध, दही, नमक हर खाद्य सामग्री पहले से बहुत ज्यादा महंगी हो गई है। भाजपा सरकार ने नए-नए टैक्स लगाकर व टैक्सों में बढ़ोतरी कर-के जनता की जेबों में डाका डालने का काम किया है। बजरंग गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार से व्यापारी, किसान कर्मचारी, मजदूर व हर वर्ग का नागरिक दुखी है और भाजपा सरकार से मुक्ति चाहता है। श्री गर्ग ने माता, भाई-बहन, बुजुर्ग व युवाओं सभी से अपील की है कि हिसार लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के संघर्षशील प्रत्याशी भाई जयप्रकाश को आशीर्वाद देकर सफल बनाएं। बजरंग गर्ग ने कहा कि जनता लोकसभा चुनाव में वोट की चोट से भाजपा प्रत्याशियों को घर बिठाने का काम करेंगी जबकि जनता इस बार लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जीताने का मन बना चुकी है और प्रदेश की जनता हरियाणा विधानसभा में भी कांग्रेस की सरकार बनाकर भाजपा की तानाशाही सरकार से मुक्ति दिलाएगी।
भाजपा ने 2019 में हरियाणा में नारा दिया था अबकी बार 75 पर मगर 40 में अटक कर रह गई थी, भाजपा कहती है अबकी बार 400 पार मगर भाजपा लोकसभा चुनाव में 150 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी। इस अवसर पर शहर के प्रतिनिधियों ने भारी संख्या में भाग लिया।

# बच्चों को करवाई गई योगाभ्यास गतिविधि



**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिंह )**
गीता विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल जौरासी रोड समालखा में कक्षा दूसरी के बच्चों को योगाभ्यास गतिविधि करवाई गई। इस गतिविधि में कक्षा अध्यापिका रिंकी और सुषमा रोहिल्ला द्वारा विभिन्न प्रकार के योगा करवाए गए। जैसे सूर्य नमस्कार, तितली आसन, लोम-विलोम, कपालभाति वृजासन आदि। कक्षा अध्यापिका सुषमा त्यागी, कुसुम ने बताया कि योगा करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। सूर्य नमस्कार करने से हमारा दिमाग शांत रहता है और मानसिक तनाव भी कम होता है। इससे इंसोमनिया समस्या कम होती है, तितली आसन द्वारा पैरों और घुटनों के दर्द से राहत मिलती है। कपालभाती से रक्त का संचार बढ़ता है और इस आसन के लगातार करने से अस्थमा जैसी बीमारी पर भी रोकथाम लगाई जा सकती है। स्कूल संचालक राधेश्याम जांगड़ा व मुख्य अध्यापिका अनीता धीमान ने बच्चों को बताया कि हमें योग को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए जिससे हमारा तन और मन शांत रहे।

# रेलगाड़ी में यात्री से छीना मोबाइल व नगदी

**जींद**
दिल्ली से जम्मू जा रही रेलगाड़ी के वॉशरूम में तीन युवकों ने एक यात्री से मोबाइल फोन तथा नगदी की छीन लिया। रेल में मौजूद यात्रियों ने तीनों युवकों को काबू कर रेलवे पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए तीनों युवक पश्चिमी बंगाल के रहले वाले हैं। रेलवे थाना पुलिस ने पकड़े गए तीनों युवकों के खिलाफ छीना झपटी का मामला दर्ज कर लिया है।
गाजियाबाद निवासी अंकित ने रेलवे पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के 22 सदस्यों के साथ दिल्ली से वैष्णो देवी दर्शन के साथ रेलगाड़ी में सवार हुआ था। अल सुबह वह वॉशरूम में चला गया।

# भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में चार्टेड अकाउंटेंट की अहम भूमिका : धनखड़




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**
भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औम प्रकाश धनखड़ ने शनिवार को द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के नॉर्दन इंडिया रीजनल काउंसिल को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षो में भारत की इकोनॉमी में ऐतिहासिक सुधार हुआ है । भारत दुनिया की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। हमारी सरकार ने एक देश एक टैक्स की नीति को आगे बढ़ाया है। नए टैक्स स्लैब की नीति बनाई है जिसके तहत माध्यम एव नौकरीपेशा वर्ग को सात लाख रुपए तक की वार्षिक आय पर कर से राहत मिली है। उधमियों को इंस्पेक्टर राज से छुटकारा मिला है। पारदर्शी टैक्स नीति से टैक्स कलेक्शन में भारी बड़ोतरी हुई है। टैक्स से प्राप्त धन से गरीब कल्याण के कार्य हुए हैं।
श्री धनखड़ ने कहा कि देश की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और गति देने में ढांचागत विकास की अहम भूमिका होती है। पिछले दस वर्षों में भाजपा की मोदी सरकार ने इस क्षेत्र को प्राथमिकता दी है। भाजपा के मैनिफेस्टो में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था बनाने और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का मोदी जी ने संकल्प लिया है। इसमें आप जैसे अर्थव्यवस्था के विशेषज्ञों का अनुभव देश को विकसित बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। भाजपा मैनिफेस्टो समिति सदस्य एव दिल्ली प्रभारी श्री धनखड़ ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष के दौरान डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में लगभग 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी देश की बेहतर इकोनॉमी की ओर इंगित करती है। उन्होंने कहा कि कृषि, उत्पाद, आईटी के अतिरिक्त सेवा क्षेत्र में बड़ी प्रगति हुई है। कोरोना काल में सेवा का क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ, खुशी की बात है कि भाजपा की केंद्र में मोदी सरकार की अच्छी नीतियों की वजह से सेवा के क्षेत्र ने भी गति पकड़ ली है। श्री धनखड़ ने चार्टेड एकाउंटेंट को आहवान करते हुए कहा कि भारत की प्रगति में आपका अग्रणी योगदान रहा है और रहेगा। इसलिए आपने जिस ईमानदारी से देश की प्रगति में योगदान दिया है , भविष्य में भी देश इसी तरह आपसे उम्मीद करता है कि आप पूरी ईमानदारी से देश के आर्थिक विकास में अपनी निर्णायक भूमिका निभाएं और मोदी जी के संकल्प और हर भारतवासी के सपनों को साकार करते हुए भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएं।

# भटक रहे मानसिक रोगी को उसके घर वालों से मिलवाया

मानवता

▶▶समाजसेवी सन्नी मलिक ने अनजान लोगों को उनके घरवालों से मिलाकर सच्ची मानवता का परिचय दिया है




**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
बेसहारा लोगों की मदद को हमेशा तत्पर रहने वाले समाजसेवी सन्नी मलिक ने अनजान लोगों को उनके घरवालों से मिलाकर आज के समय में सच्ची मानवता का परिचय दिया है। सन्नी मलिक ने बताया कि डॉ. जगदीश मलिक ने उन्हें फोन करके बताया कि एक अनजान आदमी बेसुध हालात में सडक पर घूम रहा है और बेचैनी की हालत में है। उसी समय सन्नी मलिक ने उस अनजान आदमी की मदद के लिए जनसेवा संस्थान के स्वामी परमानंद जी से सम्पर्क करके उसे उनके आश्रम में भिजवाया और साथ ही उन्होंने पुलिस से सम्पर्क किया तथा गुमशुदा लोगों की लिस्ट में उसकी फोटो व नाम मिलान करके उस अनजान आदमी जिसका नाम दिनेश यादव है और माडल टाऊन रोहतक के रहने वाले है उसके परिवार से मिलवाया। साथ ही उन्होंने पुत्र शिव चरण जोकि मस्तनाथ नगर रोहतक के रहने वाले है उन्हें भी उनके परिवार से मिलवाया। सन्नी मलिक ने पहले भी बहुत से बेसहारा लोगों को उनके परिवार से मिलवाया है। एक फोन कॉल पर वे तुरंत किसी भी मजबूर व बेसहारा लोगों की मदद के लिए फौरन दौड़ पड़ते है क्योंकि उनके अनुसार समय पर दी गई मदद से बढकर कुछ नहीं होता। वे केवल रोहतक में ही नहीं बल्कि पूरे भारत में लोगों की मदद करते रहते है। समाजसेवी सन्नी मलिक ने कहा कि हम सब का समाज के प्रति दायित्व है कि बेसहारा मनुष्य व पशुपक्षी की सेवा की जाए। जिस समाज से हमें सबकुछ मिलता है उसको स्वच्छ रखा जाए तथा कुरीतियों को दूर करना हमारा कत्र्तव्य है क्योंकि मनुष्य से समाज और समाज से देश का निर्माण होता है। समाज सुखी रहेगा तभी हम सुखी रहेंगे इसलिए हमें समाज सेवा अवश्य करनी चाहिए।

# पांच साल बाद जनता के पास बीजेपी का घमंड तोड़ने का मौका आया: ढांडा

जनसभा

▶▶*आम आदमी पार्टी और इंडिया गठबंधन के प्रति तेजी से बढ़ रहा लोगों का रुझान : अनुराग ढांडा*



**टीम एक्शन इंडिया/कलायत/कैथल**
आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में कलायत विधानसभा के गांव फरियाबाद में जनसभा की। इस मौके पर सरपंच पालाराम, पूर्व सरपंच रमेश, दिलबाग, राजीव ढुल, खजान सिंह ,मेवाराम, सुंदर, शमशेर, रामकुमार वाल्मीकि, सोनू और पूर्व सरपंच राधा मौजूद रहे।
उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी और इंडिया गठबंधन के प्रति लोगों का रुझान बहुत तेजी से बढ़ रहा है। हर गांव के लोग कह रहे हैं कि इस बार बीजेपी का घमंड तोड़ेंगे। पांच साल में एक बार ऐसा समय आता है जब नेता आपके पीछे घूमते हैं नहीं तो पूरे पांच साल जनता नेताओं के पीछे घूमती है। किसान को एमएसपी चाहिए, युवाओं को रोजगार चाहिए और यदि हमारा कोई बच्चा विदेश में फंस गया तो उसको निकालने के लिए सरकार के नेताओं के पास जाना पड़ता है। इसके अलावा महिलाओं के मान सम्मान की रक्षा नहीं हो पा रही तो नेताओं के पास जाना पड़ता है। जब सरपंचों को भी अपने अधिकार के लिए चंडीगढ़ नेताओं के दरवाजे तक जाना पड़ा था। पांच साल में केवल एक मौका ऐसा आता है जब ये नेता मतदाता के पास आते हैं। इसलिए अब नेता आपके पास आएंगे और हाथ जोड़कर कहेंगे कि वोट हमें देना। लेकिन अब आपके पास मौका है कि जितनी बार आपको उन नेताओं के पास जाना पड़ा और जैसा व्यवहार आपके साथ किया अब उसका हिसाब एक ही झटके में कर लेना।
उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संविधान में सबको एक समान वोट का अधिकार है। 5 साल बाद बड़े से बड़े नेताओं को भी आपके पास झोली फैला कर आना पड़ता है। इसलिए जिसने आपके साथ जैसा व्यवहार किया हो आपके ऊपर लाठियां बरसाई हों या परेशान किया हो, अब उसके साथ वैसा की व्यवहार करना चाहिए। आज हमारे गांव और घर पर आ रहे है इनका भी वही अपमान होना चाहिए जो इन्होंने हमारे साथ किया। संविधान ने हमें देश में कहीं भी और किसी भी कोने में आने जाने अधिकार दिया है। लेकिन जब हरियाणा पंजाब के किसान और मजदूर दिल्ली जाना चाहते थे तो इस सरकार ने उनके रास्तों में कीलें ठोक दी। इन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर के संविधान का अपमान किया है।

# सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से चल रहा है वार्षिक परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं का अंकन कार्य प्रदेशभर में स्थापित 71 अकंन केन्द्रों पर सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से चल रहा है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ० वी.पी. यादव स्वयं व उनके उड ?दस्ते लगातार अंकन केन्द्रों निरीक्षण कर रहे हैं। बोर्ड मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल रूम से बोर्ड के अधिकारी भी मूल्यांकन केन्द्रों पर पैनी निगाहें बनाए हुए हैं।
बोर्ड अध्यक्ष डॉ० वी.पी. यादव ने आज जिला फरीदाबाद व जिला गुरूग्राम के पटौदी के अंकन केन्द्रों



का औचक निरीक्षण किया, जहां अंकन कार्य से निर्बाध व सुचारू रूप से चल रहा था। उन्होंने अंकन कार्य से संबंधित सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, किसी भी केन्द्र पर किसी भी प्रकार की खामी नहीं पाई गई। बोर्ड अध्यक्ष ने जिला फरीदाबाद के डबुआ कालोनी स्थित एक निजी विद्यालय के अंकन केन्द्र पर निरीक्षण के दौरान कुछ बिस्कुट ओर टॉफी के रैपर्स देखे, तो उन्होंन बच्चों, शिक्षकों और समाज के समक्ष उदाहरण प्रस्तुत कर स्वयं कचरा उठाकर सफाई का भी संदेश दिया।
बोर्ड अध्यक्ष ने सभी परीक्षकों को अंकन संबंधी कार्य के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश। उन्होंने बताया कि बोर्ड मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल रूम से भी बोर्ड के अधिकारियों द्वारा अंकन केन्द्रों की निरंतर निगरानी की जा रही है ।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



फास्ट न्यूज

## पेपर लीक कराकर भाजपा ने किया धोखा: डिंपल यादव

**मैनपुरी: आज देश** के जो हालात हैं हम सभी जानते हैं चाहे हमारा युवा वर्ग हो, महिलाएं हो, किसान हो सभी लोग अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। यहां युवाओं के पास कोई रोजगार और नौकरी नहीं है। नौकरियों का हाल ऐसा है कि परीक्षाओं का पेपर लीक कराकर बार-बार उप्र में भर्ती को निरस्त कर नौजवनों के साथ धोखा किया जा रहा है। यह बातें समाजवादी पार्टी की मैनपुरी लोकसभा सीट से प्रत्याशी डिंपल यादव ने कही। वे कुरावली में एक जनसभा को शनिवार सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है आने वाला चुनाव बदलाव का चुनाव है। बदलाव के साथ-साथ परिवर्तन का चुनाव है और देश का भविष्य और युवाओं का भविष्य इसी पर निर्भर है। देश का भविष्य और युवाओं का भविष्य यह चुनाव करने वाला है कि इसलिए समाजवादियों का समर्थन करें और मैनपुरी समेत पूरे प्रदेश के पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करें।

## 'कला-संस्कृति की विरासत को संरक्षित करना जरूरी'

**देहरादून: राज्यपाल** ने कहा कि भारतीय कला और संस्कृति की विरासत को संरक्षित करना बहुत जरूरी है, क्योंकि हमारी यह विरासत ही देश की पहचान और गौरव को बनाए रखती है। कला के जरिए लोग अपने पूर्वजों से जुड़ाव महसूस करते हैं और उनकी कलात्मक उपलब्धियों से प्रेरित भी होते हैं। राजभवन ऑडिटोरियम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने स्पिक मैके की ओर से आयोजित मोहिनीअट्टम कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में केरल की प्रसिद्ध मोहिनीअट्टम नृत्यांगना डॉ. नीना प्रसाद एवं उनके संगीतकार साथियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय धरोहर में, संगीत, नृत्य, नाट्य, वास्तु, स्थापत्य और हर एक शास्त्रीय कला में एक समृद्ध विरासत देखने को मिलती है और ये हमारे पूर्वजों की सोच को बताते हैं, उनके महान विचारों का ज्ञान कराते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय शास्त्रीय धरोहरों में ऐसी अनगिनत कलाएं हैं जिनमें रहस्य, रोमांच, दिव्य आनंद और जीवन की गहन विद्याएं छिपी हुई हैं।

# जिन्हें जेहाद से प्यार, वे पाक चले जाएं: योगी

## मुख्यमंत्री योगी ने पाकिस्तान से कांग्रेस के समर्थन में उठी आवाज पर कांग्रेस पर किया प्रहार

**चेतावनी दी**

**▸▸ जेहाद से प्यार है तो भूखे मरने वाले भिखमंगे पाकिस्तान के पास जाइए, जो दो जून रोटी के लिए तरस रहा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरुर्खाबाद:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जेहाद की बात करने वालों को शर्म आनी चाहिए। इनके आकाओं ने पहले देश का बंटवारा किया था और आज यह लोग जेहाद की बात कर लोकतंत्र को कलंकित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि जेहाद से प्यार है तो भूखे मरने वाले भिखमंगे पाकिस्तान के पास जाइए, जो दो जून रोटी के लिए तरस रहा है। सपा, कांग्रेस व बसपा पर हमलावर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने गरीबों के हकों पर डकैती डाली और दिव्यांगों को भी नहीं छेड़ा। ऐसे लोगों को जेहाद की बात याद आने लगी है। वे जान लें कि भारत की




धरती राम-कृष्ण की है, जेहाद की नहीं। मुख्यमंत्री फरुर्खाबाद से सांसद व भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के लिए शनिवार को जनसभा कर वोट मांगा। योगी के आह्वान पर फरुर्खाबाद वालों ने फिर से कमल खिलाने का आश्वासन दिया।

**भारत की प्रगति न चाहने वाले हर योजना में भ्रष्टाचार करते थे:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने 2014 के पहले औ? बाद का भारत देखा है। 2014 के पहले का भारत दुनिया में विश्वास खो चुका था। आतंकवाद व नक्सलवाद से त्रस्त था। गरीबों को शासन की योजनाएं नहीं मिल पाती थीं। यह अराजकता वे लोग करते थे, जिन्हें भारत के लोकतंत्र पर विश्वास नहीं था और जिन्हें विश्वास था वे एक भारत, श्रेष्ठ भारत के साथ जुड़कर देश को मजबूत बनाने के लिए आगे बढ़ते थे। जिन्हें भारत की प्रगति अच्छी नहीं लगती थी, वे हर योजना में भ्रष्टाचार करते थे।

**अब सीमा पार से आतंकवादियों के आका भी सफाई देते हैं:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 के बाद भारत का नया रूप दिख रहा है। पहले कहीं विस्फोट और आतंकवादियों को देखकर सरकारें कहती थीं कि यह सीमा पार से है, लेकिन आज जोर से पटाखा फटने पर सीमा पार से उनका आका भी सफाई देने को मजबूर होता है। हर किसी को पता है कि नया भारत छेड़ता नहीं, लेकिन छेड़ने वाले को छोड़ता नहीं है।

**मुख्यमंत्री ने फरुर्खाबाद वालों से की विकास की चर्चा**

मुख्यमंत्री ने भारत व उप्र के विकास की चर्चा की। बोले कि 2022 में यहां आकर कहा था कि गंगा मैया पर बनने वाला पुल जल्द शुरू होगा। अब कार्य प्रारंभ हो चुका है।

पहले नारा लगता था कि फरुर्खाबादी चूसे गन्ना, लेकिन अब फरुर्खाबाद को एक्सप्रेसवे से जोड़ने की कार्रवाई आगे बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि 2022 में भी यहीं आया था और कहा था कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर भी बनेगा और माफिया का रामनाम सत्य भी होगा। राम हुए ही नहीं, सपा वाले कहते थे कि अयोध्या में परिंदा पर नहीं मार सकता, लेकिन आज वहां लाखों लोग दर्शन कर रहे हैं। यूपी में कर्फ्यू और दंगा मुक्त वातावरण है।

### वोट में जेहाद नहीं होता: सीएम योगी

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सपा-कांग्रेस के लोग धार्मिक आधार पर बंटवारा करने का प्रयास कर रहे हैं। यह भारत के इस्लामीकरण की साजिश है और इसी के तहत वोट जेहाद की बात करते हैं। वोट में जेहाद नहीं होता, हमें दुनिया के सबसे मजबूत लोकतंत्र के लिए वोट करना होता है, जिससे हमारा अधिकार सुरक्षित रहे। अपने अधिकार का सदुपयोग करते हुए विकास, सम्मान, लोक आस्था और भावी पीढ़ी के विकास के लिए जो कार्य कर सके। वोट उसे ही दें। विकास और सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है। उन्होंने विकसित भारत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरा कार्यकाल देने की अपील की। मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, सुशील शाक्य, सत्यपाल सिंह, डॉ. सुरभि, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# ना अखिलेश जीतेंगे और ना राहुल: केशव प्रसाद



**टीम एक्शन इंडिया**

**बदायूं:** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आंवला लोकसभा के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में शनिवार को जनसभा में शामिल हुए। उन्होंने दातागंज विधानसभा के कटरा सहादतगंज और शेखूपुर विधानसभा के कादरचौक में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंच से समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कन्नौज में ना तो अखिलेश यादव चुनाव जीतेंगे और ना ही रायबरेली में उनके दोस्त राहुल गांधी। उन्होंने कहा 2024 के लोकसभा चुनाव में मैनपुरी से डिंपल यादव और बदायूं से अखिलेश के चचेरे भाई आदित्य भी चुनाव जीतने वाले नहीं है। सभी लोकसभा क्षेत्र में बीजेपी का डंका बज रहा है। समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2017 से पहले सपा की सरकार थी और अखिलेश यादव यहां से मुख्यमंत्री थे।

**दावा**

**▸▸ मैनपुरी से डिंपल यादव और बदायूं से अखिलेश के चचेरे भाई आदित्य भी चुनाव जीतने वाले नहीं हैं: मौर्य**

# 'सरकार बनी तो किसानों का कर्ज होगा माफ'

**टीम एक्शन इंडिया**

**बदायूं: समाजवादी** पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शनिवार को बदायूं लोकसभा से सपा प्रत्याशी आदित्य यादव के लिए वोट की अपील करने बदायूं पहुंचे। सहसवान विधानसभा के नाधा बाजार में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। सपा अध्यक्ष ने किया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसनों की आय दोगुनी



करने की बात कही थी, लेकिन किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। किसान लागत लगाने और मेहनत करने के बाद भी खुशहाल नहीं हो पा रहा है।

भाजपा सरकार ने आय दोगुनी करने के बजाय किसानों पर तीन काले कानून ठोकने चाहे जो किसानों के आंदोलन के वजह से वापस लेने पड़े। किसनों की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। सरकार ने किसानों का कर्ज भी माफ नहीं किया है।

**ऐलान**

**▸▸ मंच से किसानों की आय दोगुनी करने, एमएसपी लागू करने और कर्ज माफ करने का एलान**

### भ्रष्टाचार: 'श्रम विभाग का कार्मिक होगा बर्खास्त'


**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उप श्रम आयुक्त, कनिष्ठ सहायक देशराजसिंह गुर्जर को भ्रष्टाचार के मामले में न्यायालय द्वारा दोषसिद्धि पश्चात कारावास व अर्थ दंड से दंडित किए जाने के फलस्वरूप सेवा से बर्खास्त किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

# बड़ी चुनौती के रूप में उभरी है वनाग्नि: सीएम पुष्कर सिंह धामी

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन से प्रदेश में वनाग्नि, पेयजल समस्या, आगामी चारधाम यात्रा, विद्युत आपूर्ति आदि महत्वपूर्ण विषयों पर राज्य शासन के आलाधिकारियों और सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग से बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेश में वनाग्नि को लेकर कहा कि हमारे सामने वनाग्नि बड़ी चुनौती के रूप में उभरी है। उन्होंने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को निर्देशित किया कि इस मामले में ऊपर से नीचे तक अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। मुख्यालय स्तर पर तैनात सभी अधिकारियों को प्रभागों की जिम्मेदारी बांटी जाए और इन सभी से नियमित रिपोर्ट ली जाए। वनाग्नि रोकने में जिलाधिकारी भी वन विभाग का पूर्ण सहयोग करें।



**दिशा-निर्देश**

**▸▸ वनाग्नि, चारधाम यात्रा, पेयजल व विद्युत आपूर्ति को लेकर चर्चा, सुविधाओं पर सीएमन` दिया जोर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो फायर वॉचर्स फील्ड में कार्यरत हैं, उनकी भी सुरक्षा के उपाय किए जाएं। इसके लिए उनके के लिए बीमा आदि विकल्पों पर विचार किया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि डीएफओ और उनसे उच्च स्तर के अधिकारी मौके पर जरूर जाएं। कार्यालय में बैठकर आग पर काबू नहीं पाया जा सकता। इसके लिए जो भी कड़ी कार्रवाई की जानी है, वह की जाए। जिलाधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे परिस्थितियों के हिसाब से निर्णय लें। मुख्य सचिव रतूड़ी ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि वनाग्नि के मामले में एक सप्ताह में सकारात्मक परिणाम नजर आएंगे। नवनियुक्त हॉफ ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अब तक वनाग्नि के प्रकरणों में कुल 350 केस दर्ज किए जा चुके हैं।

# भाजपा इस बार केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस आने वाली नहीं: मायावती

**टीम एक्शन इंडिया**

**आगरा:** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को कोठी मीना बाजार मैदान में एक चुनावी जनसभा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस आने वाली नहीं है। मायावती ने भाजपा और सपा गठबंधन पर जमकर हमला बोला। मायावती ने कहा कि बगैर किसी दल से गठबंधन किए ईमानदार कार्यकर्ताओं और जनता के विश्वास पर बसपा अकेले दम पर चुनाव लड़ रही है। इस भीड़ को देखकर मुझे इतना भरोसा हो गया है कि पहले की तरह इस बार



भी आप लोग बसपा के पक्ष में वोट करेंगे। मायावती ने आगे कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस ज्यादातर सत्ता में रही, लेकिन उन्होंने देश का भला नहीं किया। सपा टिकट बांटने में पक्षपात करती रही है। अगर भाजपा की बात करें तो अच्छे दिन होने का उसने जो वादा किया, वह अब दिखता नहीं। इलेक्टोरल बॉन्ड से पता चल गया है कि धन्नासेठों के आर्थिक सहयोग से ही संगठन चलता है। भाजपा की सरकार में महंगाई चरम पर है और किसान, बेरोजगार परेशान है। बड़े पूंजीपतियों को माला माल बनाया गया। आरक्षण को खत्म किया जा रहा है।

**हमला बोला**

**▸▸ ईमानदार कार्यकर्ताओं और जनता के विश्वास पर बसपा अकेले दम पर चुनाव लड़ रही हैं**

# चारधाम यात्री अब आठ मई से ऑफलाइन पंजीकरण भी करवा सकेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** पर्यटन विभाग उत्तराखंड ने आगामी चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन पंजीकरण सुविधा प्रारम्भ करने का निर्णय किया है। श्रद्धालुओं के लिए यह सुविधा आठ मई से ऋषिकेश और हरिद्वार में शुरू हो जाएगी। श्रद्धालु हरिद्वार में राही मोटल और ऋषिकेश में यात्रा पंजीकरण कार्यालय एवं ट्रांजिट कैम्प पर पंजीकरण करवा सकते हैं। प्रत्येक धाम के लिए प्रतिदिन ऑफलाइन पंजीकरण की



सीमा ऋषिकेश में 1,000 और हरिद्वार में 500 निर्धारित की गई है। पर्यटन विभाग ने तीर्थ यात्रा को सुगम बनाए जाने के लिए उत्तराखंड चारधाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत के पुरोहितों के साथ बैठक की है। विभाग के साथ समन्वय के लिए महापंचायत की ओर से चारों धामों के तीर्थ पुरोहितों के नामांकन किए गए हैं।

**दर्शन करें**

**▸▸ श्रद्धालु हरिद्वार में ऋषिकेश में यात्रा पंजीकरण कार्यालय एवं ट्रांजिट कैम्प पर पंजीकरण करवा सकते हैं**

## पीएम पर राहुल की टिप्पणी से रायबरेली में आक्रोश

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायबरेली:** राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री पर की गई अभद्र टिप्पणी पर उनके निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली में खासा आक्रोश है। लोग इस तरह की टिप्पणियों की न केवल निंदा कर रहे हैं बल्कि चुनाव आयोग से संज्ञान लेने की मांग कर रहे हैं।उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने द्वारका में समुद्र के अंदर जाने और दर्शन करने को ड्रामा बताया था। डलमऊ बड़ा मठ के महंत महामंडलेश्वर स्वामी देवेन्द्रानंद गिरी ने कहा कि यह बिल्कुल ही अनुचित,अशोभनीय बयान है।

**आदेश** कार्यकर्ता अपने अपने नेताओं को जीताने के लिए संयुक्त रुप से चुनावी परीक्षा देने को तैयार

# कन्नौज, रायबरेली सीटों पर परीक्षा देने को तैयार गठबंधन

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: उत्तर प्रदेश** में कन्नौज लोकसभा सीट से अखिलेश यादव और रायबरेली लोकसभा सीट से राहुल गांधी के चुनाव मैदान में आने के बाद दोनों लोकसभा सीटें राजनीतिक गलियारें में चर्चा का विषय है। आईएनडीआईए गठबंधन की दो पार्टियों कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अपने अपने नेताओं को जीताने के लिए संयुक्त रुप से चुनावी परीक्षा देने को तैयार हैं।

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के प्रभारी बनाकर भेजे गये कांग्रेस महासचिव अविनाश पाण्डेय और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय



महासचिव रामगोपाल यादव अपनी पार्टियों के कार्यकताओं को लगातार निर्देशित कर रहे है कि गठबंधन धर्म निभाते हुए संयुक्त रुप से कार्य करें। जिससे बूथ पर मजबूती से गठबंधन दिखायी पड़े तो वहीं बड़ी संख्या में मतदाताओं को मतदान के लिए निकाला जा सके।

कांग्रेस महासचिव अविनाश पाण्डेय चरणबद्ध बनी सूची में कांग्रेस के प्रत्याशियों के अलावा समाजवादी पार्टी के महत्वपूर्ण सीटों पर भी ध्यान केन्द्रीत किये हुए है। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकताओं से वार्ता कर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता संग कदम मिलाकर बढ़ने को कह रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में मतदान के लिए मतदाताओं को निकालने से पहले तैयारी करने को निर्देशित कर रहे हैं।

**कन्नौज में जनसभा कर सकते हैं राहुल गांधी:** चौथे चरण की लोकसभा सीट कन्नौज से समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव उम्मीदवार है। राहुल गांधी अपने प्रचार के अंतिम दौर में गठबंधन धर्म निभाते हुए कन्नौज में अखिलेश यादव के लिए प्रचार कर सकते हैं। इस जनसभा की तैयारी को लेकर सपा और कांग्रेस के बड़े नेताओं की ओर से तैयारी शुरू कर दी गयी है।

